


देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



महिला आरक्षण बिल एक जुमला है... 12

विसर्जन यात्रा में गणपति बप्पा मोरया के गगन... 10





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 14 | अंक: 344 | मूल्य: ₹3.00/- | पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 29 सितंबर, 2023


हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स के सुदृढ़ीकरण के जरिए जनता तक उत्तम स्वास्थ्य निदान पहुंचाने की दिशा में सार्थक प्रयास

# यूपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का होगा कायाकल्प

**योगी आदित्यनाथ का बड़ा एलान, 12 जिलों में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को अपडेट करेगी सरकार**

- 12 जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार, वित्तीय स्वीकृति दी
- यूपी के 12 जिलों के कुल 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का होगा अपडेशन
- केंद्रों के संचालन के लिए सरकार की ओर से 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि हुई जारी






**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के कुल 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा। जिन जिलों में 1-1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है उनमें श्रावस्ती, बलिया, बलरामपुर, उन्नाव, कौशाम्बी, मुजफ्फरनगर, चित्रकूट, महोबा, लखनऊ, बदायूं व सुल्तानपुर शामिल हैं। वहीं, हापुड़ जिले में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन सभी 13 सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों के कायाकल्प के लिए योगी सरकार 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करने जा रही है जिसे शासन से वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है।

### प्रदेश के कई स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों में जारी है अपग्रेडेशन का कार्य

प्रदेश के कई स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों के मॉडर्नाइजेशन का प्रयास योगी सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में, लखनऊ स्थित वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में 2 बेबी ट्रांसपोर्टेशन इनक्यूबेटर की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 4 लाख रुपए, 3 एक्टोक्लेव मशीन की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 60 हजार व एमएनसीयू में 6 वॉर्मर मशीनों की खरीद व इंस्टॉलेशन के लिए 9.40 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह, बाराबंकी के सिरौली गौसपुर चिकित्सालय में एक्स-रे मशीन प्रिंटर उपलब्ध कराने व कन्नौज के पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट में जारी निर्माण कार्य के लिए 8 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, गाजियाबाद के लोनी नगर पालिका परिषद में निर्माणाधीन 50 बेड्स की क्षमता वाले अस्पताल के लिए प्रथम किस्त के तौर पर 3.08 करोड़ रुपए की धनराशि भी वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दी गई है।

कायाकल्प के लिए योगी सरकार **8.58** करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करने जा रही है

**इनका होगा कायाकल्प**

- श्रावस्ती
- बलिया
- बलरामपुर
- उन्नाव
- कौशाम्बी
- मुजफ्फरनगर
- हापुड़
- चित्रकूट
- महोबा
- लखनऊ
- बदायूं
- सुल्तानपुर

### अपग्रेडेशन से बढ़ेगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की क्षमता

- प्रदेश के जिन 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जा रहा है उनमें हापुड़ के बहादुरगढ़ व गोहरा आलमगीर का नाम प्रमुख है।
- वहीं, श्रावस्ती के लक्ष्मणपुर बाजार, बलिया के सहतवार, उन्नाव के ऊंचगांव, कौशाम्बी के करारी, मुजफ्फरनगर के सिसौली, चित्रकूट के रैपुरा, महोबा के श्री नगर, लखनऊ के बेहटा, बदायूं के इस्लामनगर व सुल्तानपुर के डिहदुग्धुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम भी उन सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों में शामिल है जिन्हें अपग्रेड करने की प्रक्रिया जारी है।
- निश्चित तौर पर इस धनराशि आवंटन की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद इन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के विकास में तेजी आएगी और यहां इंस्टॉल किए जाने वाले मेडिकल इक्विप्मेंट्स की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।
- प्रक्रिया में क्रय होने वाले सभी इक्विप्मेंट्स की गुणवत्ता, क्रय प्रक्रिया का निर्धारण व अनुपालन क्रयाधिकारी के निरीक्षण में किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को प्रदेश शासन के नियम व शर्तों के आधीन पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवंटित धन का उपयोग केवल उसी मद में हो जिस मद में उपयोग किया जाना निर्धारित किया गया था।

# तीसरी बार नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री इसके लिए समाजवादी पार्टी ने कसी कमर!

**पिता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के नक्शे कदम पर चल रहे हैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव**

- 2002 में मुलायम सिंह यादव ने गुजरात में सपा के प्रत्याशी उतारकर कांग्रेस का किया था नुकसान
- तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे, अखिलेश अब राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में भी प्रत्याशी उतारने का कर चुके हैं एलान
- इन राज्यों में भी कांग्रेस के कटेंगे वोट, भाजपा को सीधा मुनाफा होगा



**जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** यह कोई राजनीतिक शिगूफा नहीं है। यह पर्दे के पीछे राजनीति की बिसात पर भाजपा और सपा की बड़ी डील है। सार्वजनिक मंच पर भाजपा को पानी पी-पी कर कोसने वाले अखिलेश यादव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरा समर्थन दे रहे हैं। अपनी पार्टी का दायरा बढ़ाने के नाम पर 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान वो कई राज्यों में कांग्रेस के वोट काटेंगे, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। दरअसल, यह पेंतरा स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का है। अखिलेश यादव भी अब इसको अपनाने जा रहे हैं। राजनीति से संन्यास ले चुके कुछ पुराने नेताओं का कहना है कि मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए अरसे से केंद्र में भाजपा की मदद करते आ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा का साथ दिया है। अब अखिलेश यादव ने भी 2024 लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में पार्टी के प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है। इन राज्यों में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और कांग्रेस का वोट बैंक लगभग एक सा है। जाहिर है, सपा के प्रत्याशी इन राज्यों में कांग्रेस प्रत्याशी को कमजोर करेंगे। इसके बल पर भाजपा एक बार फिर बहुमत दिलाने में कामयाब रहेगी और नरेंद्र मोदी की ताजपोशी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में हो सकेगी। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगी दल सपा, आरएलडी और कांग्रेस हैं। आरएलडी यूपी में एक दर्जन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है तो कांग्रेस ने भी दो दर्जन सीटों को चिन्हित कर रखा है। विपक्षी गठबंधन में दलित नेता चंद्रशेखर आजाद और कृष्णा पटेल की अपना दल भी शामिल हैं, जिन्हें भी कुछ सीटें चाहिए। सूबे में कुल 80 लोकसभा सीटें हैं। आरएलडी और कांग्रेस की डिमांड के चलते उसके पास 50 से भी कम सीटें बच रही हैं। जब समाजवादी पार्टी 50 से कम सीटों पर ही चुनाव लड़ेगी तो केंद्र की राजनीति में उसकी धमक बहुत सीमित रह जाएगी। इसके बाद वो इंडिया के समर्थक दलों को सीट साझा कर केंद्र की मोदी सरकार से समय-समय पर उपहार लेने के फार्मूले पर चल पड़ी है।

### वोट बैंक खोने के रिस्क पर भी भाजपा के 'उपहार' पसंद

मुस्लिम वोटर्स किसी समय कांग्रेस के साथ हुआ करते थे, जो 90 के दशक में उससे छिटककर सपा के साथ जुड़ गया। ऐसे में अगर मुस्लिम वोटबैंक कांग्रेस और आरएलडी के साथ चला गया तो फिर उसे दोबारा से जोड़ पाना आसान नहीं होगा। इसके बाद भी भाजपा को रोकने कि बात कर अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रिस्क लेने से नहीं चूक रहे। जानकारों का मानना है कि दरअसल, अखिलेश यादव की मजबूरी भी है कि वह भाजपा का साथ दें। नहीं तो स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार पर आय से अधिक संपत्ति मामले समेत कुछ और ऐसे केस हैं जिनमें सीबीआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसी सख्त कार्रवाई कर सकती हैं।

# नगर निगम के कचरे से बनेंगी सड़कें, इस नीति पर केंद्र सरकार कर रही विचार: नितिन गडकरी



- सड़क के किनारे प्लाजा पर स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि उनका मंत्रालय सड़क निर्माण में नगरपालिका कचरे के इस्तेमाल के लिए एक नीति को अंतिम रूप दे रहा है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गडकरी ने आगे कहा कि सरकार फॉसिल फ्यूल (जीवाश्म ईंधन) का इस्तेमाल नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निर्माताओं को प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, हम सड़क निर्माण में नगर निगम के कचरे का उपयोग करने की नीति को अंतिम रूप दे रहे हैं। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने एक मसौदा नीति तैयार की है जो जीवाश्म ईंधन पर लागत और निर्भरता को कम करने के लिए निर्माण उपकरणों में वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि सड़क मंत्रालय मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय से बातचीत कर रहा है। मंत्री ने कहा, ब्याज अनुदान योजना जैसे प्रोत्साहनों पर काम किया जा सकता है ताकि रियायतग्राही या ठेकेदार जीवाश्म ईंधन के बजाय वैकल्पिक ईंधन पर चलने वाले निर्माण उपकरणों में निवेश कर सकें।

### दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक हाईवे

गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं और सरकार दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर काम कर रही है। इलेक्ट्रिक हाईवे वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन को उसी तरह से पूरा करते हैं जैसे रेलवे के लिए किया जाता है। यह स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में प्रचलित टेक्नोलॉजी पर आधारित है। इसमें बिजली केबलों का प्रावधान शामिल है, जिसका इस्तेमाल ऐसे वाहन द्वारा किया जा सकता है जो इस तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर सकते हैं। वाहन अपने ट्रैक्शन के लिए इस केबल से बिजली का इस्तेमाल करेगा। फिलहाल मंत्रालय विभिन्न टेक्नोलॉजी का मूल्यांकन कर रहा है।

### इथेनॉल अर्थव्यवस्था के प्रबल समर्थक

देश में वैकल्पिक जैव ईंधन के बारे में बात करते हुए, गडकरी ने कहा कि वह इथेनॉल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रबल समर्थक रहे हैं और कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा देने के लिए इथेनॉल के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 तक, भारत में इसे 5 प्रतिशत मिश्रण तक बढ़ाने की संभावित योजनाओं के साथ 1 प्रतिशत टिकाऊ विमानन ईंधन का इस्तेमाल करने का आदेश दिया जाएगा। गडकरी ने कहा कि वह आने वाले समय में जेनसेट इंडस्ट्री को सिर्फ इथेनॉल आधारित जनरेटर पर काम करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन भविष्य के लिए ईंधन है और सबसे महत्वपूर्ण तरीका है जिसके जरिए भारत ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन सकता है। गडकरी ने यह भी कहा कि चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े में, 13,000 स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क के किनारे सुविधाओं, ढाबों, टोल प्लाजा पर स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और लगभग 7,000 स्थानों पर काम पूरा हो चुका है।

### मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा: भीड़ ने सीएम बीरेन सिंह के घर पर हमला करने की कोशिश की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में दो युवकों की मौत के बाद छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन ने दो दिनों से राज्य की राजधानी को हिलाकर रखा है। यहां प्रदर्शनकारियों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि उन लोगों ने गुरुवार रात मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक



घर पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि सुरक्षा बलों ने उनकी इस कोशिश को विफल कर दिया। इससे पहले भीड़ ने गुरुवार तड़के इंफाल पश्चिम जिले में उपायुक्त कार्यालय में भी जमकर तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने दो चार पहिया वाहनों को आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गनीमत है कि मुख्यमंत्री वहां नहीं रहते हैं। वह अपने आधिकारिक आवास में रहते हैं। उन्होंने बताया कि इंफाल के हिंगांग इलाके में मुख्यमंत्री के पैतृक घर पर हमला करने का प्रयास किया गया था। सुरक्षा बलों ने भीड़ को घर से लगभग 100 मीटर दूर रोक दिया।

# संविदा पर भर्तियों पर नियंत्रण, काम को ही संविदा पर कराने के निर्देश, प्रशासनिक स्टाफ की होगी समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए स्मार्ट बजट बनाने की तैयारी के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। एक तरफ स्टाफ के बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए कहा गया है तो दूसरी तरफ प्रशासनिक स्टाफ की समीक्षा के निर्देश भी विभागीय प्रमुखों को दिए गए हैं। सभी विभागों से कंजूसी बरतने के लिए कहा गया है। कबाड़ हो रहे उपकरणों के इस्तेमाल के निर्देश दिए गए हैं और नई खरीद पर नियंत्रण के लिए कहा गया है। सभी विभागों से कहा गया है कि शासकीय ढांचे का पुनर्गठन करें। रिपोर्ट बनाए कि लाभार्थी तक पहुंचने वाले डिलीवरी सिस्टम पर कितना खर्च आ रहा है। नई गाड़ियों की खरीद तभी होगी, जब शासन अनुमोदन करेगा। संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति पर भी नियंत्रण किया जाएगा। इसके लिए संविदा कर्मचारियों की भर्ती के बजाय काम को ही संविदा पर कराने के लिए कहा गया है। बजट को नियंत्रित रखने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। एक तरफ विकासपरक और जनता से जुड़ी योजनाओं पर अधिक खर्च किया जा रहा है तो दूसरी तरफ अनुपयोगी खर्चों को नियंत्रित करने की कवायद की जा रही है। इसी क्रम में सभी विभागों के प्रमुखों से अगले साल के बजट में कुछ अहम बिंदुओं पर ध्यान देने के लिए कहा गया है। किसी काम के लिए एकमुश्त बजट के आवंटन में सावधानी बरतने को कहा गया है। अपरिहार्य मामलों में एकमुश्त बजट की जरूरत को तार्किक रूप से लिखित में समझाना होगा। बकाया वसूली को गंभीरता से लेते हुए कहा गया है कि जिन विभागों में वसूली की रकम कम है और विभागीय खर्च ज्यादा हैं उन की न केवल समीक्षा की जाए बल्कि सख्त कार्यवाही भी करें। नई गाड़ियों की खरीद पर अंकुश लगाते हुए निर्देश दिए गए हैं कि बजट में नई गाड़ियों की खरीद को न शामिल करें। तमाम विभाग केन्द्र और राज्य सरकार के अतिरिक्त अन्य योजनाओं से मिलने वाले धन से गाड़ियों को खरीद लेते हैं। इस पर भी रोक लगा दी गई है। नई गाड़ी तभी खरीदी जा सकेगी, जब शासन से अनुमति मिलेगी।

### अनुपयोगी योजनाएं तत्काल प्रभाव से बंद करने के दिए निर्देश

प्रत्येक विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ अनुपयोगी योजनाएं तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए बने डिलीवरी सिस्टम की खास समीक्षा होगी। ये देखा जाएगा कि डिलीवरी सिस्टम पर कितना खर्च हो रहा है और पर्यवेक्षण पर आने वाला खर्च कितना है।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# ट्रेन हादसे का सीसीटीवी आया सामने

**रेलवे कर्मचारी वीडियो कॉल पर था, नशे में थ्रोटल पर रखा बैग, ट्रेन प्लेटफॉर्म तोड़ते हुए ऊपर चढ़ी**

**जन एक्सप्रेस | मथुरा**



मथुरा में मंगलवार देर रात हुए ट्रेन हादसे में इंजन के अंदर का सीसीटीवी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह ट्रेन प्लेटफॉर्म को तोड़ते हुए चढ़ी। ट्रेन को यार्ड में ले जाना था, इससे पहले लोको पायलट सीट से उठ जाता है। फिर लाइटिंग स्टाफ का एक कर्मचारी वीडियो कॉल पर बात करते हुए ईएमयू के इंजन में दाखिल होता है। उसके पीठ पर बैग था। वह किसी से वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। बात करते-करते बैग को इंजन में थ्रोटल पर रख देता है। बस... यहीं लापरवाही होती है। थ्रोटल पर बैग रखते ही ट्रेन चलने लगती है। प्लेटफॉर्म नंबर-2 को तोड़ते हुए 30 मीटर ऊपर चढ़ जाती है। फिर बिजली के पोल से टकराकर रुकती है। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों में भगदड़ मच जाती है। थ्रोटल इंजन में एक्सीलेटर का काम करता है। इसी से रफ्तार को घटाते-बढ़ाते हैं। सिर्फ यही नहीं, ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट में बैग रखने वाले लाइटिंग स्टाफ सचिन के हल्के नशे में होने की पुष्टि हुई है। उसके खून की जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि नशा किस स्तर और कितना था।

### लोको पायलट समेत 5 को किया गया सस्पेंड

आगरा मंडल प्रबंधक तेजप्रकाश अग्रवाल का कहना है कि ट्रेन आने के बाद इंजन के केबिन की चाबी वहां पहले से मौजूद सहायक स्टाफ को देनी होती है। मंगलवार रात ट्रेन आने पर चाबी सचिन को दी गई थी। फिलहाल, रेलवे की 28 पेज की मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर लोको पायलट सहित 5 रेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित किए गए रेल कर्मियों में लोको पायलट गोविंद हरी शर्मा, हेल्पर इलेक्ट्रिक सचिन, टेक्नीशियन कुलजीत, बृजेश और हरवन कुमार हैं। दिल्ली शकूर बस्ती स्टेशन से उत्तर रेलवे की ईएमयू ट्रेन रोज मथुरा के लिए चलती है। रेलवे के अधिकारियों को दी गई प्राथमिक रिपोर्ट में घटना के बारे में जानकारी दी गई है। इसमें लिखा है कि गाड़ी संख्या 04446 का मथुरा स्टेशन पर रात 10:49 बजे पहुंची। लोको पायलट के उतरने के बाद चाबी लाइटिंग स्टाफ सचिन अंदर गया। इसी समय लगभग 1 मिनट के अंदर ही गाड़ी डेड एंड को तोड़ते हुए प्लेटफॉर्म नंबर-2 के ऊपर चढ़ गई। जो कि ओएचई खंभा संख्या 1002 को हिट और डैमेज करके उसी के ऊपर रुक गई। इसके कारण मथुरा यार्ड की मेन लाइन के किलोमीटर 1797/ 35 ओएचई ब्रेक डाउन की घटना हुई।

### लोको पायलट गाड़ी को ऑपरेट मोड पर छोड़ गए

वहीं, लाइटिंग स्टाफ सचिन द्वारा दी गई एप्लीकेशन में लोको पायलट पर आरोप लगाए गए हैं। सचिन का आरोप है कि गाड़ी बिना ऑपरेट किए ही चल दी थी। ऐसे में मैं घबरा गया। बीआईबीएस बंद कर इमरजेंसी ब्रेक लगाई। सचिन ने लोको पायलट पर आरोप लगाया कि डीटीसी को बिना बंद किए ही वह उतरकर चले गए थे।

### रेलवे को एक करोड़ के नुकसान का अनुमान

हादसे में रेलवे को एक करोड़ से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान है। हादसे के कारण जहां प्लेटफॉर्म का करीब 50 मीटर लंबा हिस्सा डैमेज हुआ। वहीं, ओवर हेड वायर, पोल भी क्षतिग्रस्त हुए। लेकिन रेलवे को जो बड़ा नुकसान हुआ, वह हुआ ईएमयू ट्रेन के इंजन में। हालांकि, इंजन में कितना नुकसान हुआ है, यह रेलवे का कोई अधिकारी बताने को तैयार नहीं है।

### मोबाइल पर थी नजर, लापरवाही में हादसा हुआ

जांच रिपोर्ट के दूसरे पेज पर लिखा है कि सीसीटीवी की वीडियो क्लिप के अनुसार... ट्रेन आने के बाद कार्यरत चाबी लाइटिंग स्टाफ सचिन लगातार मोबाइल देख रहा है। मोबाइल देखते यानी वीडियो कॉल पर ही इंजन में अंदर प्रवेश करता है। लापरवाही से अपने बैग को केबिन के आगे रखकर फिर से मोबाइल में व्यस्त हो गया। इसी बीच अपना बैग अंदर रखता है। गाड़ी का एम्पटी रैक बैग के दबाव से मूव कर गया।

**26 अक्टूबर को निकलेगी यात्रा**

# प्रभु श्रीराम के वन गमन वाले स्थानों के चिन्हीकरण के साथ कराएंगे विकास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्रयागराज विद्वत परिषद के तत्वधान में आगामी 26 अक्टूबर को जहां-जहां चरण पड़े प्रभु श्रीराम की यात्रा संपन्न होगी। यात्रा प्रयागराज के महर्षि भरद्वाज आश्रम से सुबह 7 बजे शुरू होगी। जिसका समापन चित्रकूट के कामतानाथ में होगा। इस यात्रा के व्यवस्था प्रमुख पूर्व आईजी उत्तर प्रदेश लालजी शुक्ला ने कहा कि श्रीराम वन गमन मार्ग पर यात्रा अविस्मरणीय होगी। यात्रा की अगवाई स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती सदस्य राम जन्मभूमि तीर्थ न्यास व अन्य साधु सन्त करेगें। यात्रा मानव जीवन के अंदर आध्यात्मिक ज्ञान व भक्ति से सराबोर होगी। सभी की सहभागिता से क्षेत्र जागृत एवं जागरूकता बढ़ेगी।

जहां-जहां चरण पड़े प्रभु श्रीराम के यात्रा मार्ग का निरीक्षण व दर्शन किया गया। अभियान की शुरुआत काफी पहले हो गई थी। तत्कालीन मंडलायुक्त संजय गोयल की पहल पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने पर्यटन एवं संस्कृति समिति की एक उप समिति गठित की थी। इस समिति के सदस्य वीरेंद्र पाठक को उपसमिति का अध्यक्ष बनाकर प्रयागराज के महत्वपूर्ण स्थान की खोज और डॉक्यूमेंटेशन का कार्य सौंपा गया।

पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की मंशा थी कि प्रयागराज के पुरातत्व और धार्मिक महत्व के स्थान की वर्तमान स्थिति जानी जाए और उसी के अनुरूप आगे विकास कार्य किया जाए। प्रयागराज की विरासत और परंपराओं के संरक्षण संवर्धन में लगे वीरेंद्र पाठक की अगुवाई में यह डॉक्यूमेंटेशन जारी रहा। पौराणिक काल के महत्वपूर्ण स्थान का विगत दिन स्थल निरीक्षण करने के बाद भगवान राम प्रयागराज से चित्रकूट तक जिन मार्गो के जरिए गए थे, उन्हें चिन्हित किया गया। वाल्मीकि द्वारा रचित ग्रन्थों के जरिए इसकी पहचान की गई। भौगोलिक परिवर्तन के साथ नदियों ने अपना स्थान बदला, किंतु अभी भी बहुत सारे स्थान ऐसे मिले जो पौराणिक काल से मेल खाते हैं, उनमें सम्यता है। इन स्थानों को जागृत करने के लिए प्रयागराज विद्वत परिषद की बैठक में चर्चा की गई। स्वामी वासुदेवानंद महाराज सदस्य राम जन्मभूमि तीर्थ न्यास ने, राम वन गमन मार्ग पर चलने की परम्परा को विस्तार देने की इच्छा जताई। प्रयागराज के अन्य प्रमुख संत हरि चैतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी, जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज वैकुंठ धाम ने भी पौराणिक काल से चली आ रही यात्रा के मार्गदर्शन की सहमति जताई। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर में होने वाली यात्रा के लिए सर्वसम्मति से पूर्व आईजी लालजी शुक्ला को व्यवस्था प्रमुख बनाया गया। इनके नेतृत्व में गत दिवस एक दल यात्रा मार्ग और पड़ाव पर जाकर लोगों से मिला। महर्षि भरद्वाज आश्रम से यात्रा की शुरुआत होगी। यमुनापार होते हुए चित्रकूट तक जाएगी। चित्रकूट में ऋषियन होते हुए मऊ से बाल्मीकि आश्रम लालापुर होते हुए कामदगिरि पर पूजन के बाद विश्राम लेगी। मऊ में विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी के आवास पर स्वातगत किया गया। इस मौके पर प्रयागराज विद्वत् परिषद के समन्वयक वीरेन्द्र पाठक, डॉ. प्रमोद शुक्ला, रघुनाथ द्विवेदी, आशुतोष शुक्ला, दिलीप उपाध्याय, इन्द्रेश व अवधेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# वन माफिया काट रहे फलदार हरे पेड़, विभाग सहित प्रशासन मौन



**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

खागा, किशनपुर व खखरेड़ू थाना क्षेत्रो मे वन कटान का काम बेखौफ किया जा रहा है। वही वन विभाग सहित ईलाकाई थाना पुलिस वन कटान से अनजान है। जहॉ खागा कोतवाली क्षेत्र मे 8 हरे पेडो के कटान परमीसन मे 16 पेडो का कटान किया जा रहा है। वही किशनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में वन माफिया वनों को उजाड़ने में लगे हुए हैं। जिनको वन विभाग के साथ-साथ क्षेत्रीय प्रशासन मौन धारण करके कटान मफियाओ का मौन समर्थन कर रही है। छूट के नाम पर प्रतिबंधित पेड़ो की भी कटाई जोरों से चल रही है। किशनंपुर क्षेत्र के सरौली, रारी, गंज, एकडला, पहाडपुर, समेत कई गांवों में धड़ल्ले से हरे पेड़ो की कटान जारी है। ठेकेदारों द्वारा छूट के पेड़ों के नाम पर उनके बीच मे फलदार पेड़ो को भी निशाना बना रहे है। क्षेत्रीय ठेकेदारों के पास न तो कटाई का लाइसेंस है न तो रजिस्ट्रेशन फिर भी बिना किसी भी के जंगल को साफ करने में लगे हुए हैं। एक तरफ सरकार जहां वनों को हरा भरा बनाने के लिए पौधरोपण में करोड़ो रूपये खर्च कर रही है। वहीं उन्ही के नुमाइंदों के संरक्षण में वनों का साफ करने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र के जंगलों को उजाडा जा रहा है। यह अबैध काम चोरी छिपे नही किया जा रहा बल्कि खेत्रीय वन विभाग व थाना पुलिस के संरक्ष मे किया जा रहा है। लहॉ प्रदेश की सरकारे प्रति वर्ष पैधा रोपण का रिकार्ड बनाने के प्रयास मे करोडो का धन भूमि को हरा-भरा करने मे खर्च कर रही है। वही ईलाकाई अधिकारी कर्मचारी जेबे गर्म करने के चक्कर मे भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे है। खुलेआम सडको के किनारे हरे पेडो की लकडियॉ रख्कर लदान का काम किया जा रहा है। वही वन विभाग के अधिकारी बात करने पर रटारटाया जवाब देते है कि हरे पेड़ो को काटने का मामला संज्ञान में नही है। अगर किसी ठेकेदार द्वारा प्रतिबन्धित पेडो को काटा गया तो जींच के बाद दोषी पाये जाने पर सख्त कार्यवाही किया जायेगा।

## गणेश महोत्सव विर्सजन के साथ ही मनाया गया पैगम्बर का जन्म दिन

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



ईद मिलादुन्नबी यानी पैगम्बर-ए-इस्लाम के मुबारक जन्म दिन के अवसर पर आज सम्पूर्ण जनपद के गाव शहर के विशेष इलाको से जुलूसे मोहम्मदी निकाले गये। वही आज गणेश महोत्सव की समाप्त होने के चलते गणेश विर्सजन के जुलूस निकलते रहे। शान्ति और अमन चैन के लिए थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही और दोनो समुदायो के पर्व शान्ति और सौहार्द के साथ मनाये गये।

जहॉ जगह-जगह गणेश महोत्सव समाप्त होने के चलते पूरे जोस-खरोस के साथ गणेश प्रतिमाओ का नगर भ्रमण कराकर गणेश भक्त प्रतिमाओ का विर्सजन किया। वही ईद मिलादुन्नबी का जूलूस नारो और गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। दोनो पर्वो के सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जगह-जगह पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा और शान्ति और सौहार्द की अपील करता रहा। इस अवसर पर काजी शहर कारी फरीद उद्दीन कादरी ने कहा कि पैगम्बर इस्लाम कयामत तक के मनुष्यों के लिए नबी संदेश व मार्ग दर्शक बनाकर भेजे गये हैं। उनकी शिक्षा विश्व शांति का मूल मंत्र है। हम अपने नबी का जन्म दिन मनाकर सम्पूर्ण मानव जाति को विश्व मे भाई चारा व अम्न का पैगाम देते है। पैगम्बरे इस्लाम का जन्म दिन अंधेरे से उजाले, जुल्म से प्रेम, हिंसा से अहिंसा, आतंकवाद पर अमन व चैन, असमाजिकता पर समाजिकता कि विजय का दिन है। क्यों कि इसी दिन पैगम्बरे इस्लाम इस दुनिया में तशरीफ लाये जो सारी कायनात के लिए रहमत है। जिनकी याद उस वक्त तक भुलाई नही जा सकती जब तक कि दुनिया को इन्सानियत मोहब्बत भाईचारा हमदर्दी सच्चाई की जरूरत है।

# महाभोग और प्रसाद वितरण के साथ हुआ जल विहार कार्यक्रम का यादगार समापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भगवान श्री कृष्ण के जलविहार एवं तुलादान के बाद 56 प्रकार के व्यंजनों से महाभोग लगाया गया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें गरीबों को भोजन कराकर, वस्त्र देकर उनका सम्मान किया गया। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि एक बार भगवान श्री कृष्ण ने इंद्रदेव के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था। तब उन्हें लगातार सात दिन भूखा रहना पड़ा था। इसके बाद उन्हें सात दिनों और आठ पहर के हिसाब से 56 व्यंजन खिलाए गए थे। इस घटना के बाद से ही श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाने की परंपरा आरंभ हुई।

इसमें 56 प्रकार के आहार होते हैं, जो भगवान श्री कृष्ण को प्रिय हैं। भक्त (भात), सूप (दाल), प्रलेह (चटनी), सदिका (कढ़ी), दधिशाकजा (दही शाक की कढ़ी), सिखरिणी (सिखरन), अवलेह (शरबत), बालका (बाटी), इक्षु खेरिणी (मुरब्बा), त्रिकोण (शर्करा युक्त), बटक (बड़ा), मधु शीर्षक (मठरी), फेणिका (फेनी), परिष्टाश्च (पूरी), शतपत्र (खजला), सधिद्रक (घेवर), चक्राम (मालपुआ), चिल्डिका (चोला), सुधा कुंडलिका (जलेबी), धृतपूर (मेसू), वायुपूर (रसगुल्ला), चन्द्रकला (पगी हुई), दधि (महारायता), स्थूली (थूली), कर्पूरनाड़ी (लौंगपूरी), खंड मंडल (खुरमा), गोधूम (दलिया), परिखा, सुफलाढया (सौंफ युक्त), दधिरूप (बिलसारू), मोदक (लड्डू), शाक (साग), सौधान (अधानौ अचार), मंडका (मोठ), पायस (खीर), दधि (दही), गोघृत, हैयंगपीनम (मक्खन), मंडूरी (मलाई), कूपिका, पर्पट (पापड़), शक्तिका (सीरा), लसिका (लस्सी), सुवत, संघाय (मोहन), सुफला (सुपारी), सिता (इलायची), फल, तांबूल, मोहन भोग, लवण, कषाय, मधुर, तिक्त, कटु, अम्ल का भोग लगाया जाता है।

पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि भंडारे की परंपरा भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है। समय के साथ अब इसका स्वरुप बदल गया है। प्राचीन काल में यह अन्नदान के रुप में जाना जाता था। अन्नदान का उल्लेख शास्त्रों और पुराणों में कई स्थानों पर किया गया है। उन्होंने कहा कि राजे-महाराजे यज्ञ, हवन और धार्मिक अनुष्ठान करवाते रहते थे। इनमें गरीबों और जरुरतमंदों को भोजन और वस्त्र वितरित करते थे। आज वही परंपरा भंडारे के रुप में विकसित हो गई। उन्होंने बताया कि संसार में सबसे बड़ा दान अन्न दान है। अन्न से ही यह संसार बना है और अन्न से इसका पालन हो रहा है। अन्न से शरीर और आत्मा दोनों की ही संतुष्टि होती हैं। इसलिए अन्नदान सभी प्रकार के दान से उत्तम है। उन्होंने बताया कि पद्मपुराण के सृष्टिखंड में एक कथा का उल्लेख किया गया है। इसमें ब्रह्मा और विदर्भ के राजा श्वेत के बीच हुए संवाद से पता चलता है कि जो व्यक्ति अपने जीवन काल में जो भी दान करता उसे वही वस्तु मृत्यु के बाद परलोक में प्राप्त होता है। राजा श्वेत तपस्या के बल पर ब्रह्मलोक पहुंच गए, लेकिन अन्नदान नहीं करने के कारण उन्हें भोजन नहीं मिला।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा नेता बब्बू त्रिपाठी, कमलेश मिश्रा, सानू गुप्ता, केशव शिवहरे, गुड्डन दुबे, रामकरण सिंह बच्चन, अनुज त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी, प्रधुम्न अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## विद्युत उपकेंद्र गढ़ा के उपभोक्ताओं में आक्रोश, नही मिल रही विद्युत आपूर्ति




**जन एक्सप्रेस । खागा/फतेहपुर**

प्रदेश की योगी सरकार लगातार उपकेन्द्रो का निमार्ण करके किसान व विद्युत उपभेक्ताओ को पर्याप्त विद्यु आपूर्ति के प्रया समे लगी है। वही विभागीय अधिकारियो-कर्मचारियो की मनमानी के चलते आपूर्ति बहाल नही हो पा रही। यमुना तटवर्ती क्षेत्र मे आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत उपकेन्द्र का निमार्ण कराया गया लेकिन क्षेत्र के किसानो और उपभेक्ताओ का आरोप है कि क्षेत्रीय लाईनमैनो और अन्य कर्मचारियो द्वारा आपूर्ति मे भेदभाव किया जा रहा है। जिससे किसानो की फसले प्रभावित हो रही है।

नवनिर्मित विद्युत वितरण केंद्र के गढा उपकेंद्र के फीडरो में लाइनमैन कर्मचारियों की मनमानी पर उपभोक्ताओं में जमकर रोष छाया हुआ है। विद्युत उपकेंद्र के टिकरा फीडर के उपभोक्ताओं किसानों का आरोप है कि हमारे फीडर में भेदभाव करते हुए लाईनमैनों कर्मचारियों की मनमानी से पर्याप्त विद्युत सप्लाई नहीं दिया जा रहा। जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ता उमस भरी गर्मी की मार झेल रहे है। इसी के साथ किसानो की धान इत्यादि की फसले पर्याप्त मात्रा में विद्युत सप्लाई न होने के कारण सूख रही है। किसानों ने कहा कि हमारे फीडर में लाईनमैनों द्वारा जो भी अनैतिक कृत्य किया जा रहे हैं यदि इनकी कार्य शैली में बदलाव नहीं हुआ तो उपभोक्ता किसान उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन करेंगे। दूसरी ओर उपकेंद्र कर्मचारियों दावा कर रहे है कि बिना किसर भेदभाव के गढा फीडर में सामान्य रूप से विद्युत आपूर्ति किया जा रहा है। वही मामले को लेकर विद्युत अभियंता गढा द्वारा बताया गया कि सूचना मिली है। उपभोक्ताओं के साथ कोई भेदभाव किया गया तो कर्मचारियों को विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# समस्याओं को लेकर दिल्ली में करेंगे आन्दोलन : बराती लाल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक तुलसी पार्क में पुरानी पेंशन बहाली के सम्बन्ध में जिलाध्यक्ष मनोज सोनी की अध्यक्षता एवं अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय की उपस्थिति में हुई।

प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु द्वारा लगातार पूरे देश में आंदोलन किया जा रहे हैं। जिसके फलस्वरुप छह राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल, पंजाब, पश्चिम बंगाल में पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है, उसी क्रम में 1 अक्टूबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी शिक्षक कर्मचारी से पहुंचने की अपील की गई कि भारी संख्या में पेंशन शंखनाद रैली में पहुंचकर अपने अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष में साथ दें। प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम तूफानी ने कहा कि निजीकरण का विरोध हर स्तर पर करेंगे। जब तक हमारी मांगे नहीं मान ली जाती है तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

अटेवा मंच के मंडल संगठन प्रभारी जिला संरक्षक महेंद्र सिंह पटेल ने 1 अक्टूबर की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पेंशन रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। अटेवा मंच के जिला संयोजक राजेश कुमार यादव ने सभी शिक्षक कर्मचारी संगठनों से अपील की है कि अपनी प्रमुख मांग पुरानी पेंशन के लिए सभी लोग एकजुट होकर के दिल्ली पहुंचे। अटेवा चित्रकूट महामंत्री मथुरा प्रसाद वर्मा ने कहा कि जब तक हम सब एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बंधु का साथ नहीं देंगे तब तक हम अपने संघर्ष के निर्णायक मोड़ पर पहुंचने में कामयाब नहीं होंगें।

अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री बृजेंद्रकांत मिश्रा ने कहा कि अगर अभी अपने अधिकारों के लिए नहीं खड़े हुए तो बुढ़ापे में हमें नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए पुरानी पेंशन आंदोलन का साथ दें। अटेवा मंच के जिला कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना है। इस मौके पर नवनीत निगम, मोतीलाल सिंह, मदन सिंह, रामबाबू प्रजापति, रामचरित मिश्रा, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार, अजय पाल सिंह, परमानंद सिंह, राजाराम, संदीप वर्मा, सुंदरलाल गुप्ता, नमो नारायण सिंह, राकेश सिंह, फूलचंद सिंह, शत भूषण सिंह, अभिषेक कुमार केसरवानी, प्रभाकर दत्त शुक्ला, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 15 लीटर कच्ची व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि उप निरीक्षक बालकिशुन तथा आरक्षी मनीष यादव, नागेश कुमार द्वारा श्यामलाल पुत्र जयराम निवासी ग्राम अर्जुनपुर दबवा मजरा खंडेहा को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सरैंया चैकी प्रभारी हारून रशीद खान तथा आरक्षी दुर्गेश यादव, रविशंकर द्वारा धनपत प्रजापति पुत्र गयादीन प्रजापति निवासी ग्राम खोखला पुरवा मजरा गढ़चपा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# चैन स्नैचिंग की घटना का हुआ अनावरण

### आरोपी गिरफ्तार व घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक बरामद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस ने महिला से चैन स्नेचिंग की घटना का अनावरण करते हुये एक आरोपी को घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीती 31 अगस्त को थाना कोतवाली कर्वी अन्तर्गत ऑफिसर्स कलोनी में एक महिला के साथ बाइक सवार 2 अज्ञात व्यक्तियों ने चैन स्नैचिंग की थी, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के संज्ञान लेकर चौकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह को घटना के शीघ्र अनावरण के लिए निर्देशित किया गया।

चौकी प्रभारी सीतापुर तथा आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा गुरूवार को आमीन पुत्र अली बक्श निवासी लोहिया स्टेशन रोड थाना पिपरिया जनपद हौसंगाबाद मध्य प्रदेश को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उनका चार लोगों को गैंग है, जिसमें उसके साथी का नाम हाफिज हुसैन पुत्र कमल हुसैन जाफरी, मासल्ला जाफरी पुत्र सयैद अनवर अली जाफरी, सैफू अली पुत्र खान अली निवासी इतवारा बाजार इदानी मुहल्ला थाना पिपरिया जनपद हौसंगाबाद मध्य प्रदेश है। चारों 2 मोटरसाइकिलों से चलते हैं। दो साथी एक मोटरसाइकिल से आगे चलकर घटना की रेकी करते हैं तथा वह दो लोग घटना कारित करते हैं। बीती 31 अगस्त को उन लोगों ने जो चैन स्नैचिंग की घटना की थी उसमें चारों थे।

दो लोगों ने चैन स्नैचिंग की थी और दो लोग कालोनी के गेट के पास रेकी कर रहे थे। घटना के बाद नागौद मध्य प्रदेश चले गये थे। दोनों चैन साथियों के पास है। पकड़ी गयी मोटरसाइकिल थाना सौहागपुर जिला हौसंगाबाद से चोरी की थी। आरोपियों के कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट की गाड़ी बरामद होने के आधार पर मुकदमा में बढ़ोत्तरी की गयी। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## पाठा के दोंद की गुफाओं में मौजूद हैं हजारों साल पुराने प्रागैतिहासिक शैल चित्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मानिकपुर के पाठा का इलाका पुरातत्त्व, इतिहास व सांस्कृतिक वैशिष्ट्य का द्योतक है। पूरे पाठा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियां भी अर्ध्य क्षेत्रों से इतर हैं। कहीं सघन जंगली पहाड़ियां, नदी, तालाब, पोखर, वाबडी, झरने, खंडित मूर्तियों के ध्वंशावशेष व हजारों साल पुराने प्रागैतिहासिक शैल चित्र मौजूद हैं। इन शैल चित्रों की मौजूदगी विंध्य पर्वतमाला की उपत्यका में दर्शित है। इन शैल चित्रों के प्रमाण दोद की गुफा में मिलते हैं। इस स्थल को वर्तमान में खम्भेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थान मानिकपुर के घाटी के ऊपर बरमबाबा से दक्षिण दिशा में जंगल जाने वाले रास्ते में लगभग 4 किमी दूर है। यह स्थान प्राकृतिक व नैसर्गिक रम्यता का द्योतक स्थल है। जहां उत्तरी हिस्से में थोड़ी दूरी जाने पर एक प्राचीन छतरीनुमा बड़ी शिलाखंड है। यह शिलाखंड खुले स्थान पर है। इसी शिलाखंड में हजारों साल पुराने लाल गेरुआ रंग के चित्रित शिलाश्रय मौजूद हैं?। इतिहासकार डॉ संग्राम सिंह ने बताया कि एक स्थान पर पूरा पैनल है। जिसमें एक साथ तमाम जंगली पशुओं का झुंड दर्शित है। कुछ शैल चित्र वर्षा, धूप व संरक्षण के अभाव में खराब हो रहे हैं। इनके संरक्षण की महती आवश्यकता है। इस स्थल के दक्षिण भाग में एक गुफा है। यह बहुत सकरी गुफा है। इसमें पहुंचना कठिन कार्य है।

# भाजपा ने दलित बस्ती में चलाया सम्पर्क अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत अनुसूचित जाति सम्पर्क अभियान के तहत गुरूवार को दूसरे दिन तराव, रैपुरवामाफी, डफाई का पुरवा, सुरसेन, औदहा, लक्ष्मणपुरी, कबरा पुरवा, बांधी में अनुसूचित जाति बस्ती में सम्पर्क अभियान चलाया गया।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सेवा और समर्पण की पार्टी है। भाजपा का उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नही है, इसका उद्देश्य राष्ट्र को परम वैभव तक पहुचाने का है। इसके लिये भाजपा के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि दलित बस्तियों में सम्पर्क कर केन्द्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा दलितों के लिए चलायी जा रही लोककल्याण योजनाओं को बताने का काम कर रहे है। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर वर्ग का सरोकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग के लोगों का विश्वास भाजपा और पीएम मोदी पर बढा है। पूर्व सांसद भैरव



प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जहा पूर्ववर्ती सरकारों में जाति विशेष के लोगों को ही योजनाओं का लाभ मिलता था, किन्तु भाजपा की सरकार में बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा की पार्टी द्वारा समरता के कार्यक्रमों का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी जाति वर्ग के लोगों में समानता लाना है।

इस मौके पर मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शिवरामपुर श्रवण पटेल, प्रदीप सिंह, रवि गुप्ता, रामकरण वर्मा, वासुदेव वर्मा, पवन बद्री, रमाकांत पांडेय, मनोज उपाध्याय, श्रवण त्रिपाठी, शिवाकान्त पांडेय, शक्ति सिंह, बृजलाल सविता, राकेश त्रिपाठी, मेवालाल वर्मा, शकुन्तला देवी आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शुक्रवार | 29 सितंबर 2023




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार है, किंतु बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.6 (+0.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (+0.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 48 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# विश्वविद्यालय में मनाया गया 38 वां दीक्षांत समारोह कुलाधिपति ने जल भरो कार्यक्रम से की शुरुआत





**✻ कुलाधिपति ने कभी कुशल प्रशासक और कभी ममता भरे लहजे में छात्र-छात्राओं से की सीधी बात**

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मी बाई प्रेक्षागृह में गुरुवार को विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसका शुभारंभ कुलाधिपति ने जल भरो कार्यक्रम से किया। इससे पहले पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से विश्वविद्यालय की उपलब्धियां को लेकर डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा और संवेदना के बीच गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में ताकत है जिससे वह दक्ष बन सके। किसी भी कार्य के लिए जिद जरूरी है जिद को जुनून में बदलकर सफलता का आधार बनाया जा सकता है। समारोह में महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला, महापौर प्रमिला पांडेय, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, कार्य परिषद, अकादमिक परिषय के सदस्य गण, संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोग पीड़ित मरीजों को लिया गया गोद

कुलाधिपति के सम्मुख नेपाल संस्कृति विश्वविद्यालय, बेलझुंडी, दाड, नेपाल एवम आईआईटी कानपुर के मध्य एमओयू पर साइन करने के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय मंधना प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर के छात्र छात्राओं को स्कूल बैग एवं किताबों का वितरण किया गया । विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोग पीड़ित मरीजों को गोद लिया गया व कुलाधिपति द्वारा मंच से पोषण पोटली भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दी गई। उन्होंने विश्वविद्यालय के 10 नवीनीकृत भवनो का ऑडिटोरियम में लोकार्पण किया। समारोह में चंद्रयान- 3 की सफलता में प्रदेश के वैज्ञानिको की प्रतिभा को दर्शाती पुस्तिका चाँद के पार-यूपी के होनहार का विमोचन भी किया गया।

### कुलाधिपति द्वारा 98 छात्र-छात्राओं को मेडल से किया गया सम्मानित

दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति ने 55 छात्र-छात्राओं को कुल 98 मेडल से सम्मानित किया। जिसमें श्वेता साहू ने पांच मेडल हासिल किये। समारोह मे 41 छात्राओं और 14 छात्रों को पदक से सम्मानित व 23 छात्रों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गयी। डीबीएस कॉलेज गोविंद नगर कानपुर के जीत शर्मा ने कुलाधिपति स्वर्ण पदक और कुलाधिपति कांस्य पदक मिलाकर तीन पदक प्राप्त किए वही त्रियुगी नारायण महाविद्यालय कानपुर देहात की छात्रा श्वेता साहू ने 5 पदक प्राप्त किए जिसमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक और कुलाधिपति रजत पदक शामिल है।शुभ्रा अग्रवाल ने 3 तीन पदक कुलाधिपति रजत पदक व कुलाधिपति कांस्य पदक प्राप्त किए।कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स , बॉक्सिंग एवं कराटे में मेडल प्राप्त करने वाले जय प्रकाश सिंह, तनिशा लांबा, मानसी मौर्या, छात्र-छात्राओं को राशि एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र, मां बाप का आशीर्वाद लेने की दी सीख

दीक्षांत समारोह के समापन सत्र में कुलाधिपति ने कभी एक कुशल प्रशासक की तरह तो कभी ममता भरे लहजे में छात्र-छात्राओं से बात की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समाज के उत्थान में अपनी भूमिका तय करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा पढ़ लिखकर बड़ा होता है तो वह अपने मां-बाप और समाज को भूलने लगता है जिससे उसकी प्रगति में रुकावट आने लगती है। उन्होंने कहा कि कितने भी सफल हो जाओ पर अपने मां-बाप को कभी मत भूलो क्योंकि आपकी सफलता उनके त्याग, अथक मेहनत और तपस्या का परिणाम है। उन्होंने चीन में आयोजित एशियन गेम्स में घुडसवारी की प्रतिस्पर्धा में गोल्ड लाने वाले चारों खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए बताया कि मां-बाप का आशीर्वाद हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता। उन्होंने चंद्रयान तीन की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने दान के महत्व को समझाते हुए उद्योगपति रतन टाटा का उदाहरण दिया।



## बिल्हौर कस्बे में हजरत मोहम्मद साहब के आने की खुशी में निकले जुलूस

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर कस्बे में गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे से मदरसा शकूरिया से जुलूस से मुहम्मदी शुरू किया गया। इसमें महात्मा गांधी नगर, अशफाक उल्ला नगर, मुनीश्वर अवस्थी नगर, लाल बहादुर शास्त्री नगर, चंद्रशेखर आजाद नगर, किदवई नगर आदि इलाकों के मुस्लिम कमेटियों ने अपने अपने साउंड बंधे वाहन शरीक किए। लगभग 20 साउंड बंधे वाहनों में धार्मिक गीत बजाकर जुलूस की शोभा में चार चांद लगाए गए। नारेबाजी कर हजरत मुहम्मद साहब के आने की खुशियां मनाई गई। लगभग 2.30 बजे जुलूस नगर पालिका चौराहे से होते हुए जीटी रोड पर पहुंचा। इस दौरान सड़क हरे रंग की चादर ओढ़े दिखाई दी। वहीं उलेमाओं की कुछ देर की तहरीर के बाद जुलूस को आगे बढ़ाया गया। कुछ वाहनों में साउंड सिस्टम ज्यादा होने के चलते तय रूट से गुजरने में कठिनाई हुई। हालांकि प्रशासन की चुस्ती से जल्द समस्या का निवारण करते हुए जुलूस आगे बढ़ाया गया। देर शाम जुलूस का समापन फातेहा ख्वानी के साथ हुआ।

## सुरेश गुप्ता को मिली रालोद में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने राम आशीष राय प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से सुरेश गुप्ता को प्रान्तीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल का पदाधिकारी घोषित किया है। श्री गुप्ता पूर्व में प्रदेश के कोषाध्यक्ष, सचिव, महासचिव सहित कई प्रकोष्ठों के प्रान्तीय अध्यक्ष तथा कानपुर महानगर के 5 बार अध्यक्ष रहे। सहकारिता आन्दोलन के वे खाटी नेता हैं और उत्तर प्रदेश खादी महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री गुप्ता को दल की तरफ से 36 देशों में प्रतिनिधित्व करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। वे कानपुर नगर की कई नामचीन संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। श्री गुप्ता चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजित सिंह जी के निकटतम कार्यकर्ताओं में रहे हैं।

## पैगंबर मोहम्मद के यौमे पैदाइश पर मनाया गया जश्न ए ईद मिलादुन्नबी निकला जुलूस

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपूरा कस्बे में नूरी मस्जिद से लेकर सजा कस्बा हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब की युमौ पैदाइश का त्योहार ईद मिलादुन्नबी बृहस्पतिवार को अकीदत मंद के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर आज उत्तरी पूरा कस्बे में नूरी मस्जिद से लेकर सेवा मंदिर इंटर कॉलेज से गुज़रे जीटी रोड होते हुए पूरा कस्बे से निकला जुलूस रंजन पेट्रोल पंप तक पहुंचा जगह-जगह पर मुस्लिम व हिंदू परिवार के लोगों ने गुलाब के फूल की वर्षा जुलूस पर करते हुए इबादत में मशगूल रहे मुस्लिम कौम के लोग का बारावफात के मौके पर पूर्व प्रधान पुत्र प्राशु शुक्ला ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को लड्डू व शरबत पानी वितरण किया वहीं जुलूस में शामिल हुए पूरा प्रधान अभिजीत सिंह जुलूस की अगवाई कर रहे मोहम्मद राशिद खान नूरी मस्जिद हाफिज पप्पू कुरैशी वसीम अहमद अनीश मोहम्मद आरिफ हार्डवेयर गोलू सिद्दीकी जमील खान वारिस अली आसिफ अली वशीम कुरैशी शानबाबू पप्पू आशिक कल्लू शुक्ला टिंकू मोंटी डंपी कई हजारों की संख्या में जुलूस में मोहम्मदी मौजूद रहे ।

### पुलिस ने संभाली कमान

चौकी इंचार्ज उत्तरीपुरा सतीश चंद्र सत्यवीर सिंह सत्यम सिंह चौहान दीवान राजेंद्र सिंह हैंड कांस्टेबल महेंद्र पाल इंद्र नरेश धर्मवीर एवं पुलिस का जस्ता रहा मौजूद।

## शान-ए- कानपुर और 'कानपुर रत्न' सम्मान 2023 का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर में गुरुवार को शहीद-ए-आजम भगत सिह जी के 116 वें जन्मोत्सव पर गोल्डन क्लब एवं देव विला द्वारा कार्यक्रम एक शाम शहीद-ए-आजम के नाम (सांस्कृतिक कार्यक्रम) और साथ ही शान-ए- कानपुर और कानपुर रत्न सम्मान 2023 सम्मान का भी आयोजन मर्चेंट चैम्बर सिविल लाइन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि ब्रिगेडियर ए.के. शर्मा, क्लब के मुख्य संरक्षक ध्रुव इंद्रा निगम, गोल्डी ग्रुप के वाईस प्रेसिडेंट डॉ.नमन सक्सेना, डिप्टी जेलर प्रशांत उपाध्याय, जे एम डी ग्रुप के के संजीव दीक्षित, आई एम रोहतगी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यातिथि ब्रिगेडियर शर्मा जी ने आज की युवा को अनुशासन के महत्व को समझाते हुए कहा कि हमें भगत सिंह जी के जीवन से शिक्षा लेकर जीवन मे उसका अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अश्वनी निगम, आर एस चौहान, पंकज श्रीवास्तव, मोकम सिंह, राम सरण, प्रफ्फुल श्रीवास्तव, नीरज सैनी, उत्तम सिंह, निर्भय, दीपक सिंह चंदन, राजू यादव, अरूण कनौजिया, धर्मेंद्र जायसवाल, विकास श्रीवास्तव, अमित निगम आदि उपस्थित रहे।

## कानपुर की महापौर, भाजपा पार्षद पति के पक्ष में उतरी, बोलीं दोनों पक्ष करें समझौता

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भारतीय जनता पार्टी की वार्ड 95 से पार्षद पति अंकित शुक्ला और दवा व्यापारी अमोलदीप सिंह के बीच हुआ विवाद अब तूल पकड़ चुका है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में हंगामा और धरना प्रदर्शन किया, तो वही अब नगर निगम के अधिकतर पार्षद और कानपुर की महापौर प्रमिला पांडेय भी आरोपी अंकित शुक्ला के पक्ष में बीते दिन आ गई है। कानपुर नगर निगम के प्रमिला सभागार में महापौर प्रमिला पांडेय ने गुरुवार को पार्षदों संग बैठक किया। महापौर ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा की जाने अनजाने गलतियां हो जाती है। आरोपित पार्षद अंकित शुक्ला का पक्ष लेते हुए कहा की उसका कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। लेकिन वहा ऐसा कैसे हो गया। उनका कहना था कि दोनों पक्षों से बात करके ऐसी गलती कभी भविष्य में ना हो इसको लेकर क्षमा याचना की जाएगी।





## मानक विहीन मोहित मेडिकल सेंटर, इंद्रानी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, साक्षी हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर पर कब होगी कार्रवाई

**✻ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्यवाही के नाम पर करते हैं केवल खानापूर्ति**

जन एक्सप्रेस | सनी राव मोघे




**कानपुर नगर।** कल्याणपुर क्षेत्र के मानक विहीन मोहित मेडिकल सेंटर, इंद्रानी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर व साक्षी अस्पताल एवं सर्जिकल सेंटर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं साथ ही साथ उनके जेबों पर भी डाका डाल रहे हैं। आए दिन इन अस्पतालों में मरीजों की हालत बिगड़ जाती है। आपको बताते चलें कल्याणपुर क्षेत्र में 300 से अधिक मानक विहीन अस्पताल संचालित है। एक और जहां यह अस्पताल मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर उनकी जेबों पर भी डाका डाल रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति करते हुए नजर आते हैं। जबकि एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश आए दिन कल्याणपुर क्षेत्र में ही बने रहते हैं। लेकिन इसके बाद भी मानक विभिन्न अस्पतालों पर कार्यवाही करने की बात आने पर हमेशा सफाई देते हुए नजर आते हैं। शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता होगा जब इन मानक बिहीन अस्पतालों में मरीज की हालत ना बिगड़ी हो। समझने वाली बात यह है कि जब स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानक बिन अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही करने के बात कही थी। तो आज तक जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कल्याणपुर के मानक बिहीन अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं की। या फिर यह कहे की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अस्पतालों के साथ मिलकर मौत के कारखाने चलाने का ठेका ले लिया है। अब देखने वाली बात यह होगी की इन मानक बिहीन अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही करेंगे या फिर केवल खाना पूर्ति ही करेंगे।

# कानपुर में निकला शान-ओ-शौकत के साथ जुलूस ए मोहम्मदी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर







मोहसीने इंसानियत पैग़ंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे ए विलादत(जन्मदिवस) की खुशी में मनाई जाने वाली ईद मिलादुन्नबी पर बृहस्पतिवार को शान ओ शौकत के साथ एशिया का सबसे लंबा जुलूस ए मोहम्मदी परेड रिजवी ग्राउंड से निकाला गया। जुलूस में लाखो की संख्या में अकीकदमंद लोगों ने शिरकत की। जुलूस में शामिल लोग हाथों में इस्लामी झंडे लेकर और पैगंबर;ए-इस्लाम की शान में नात(कविता) पढ़ते चल रहे थे। किसी भी तरह की अवस्था को रोकने के लिए जुलूस का नेतृत्व करने वाली संस्था जमीयत उलेमा ए हिंद ने जुलूस के आगे 250 वालंटियर तैनात किए गए। जुलूस में या रसूल अल्लाह के नारे लगाए जा रहे थे। जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ता गया उसमें शामिल होने वालों की संख्या में भी वृद्धि होती गई। परेड ग्राउंड से दोपहर में निकला जुलूस ए मोहम्मदी अपने परंपरागत रास्तों से होकर गुज़रा। पैग़ंबर-ए- इस्लाम के जन्मदिवस की खुशी में हर वर्ष जमीयत उलमा जुलूस-ए -मोहम्मदी निकालती है।यह जुलूस परेड से शुरू होता है, विभिन्न मार्गों से होकर देर शाम फूल बाग पहुंचता है। प्रशासनिक अधिकारियों ने हरी झंडी जुलूस को परेड से रवाना किया। जुलूस में सबसे आगे जमीयत उलेमा के सदस्य थे ।उनके पीछे झंडे लेकर तंजीमें चल रही थी। जुलूस में शामिल लोग लाउडस्पीकर पर पैगंबर-ए- इस्लाम शान बयान करते चल रहे थे। जुलूस के स्वागत के लिए जगह-जगह स्टेज बनाए गए। जब जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ पेंचबाग पहुंचा। पेचबाग रेडीमेड व्यापार मंडल में जोरदार जुलुस का स्वागत किया। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष कामिल अंसारी, महामंत्री एहसान हजारी, पेच बाग व्यापार मंडल के अन्य सदस्य शामिल थे।

### सौहार्द की मिसाल है जुलूस -ए मोहम्मदी

शहर से निकलने वाला जुलूस ए मोहम्मदी सौहार्द और भाईचारा की मिसाल बन गया है जुलूस में विभिन्न धर्मों के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं जुलूस का जहां-जहां स्वागत किया जाता है स्वागत करने वालों में सिख इसाई हिंदू धर्म को मानने वाले बड़ी संख्या में होते हैं

### 14.5 किलोमीटर लंबा जुलूस

जमीअत उलमा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को 14.5 किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। यह जुलूस परेड, नई सड़क, पेच बाग, तलाक महल, बेकनगंज, कंघी मोहाल, नाला रोड, चमनगंज, बांस मंडी, मूलगंज, शिवाला, पटकापुर होता हुआ फूलबाग तक जाएगा।

### एशिया का सबसे बड़ा जुलूस माना जाता है

शहर से निकलने वाला जुलूस ए मोहम्मदी एशिया का सबसे बड़ा जुलूस माना जाता है। इस जुलूस में लगभग पांच लाख लोग शिरकत करते हैं।

# डॉ. घनश्याम हत्याकांड ने बीट पुलिसिंग पर खड़े किए सवाल

जन एक्सप्रेस। राजीव कुमार तिवारी

सुल्तानपुर। बीते शनिवार को जिले में तैनात संविदा डॉ. घनश्याम तिवारी की हुई निर्मम हत्याकांड ने एसपी सोमेन वर्मा की पुलिसिंग की पोल खोल कर रख दी है, जिस पर समय का चक्र बढ़ रहा है वैसे ही बैड पुलिसिंग की स्क्रिप्ट भी खुलती जा रही है लेकिन हैरत की बात यह है कि अफसरानों ने जघन्य हत्याकांड पर नगर कोतवाल पर निलंबन की कार्यवाही कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का भले ही भरसक प्रयास कर रहे हो। लेकिन जमीनी स्तर पर आरोपियों पर की जाने वाली कार्यवाही को लेकर असंतोष की स्थितियां सातवें आसमान पर पहुंच रहीं हैं। जिसमें ब्राह्मण समाज से लेकर सर्वसमाज सहित तमाम राजनैतिक दलों का प्रदेशस्तरीय डेलीगेशन मृतक डॉक्टर के पैतृक आवास पहुंच परिजनों से मुलाकात कर न्याय का भरोसा दिला रहा है तो दूसरी तरफ इस हत्याकांड के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार की नीतियों व वादों को कटघरे में लाकर खड़ा कर रहा है। हत्याकांड के बाद से ही सत्तापोषित भू-माफिया अजय नरायन सिंह फरार है, जिसकी तलाश में सुल्तानपुर पुलिस व स्वाट टीमें लगातार खाक छान रहीं हैं, लेकिन हत्यारोपी अजय नरायन सिंह पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है।

## इन इनामियाओं की गिरफ्तारी में फेल दिखा पुलिस व एसटीएफ का ज्वाइंट ऑपरेशन

सुल्तानपुर। स्मैक व गांजे की रिकवरी दिखा मीडिया में हीरो बनने वाली सुल्तानपुर पुलिस की जमकर किरकिरी होती नजर आ रही है, जिसकी वह बीट पुलिसिंग को इग्नोर करना बताया जा रहा है। फिर भी अभी तक बीट सिपाही व चैकी इंचार्ज पर एसपी सोमेन बर्मा द्वारा कार्यवाही ना किया जाना चर्चाओं में शुमार है। बताते चलें कि जनपद में तैनात महिला पुलिसकर्मी से रेप के आरोपी नागरिक पुलिस के इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर रेप का आरोप है और पुलिस के सरकारी रिकॉर्ड में वह बलात्कार का आरोपी ही नहीं बल्कि भगोड़ा भी है। जिसकी जिला सत्र न्यायालय से गिरफ्तारी हुई और महिला थाने की आरक्षियों को चकमा देकर फरार हो गया। वहां भी सुल्तानपुर पुलिस ने खेल कर गिरफ्तारी को सिरे से खारिज कर दिया था और जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो एसपी सोमेन बर्मा की पुलिसिंग की पोल खुल गयी। आनन फानन में आरोपी पचास हजारिया भगोड़े इंस्पेक्टर का ना तो एसटीएफ पता लगा सकी ना ही जिले की पुलिस। दूसरा वाक्या अधिवक्ता आजाद हत्याकांड से जुड़ा है गैंगस्टर सिराज अहमद पर भी 1 लाख का ईनाम पुलिस विभाग द्वारा घोषित है। लगभग दो महीने बीतने को हैं और एसटीएफ व पुलिस के हांथ खाली दिखते नजर आ रहे हैं। तीसरा मामला डॉ. घनश्याम तिवारी की नृशंस हत्या से जुड़ा है। जिसने सरकार को बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस हत्याकांड के आरोपी अजय नरायन सिंह पर भी 50 हजार का ईनाम घोषित किया गया और एसटीएफ व पुलिस की ज्वाइंट टीम लगभग एक हफ्ते में भी किसी नतीजे तक पहुंचने में फेल दिखती नजर आ रही है।

## सर्वदलीय ब्राह्मण नेताओं ने भरी हुंकार, जिले में भाजपाई हुए दो फाड़

सुल्तानपुर। डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड ने राजनैतिक सियासी पारे को बढ़ा कर रख दिया, जिसमें प्रदेश सरकार की किरकिरी कोई और नहीं बल्कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बगावती सुर ने ही लोक सभा चुनाव 2024 को चियाड़ी पर चढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया है। अगर समय रहते हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नरायन सिंह पर जल्द ही शिकंजा न कसा गया व हत्याकांस्ड के आरोपियों के सत्तापोषित चाचा भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य गिरीश नरायन सिंह बब्बन व चचेरे भाई व भाजयुमो जिलाध्यक्ष चन्दन नरायन सिंह पर पार्टी से निष्कासन की कार्यवाही न की गयी तो आने वाला समय डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड लोकसभा चुनाव में भाजपा के गले की फांस बनता नजर आने वाला है।

# डॉक्टर हत्याकांड को लेकर ब्राह्मण चेतना मंच ने भरी हुंकार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



जनपद में बीते शनिवार को हुई डॉ. घनश्याम तिवारी की हत्या का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा, जिसके पीछे मुख्य आरोपी अजय नरायन सिंह के सत्तापोषित परिजनों का होना बताया जा रहा है। जिसको लेकर ब्राह्मण चेतना मंच के तत्वावधान में सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेताओ ने ही अपनी पार्टी के खिलाफ प्रेस वार्ता कर जंगे एलान कर सरकार को सांसत में डाल दिया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता पं0 जयनरायण तिवारी के आवास पर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में सर्वदलीय ब्राम्हण समाज के नेताओं का जमावड़ा दिखा जिसमें बसपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के अलावा सर्वाधिक जनबल के साथ भाजपा नेता की आमद ने एक बात तो तय कर दिया है कि इस वक्त बीजेपी में अंदरखाने कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्व मंत्री जय नरायन तिवारी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि आने वाली 30 सितंबर दिन शनिवार को समय 11 बजे तिकोनिया पार्क में हजारों की संख्या में मृतक डॉ. घनश्याम तिवारी की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों की तादाद में जनपद के ब्राह्मण एकत्रित होंगे। जिसको लेकर बाकायदा सरकारी डेकोरम पूरा करते हुए प्रशासन की इजाज़त भी हासिल कर ली गई है। जिसके पीछे जानकरों का कहना है कि प्रशासन परमीशन ना देकर नया बखेड़ा नहीं खड़ा करना चाहता है। बहरहाल इस श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि व नेतृत्वकर्ता की भूमिका में प्रदेश के प्रतिष्ठित संत 1008 अभय चैतन्य मौनी महराज करेंगे। पूर्व मंत्री द्वारा जारी किए गए प्रेस रिलीज पर गौर किया जाए तो पार्टी में अंदरखाने आक्रोश इस कदर है कि पूर्व मंत्री ने पैड न प्रयोग कर सादे कागज पर हत्याकांड की दास्तां बयां की है। जिसमें पूर्व मंत्री जयनरायण तिवारी द्वारा इस हत्याकांड को तालिबानी संज्ञा देते हुए कहाकि जन आक्रोश को ध्यान में रखते हुए बुलडोजर की दिखावी कार्यवाही की गयी है। जबकि पुलिस की उदासीनता व मिलीभगत से मुख्य अभियुक्त फरार कर दिया गया और अपने बचाव में भ्रमित करने के लिए आरोपी पर 50 हजार का ईनाम घोषित कर दिया गया। इस मौके पर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राम चन्दर मिश्रा, आप नेता डॉक्टर संदीप शुक्ला, समाजसेवी व कार्यक्रम संयोजक डॉ डीएस मिश्रा, कांग्रेस नेता वरूण मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता राम दुलार पाठक आदि मौजूद रहे।

# अनंत चतुर्दशी पर यज्ञ, पूजन एवं भंडारा का आयोजन

जन एक्सप्रेस। धनपतगंज/सुल्तानपुर



जनपद के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल श्री जानकी धाम में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ, यज्ञ पूजन और भंडारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनमानस के अलावा लखनऊ समेत कई दूसरे जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने भी सीताराम का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मेले का आयोजन भी किया गया था। भंडारे की आयोजक उत्कर्ष लोक सेवा संस्थान की अध्यक्ष अरुणा सिंह एडवोकेट ने बताया कि सुबह सीताराम के पूजन के बाद सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। पाठ के बाद हवन एवं आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए इसके बाद शाम 3:00 बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ जो सीताराम की इच्छा अनुसार देर रात तक चलता रहा। अरुणा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर श्रीजानकी धाम में मेला भी लगा था जिसमें बड़ी तादाद में क्षेत्रीय लोगों ने शिरकत की। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में श्रीजानकी धाम के महंत श्री 108 स्वामी मणिराम दास का अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। शहर से लेकर गांवों में गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शहर में करीब दो दर्जन स्थानों पर सजे पूजा पांडालों में गणपति बप्पा मोरया... आदि भक्ति गीतों की गूंज रही। सुबह पूजा-अर्चना की गई। कई जगह कन्या भोज का आयोजन किया गया। देर शाम राजघाट स्थित सई नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान एसपी ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शहर में छोटी बाजार, आर्य समाज मंदिर, घंटाघर चौराहा, खालीसाहट, जोशियाना, नेहरू नगर, इंदिरा नगर, जगमोहनश्वर मंदिर, रतापुर सहित करीब दो दर्जन स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं के पांडाल सजाए गए थे। इसके अलावा कुछ श्रद्धालुओं ने अपने घरों में प्रतिमाओं को रख कर पूजा अर्चना की। इस दौरान सुबह पूजा अर्चना तो रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही है। 11वें दिन प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भक्तों में उत्साह रहा।

## प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता में बहनों ने मारी बाजी



जन एक्सप्रेस। कादीपुर/सुल्तानपुर

विद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं संगीताचार्य दीनबंधु सिंह ने बताया कि भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश काशी प्रान्त द्वारा प्रयागराज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर की बहन भारतीय निषाद नें 200 मीटर 400 मीटर और बाधा दौड़ में प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बहन दिव्यांशी सिंह ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। साक्षी सिंह जान्हवी सिंह स्नेहा सिंह अंशिका यादव भैया आयुष यादव, पार्थ सिंह, अभिनव सिंह, प्रियांशु, अंश एवं राहुल वर्मा ने अपने-अपने खेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बहन जान्हवी सिंह और स्नेहा सिंह ने सरस्वती वंदना एवं वार्षिक गीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों और संगीत की बहनों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल जगत में ये सभी भैया बहन देश का नाम रोशन करेंगे, सम्मान समारोह में शारीरिक प्रमुख विजय नारायण सिंह, सुरेंद्र पाल, रेनू सिंह जयप्रकाश मिश्रा, कृष्ण देव सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

### ग्रामीण मिनी स्टेडियम का हाल बदहाल

# स्टेडियम में ना कोच, ना खेल उपकरण, बाउंड्री वॉल टूटी

जन एक्सप्रेस। बी. पी. तिवारी

अमेठी। जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोराहा बदहाली के आंसू बहा रहा है। स्टेडियम में इस समय ना तो कोई व्यवस्था है। ना सुरक्षा गार्ड। बाउंड्री वॉल पिछले चार साल से टूटी हुई पड़ी है। सरकार की ओर से बजट स्वीकृत होने के छ महीने बाद भी निर्माण का काम नहीं शुरू हो पा रहा है।

एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और कबड्डी खेलो के एक दर्जन से अधिक राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय खिलाड़ी देने वाले इस स्टेडियम में ब्लॉक,जनपद और राज्य स्तरीय खेलों के आयोजन हमेशा होते रहते हैं। प्रतिदिन सौ से अधिक युवा शारीरिक दक्षता की तैयारी करते हैं। स्टेडियम की बाउंड्री वॉल चार साल से टूटी पड़ी हुई है। बजट पास होने के छः महीने बाद भी अभी कार्य धरातल पर नहीं शुरू हुआ है।

पुरानी व्यायाम शाला के स्थान पर बहुउद्देशीय व्यायाम शाला के निर्माण का प्रस्ताव 5 साल से फाइलों में बंद पड़ा है। स्थानीय निवासी और खिलाड़ी अभिषेक सिंह शुभम ने कहा कि पूर्व विधायक रानी गरिमा सिंह की ओर से कबड्डी के लिए मैट देने का वादा सात साल में पूरा नहीं हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी बीते एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की रूप में आए हुए थे।उन्होंने हाई मास्क लाइट लगवाने का वादा किया था। उनका वादा भी अभी तक फाइल में ही बंद है।

पुरानी व्यायामशाला के स्थान पर मल्टीपरपज खेल परिसर के निर्माण को खिलाड़ी राह देख रहे हैं। अभीष्ट विक्रम सिंह ने बताया कि जिले के सबसे पुराने ग्रामीण मिनी स्टेडियम को अनुरक्षण रखरखाव और साफ सफाई के लिए कोई पैसा नहीं मिलता है। कोच भी तैनात नहीं है।

सीआरपीएफ में ट्रेनिंग पर गए स्थानीय खिलाड़ी विक्रम सिंह ने कहा कि इस स्टेडियम में सरकारी और जनपद स्तर के खेल आयोजित होते हैं। लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को कम से कम खिलाड़ियों के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। खेल प्रेमी कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की नीतियाँ तो खेल को बढ़ावा देने की हैं। लेकिन ग्रामीण मिनी स्टेडियम कई वर्षों से बदहाल है। यहां पर जनप्रतिनिधि आते हैं। और बस वादा करके चले जाते हैं।

### जिला युवा कल्याण अधिकारी ने कहा

ग्रामीण मिनी स्टेडियम की बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए सरकार की ओर से 34 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। टेंडर हो गया है। आरईएस विभाग जल्द ही काम शुरू कराएगा खेलकूद सामग्री के क्रय के लिए लगभग डेढ़ लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय प्रक्रिया शुरू की गई है। कोच की नियुक्ति के मामले में अभी तक राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कोई व्यवस्था नहीं हुई है।



# पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु किसान कराएं ईकेवाईसी

जन एक्सप्रेस। अमेठी

उप कृषि निदेशक एलबी यादव ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा के निर्देश के क्रम में विकासखंड जामों जनपद अमेठी में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु खंड विकास अधिकारी जामों कार्यालय परिसर में पीएम किसान सम्मान कैंप का आयोजन कृषि, राजस्व, डाक विभाग के कार्मिकों के साथ नजदीकी जन सुविधा केंद्र संचालक की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित कैंप में कुल 284 किसान उपस्थित हुए जिसमें 24 किसानों की ईकेवाईसी, 42 किसानों की आधार सीडिंग एवं 60 किसानों का भूलेख अंकन की समस्या मौके पर निस्तारित की गई। उपस्थित किसानों में से 158 किसानों की समस्त प्रक्रिया पूर्ण पाई गई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में आगामी 15वीं किस्त सिर्फ उन्हीं किसानों को प्राप्त होगी जिनकी ईकेवाईसी पूर्ण है। जिसके हेतु कृषि विभाग के कार्मिक जनपद की समस्त न्याय पंचायत में डोर टू डोर जाकर ईकेवाईसी से छूटे हुए किसानों की ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण कर रहे हैं। जिससे कि अधिक से अधिक किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त कराया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने समस्त कृषकों से अनुरोध करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ईकेवाईसी का कार्य नहीं कराया गया है, तो वह तत्काल अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र, कृषि विभाग के कार्मिक अथवा विकासखंड स्तर पर स्थापित कृषि रक्षा इकाई पर जाकर अपनी ईकेवाईसी अवश्य पूर्ण कराएं। जिससे उन्हें योजना का लाभ प्राप्त हो सके।



# शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर आरवाईए ने किया याद




जन एक्सप्रेस। रायबरेली

शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती की पर गुरुवार को इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने शहीद चौक डिग्री कॉलेज चौराहा पर भगत सिंह की याद में पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। भगत सिंह को पुष्पांजलि देने के बाद इनौस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर ही सभा की। सभा के दौरान भगत सिंह तुम जिंदा हो छात्रों नौजवानों के अरमानों में, खेतों और खलियान में, रोजगार को मौलिक अधिकार बनाओ ,शिक्षा रोजगार पर हमला नहीं चलेगा, शिक्षा रोजगार दे ना सके जो, वो सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है, शहीदों का है यह पैगाम जारी रखना है संग्राम, शिक्षा रोजगार के लिए आरवाईए की लड़ाई जिंदाबाद, भगत तुम्हारे सपने को मंजिल तक पहुंचाएंगे इत्यादि नारे लगाए।

सभा को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय भान पटेल ने कहा कि सरकार रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे के साथ सत्ता में आई लेकिन रोजगार देने में पूरी तरह फेल हो गई। आज पूरे देश का नौजवान रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है लेकिन सरकार है कि रेल समेत लगभग सभी सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंप कर रोजगार देने से ही पीछे हटती जा रही है। दो करोड़ रोजगार की बात छोड़ दीजिए, स्थाई रोजगार को भी सरकार भरने के बजाय खत्म करने में लगी हुई है। उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में नौजवान रोजगार आयोग में भ्रष्टाचार, पेपर लीक, आरक्षण घोटाला, नकल माफियाओं के खिलाफ सड़कों पर लड़ने के लिए मजबूर है लेकिन सरकार इन समस्याओं को दूर करने पर ध्यान नहीं दे रही है।

श्रीमती कंचन ने कहा कि सरकार रेल समेत सभी सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण करके रोजगार खत्म कर रही है और जो सरकारी नौकरी में आरक्षण मिलता था वो भी समाप्त हो जा रहा है। नई शिक्षा नीति के द्वारा सरकार शिक्षा को बाजार के हवाले कर दे रही है। पहले भी पैसे के अभाव में गरीब नौजवान पढ़ाई से वंचित रह जाते थे अब गरीबों का पढ़ना बंद ही हो जाएगा।

रोजगार की लड़ाई लड़ने वाले नौजवानों को जेल भेजा जा रहा है। ऐसे कठिन समय में शहीद भगत सिंह के विचार और उनका बलिदान हमारे लिए रोशनी है । कार्यक्रम में एकटू के जिला सचिव राम गोपाल, किसान महासभा जिला अध्यक्ष फूल चंद्र मौर्य आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### भगत सिंह के विचारों से भी डरती है योगी सरकार, रोजगार शिक्षा को छीनना बंद करे सरकार

## मेरा धर्म देश की सेवा करना है: अमर क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक निशुल्क योग शिविर में क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की जयंती पर याद किया गया। भगत सिंह जी की मृत्यु 23 वर्ष की आयु में हुई, जब उन्हें ब्रिटिश सरकार ने फांसी पर चढ़ा दिया। भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को लायलपुर ज़िले के बंगा में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। उनका पैतृक गांव खट्कड़ कलां है जो पंजाब, भारत में है। उनके जन्म के समय उनके पिता किशन सिंह, चाचा अजित और स्वरण सिंह जेल में थे। संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहा कि जिंदगी तो सिर्फ अपने कंधों पर जी जाती है, दूसरों के कंधे पर तो सिर्फ जनाजे उठाए जाते हैं। समाजसेवी राजन सिंह ने कहा कि देशभक्तों को अक्सर लोग पागल कहते हैं। जिंदा रहने की हसरत मेरी भी है, पर मैं कैद रहकर अपना जीवन नहीं बिताना चाहता। उक्त बातें योग प्रशिक्षक बृजमोहन ने कहीं। उपस्थित अध्यात्मिक साधक मनोज चौधरी, बृजेश कुमार सिंह, पिंकू सिंह, विजय सिंह बघेल, रमानाथ सिंह, सन्तोष त्रिपाठी, सुधा यादव, महेंद्र शर्मा, महेश सिकारिया, कृष्णकांत, राकेश यादव, इंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## नबी के मोजज़ात में सबसे बड़ा मोजज़ा कुरान पाक है: मौलाना अतीकुज़्ज़मां

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



मरकज़े अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रज़ा जगपालताल, रायबरेली की तरफ से जश्ने आमदे रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का 12 दिवसीय कायर्क्रम का आखिरी कायर्क्रम मरकज़े अहले सुन्नत में आयोजित हुआ। जिसकी सरपरस्ती आले रसूल हज़रत अल्लामा मौलाना सैयद मो0 अहमद अशरफी जायसी साहब, संरक्षता हाफिज़ अनीस अहमद कुरैशी प्रबंधक मदरसा, व संचालन हाफिज़ सुहैल अख़्तर रज़ा खान ने किया। कायर्क्रम की शुरुआत हाफिज़ इमरान ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। शायरे इस्लाम जनाब हाफिज़ इज़हार, हाफिज़ गुलफाम, मोलवी फहीम, मौलाना तसव्वर अली, मो0 कौनेन रज़ा ने बारगाहे रिसालत में नात पाक पेश किया। जलसे को सम्बोधित करते हुए मुम्बई से पधारे मुख्य अतिथि हज़रत मौलाना अतीकुज़्ज़मां साहब ने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने 40 साल की उम्र के बाद नुबूव्वत का ऐलान फरमाया, लेकिन हमारा अक़ीदा यह है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जन्म के समय बल्कि जन्म से पहले, यहां तक कि अल्लाह ने हर चीज़ से पहले आप को नबियों का सरदार बनाया। हज़रत आदम अलैहिस्सलाम के जन्म के बाद जब रूह शरीर में प्रवेश की तो अंधेरे के कारण बाहर आ गयी फिर अल्लाह ने नबी का नूर आदम के माथे पर रखा और रूह दोबारा प्रवेश की और आदम ने आंखें खोल दीं। आपने आगे कहा कि नबी जब दुनिया में आये तो उम्मत की फिक्र में रहे, जब दुनिया से गये तो भी उम्मत की फिक्र रही, हमें चाहिए कि हम जलसा जुलूस के साथ साथ नबी की शिक्षाओं पर अमल भी करें।

आपने कहा कि नबी के बहुत से मोजज़ें हैं लेकिन सबसे बड़ा मोजज़ा कुरान है, क्योंकि कुरान दुनिया में अकेली ऐसी किताब है जिसे शब्द शब्द याद किया जा सकता है, आपने कहा कि जो दिलों में गन्दगी जम जाती है, जंग लग जाता है उसे कुरान की तिलावत से दूर किया जा सकता है, लिहाज़ा हमें चाहिए कि हम कुरान को सिफ 'घर में आलमारी पे न रखें बल्कि उसके पाठ से अपने दिलों को रोशन करें। क्योंकि कुरान का पढ़ना सवाब, कुरान का छूना सवाब बल्कि कुरान का देखना भी सवाब है। आपने उत्तीण 'होने वाले छात्रों को मुबारकबाद पेश किया। इस मौके पर हाफिज़ सुहैल अख्तर, मौलाना तसव्वर अली, मुफ्ती फैयाज, कारी नौशाद, हाफिज़ मो0 मुश्ताक, कारी मो कमर रजा, हाफिज़ वली मोहम्मद, हाफिज़ मुम्ताज़, कारी शाबानुद्दीन, कारी बहाउद्दीन, हाफिज़ इमरान, मास्टर एजाज़, इमरान वारसी, उत्तीण 'होने वाले छात्रों के परिवार व रिश्तेदारों के साथ-साथ मरकज़े अहले सुन्नत के सभी छात्रों व आसपास के हज़ारों लोगों ने जलसे में शिरकत की।

## पूरी अकीदत व धूमधाम से निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी, अंजुमन रजाए मुस्तफा को मिला पहला इनाम

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



गुरुवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुस्लिम समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और पूरी अकीदत के साथ रायबरेली शहर में निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी। वहीं जुलुसे मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया।

जुलूस में बड़े, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। इस्लामी वेशभूषा में बच्चे अपने घरवालों के साथ जुलूस देखने आए जो जुलूस में आकर्षण का केंद्र रहे। शहर से सभी मुस्लिम मोहल्लों से जुलूस सुबह सवेरे पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया। जुलूस के रास्ते में स्वागत करने के लिए जगह-जगह खाने पीने के स्टाल लगाए गए साथ ही जुलूस में आए लोगों का शॉल व फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया और जुलूस में शामिल सभी लोगों को नाश्ता पानी कराकर आगे के लिए रवाना किया गया। आपको बता दें कि इस्लामिक कैलेंडर के माह रजब की 12 तारीख (रबीउल अव्वल) को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को मुस्लिम समाज जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं।

माह रजब का चांद निकलने से 12 रबीउल अव्वल तक लगातार मुस्लिम मोहल्लों में ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें इस्लामिक बयान, नात की महफिल सजाई जाती है और लोगों को इस्लाम के बारे में और पैगंबर मोहम्मद साहब के जिंदगी के बारे में बताया जाता है। जिसमें मर्द, औरतें, बुजुर्ग, बच्चे शामिल होते हैं। जुलूसे मोहम्मदी के दौरान रायबरेली पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद दिखाई दिया ताकि कोई अनहोनी घटना न कर सके।

शहर के खालिसाहट, खिन्नी तल्ला, बहराना, छोटा घोसियाना, बड़ा घोसियाना, तिलियाकोट, नया पुरवा आदि मोहल्लों से जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ खिन्नी तल्ला पहुंचा। जुलूस मोहम्मदी की अगुवाई इदारे सरैया उत्तर प्रदेश के मौलाना पीर अब्दुल वदूद फकीह ने की। जुलूस में बहुत सारी अंजुमने शामिल हुई जिसमें अच्छा प्रदर्शन किया उनको इनाम से नवाजा गया। अंजुमनों को इनाम राष्ट्रीय जागरूक मुस्लिम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आफताब अहमद 'रज्जू खान' एडवोकेट व नजीमे आला इदारे सरैया उत्तर प्रदेश मौलाना अरबी उल अशरफ के हाथों से दिया गया। पहला इनाम अंजुमन रजाए मुस्तफा छोटा घोसियाना को, दूसरा इनाम अंजुमने गुलामाने मुस्तफा बड़ा घोसियाना व अंजुमन गुलामाने मुस्तफा लसकारे आला हजरत बहराना को और तीसरा इनाम अंजुमन आशिकाने मुस्तफा तिलियाकोट व अंजुमन गौसियाए नया पुरवा को दिया गया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# सपा के लिए एमपी में बड़ी संभावनाः अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



दो दिवसीय दौरे पर मध्यप्रदेश गए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में परिवर्तन निश्चित है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य मध्य प्रदेश में भाजपा को हराना है। मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या से समाजवादी नेता निकले हैं। यहां बड़ी गुंजाइश है। समाजवादी विचारधारा का भविष्य बड़ा और अच्छा है। अखिलेश ने इस दौरान मध्य प्रदेश के राजनगर क्षेत्र में स्थित सिंगरो गांव में एक आदिवासी के आवास पर भोजन किया। घर की महिलाओं ने स्वागत कर उन्हें भोजन कराया। अखिलेश यादव ने खजुराहो में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि समाजवादी पार्टी का संगठन जिन क्षेत्रों में मजबूत है और जहां पर हमारे प्रत्याशी जीतने की स्थिति में हैं, वहां पर चुनाव लड़ेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी एक सीट जीती और कई स्थानों पर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ी। सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ है। हम (पीडीए) पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके भाजपा को हराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। दावा किया कि केंद्र में 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। मध्य प्रदेश में भी भाजपा को हराने और सत्ता परिवर्तन में समाजवादियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सरकार में आने का मौका मिला तो मध्य प्रदेश में माता बहनों को हर महीने छह हजार देकर उनकी मदद करेंगे। आदिवासियों को उनका हक और सम्मान दिलाएंगे और घर बनाने के लिए लाख रुपये दिए जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछले 20 वर्षों से मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज है लेकिन उसने पिछड़ों को पूरा आरक्षण नहीं दिया। महिलाओं, बहन, बेटियों के साथ बहुत ज्यादा अन्याय और अत्याचार हो रहा है। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश महिला अपराधों के मामले में देश में सबसे ऊपर हैं। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटों पर टिकट क्यों नहीं दे रही है?

# उपभोक्ताओं से नहीं लिया जाएगा स्मार्ट मीटर का चार्ज कंपनियों को मिलेगा 900 से 1350 रुपया अनुदान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। उन पर स्मार्ट मीटर का खर्च देने का मंडरा रहा खतरा खत्म हो गया है। अब ऊर्जा मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि विद्युत उपभोक्ताओं से किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर का चार्ज नहीं लिया जाएगा। इसके एवज में ऊर्जा मंत्रालय विद्युत कंपनियों को 900 से 1350 रुपये तक अनुदान देगा।

प्रदेश में करीब 25 हजार करोड़ की लागत से तीन करोड़ स्मार्ट मीटर लगने हैं। इसे लेकर टेंडर प्रक्रिया चल रही है। यहां अब तक 12 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। ऐसे में विद्युत वितरण निगम की ओर से हर साल टैरिफ प्लान में स्मार्ट मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर डालने का प्रस्ताव दिया जाता है, लेकिन चार साल से यह प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग खारिज करता रहा है। ऐसे में नियामक आयोग के फैसले के खिलाफ निगमों ने अपीलीय ट्रिब्यूनल में मुकदमा भी दाखिल कर रखा है। अब ऊर्जा मंत्रालय ने 16 सितंबर को सभी विद्युत नियामक आयोग को आदेश दिया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर आने वाला खर्च किसी भी रूप में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं से नहीं लिया जाएगा। क्योंकि यह पूरी योजना आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत आती है, जिस पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय 900 से 1350 रुपए प्रति मीटर अनुदान देगा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने अपने आदेश में यह भी लिखा है कि उत्तर प्रदेश में जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं, उससे बिजली कंपनियों को 18 से 40 रुपया प्रति मीटर फायदा हो रहा है। ऊर्जा मंत्रालय ने राज्यों के नियामक आयोग के साथ ही पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों को भी पत्र भेजा है। पत्र पहुंचने के बाद पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश के सभी विद्युत वितरण निगमों को आदेश देना शुरू कर दिया है।

### लंबे समय से चल रही है जोर आजमाइश

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत वितरण निगमों की ओर से स्मार्ट मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर डालने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है, लेकिन उपभोक्ता परिषद इसका विरोध करता रहा। परिषद की दलील पर नियामक आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष आरपी सिंह उपभोक्ताओं पर भार डालने पर सहमत नहीं हुए। यही वजह है कि चार साल से टैरिफ आदेश में मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं आया। अब ऊर्जा मंत्रालय ने पूरे मामले का पटाक्षेप कर दिया है।

### लटका है प्रीपेड स्मार्ट मीटर का टेंडर

विद्युत वितरण निगमों की ओर से प्रीपेड स्मार्ट मीटर की टेंडर प्रक्रिया लटकी हुई है। मूल्य की वजह से कई बार टेंडर प्रक्रिया निरस्त हो चुकी है। ऊर्जा मंत्रालय की ओर से इसकी कीमत करीब छह हजार रुपये प्रति मीटर तय किया है, जबकि पश्चिमांचल में इसकी 8415 रुपये पर हो चुका है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018 में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की ओर से लगाए गए पुरानी तकनीकी 2जी व 3जी के 50 लाख स्मार्ट मीटर को 4जी में बदलने का मामला भी लटका हुआ है।

# अगस्त में परिवहन निगम को हुई एक अरब से अधिक की आय, अंतरराज्यीय बसों के संचालन से आय में वृद्धि

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

### धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से जल्द चलेंगी कई अन्य बसें

परिवहन मंत्री के मुताबिक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए बसों के संचालन के क्षेत्र में कार्य तेजी से चल रहा है। जल्द ही प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से बस सेवाएं संचालित की जाएंगी। साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों को भी प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे कि लोग इन धार्मिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों पर जाकर वहां धार्मिक व व्यक्तिगत कार्यों के साथ ही पर्यटन का भी लुफ्त उठा सकें।




योगी सरकार एक तरफ जहां यात्रियों की सुरक्षित यात्रा को लेकर पूरी तरह संजीदा है, वहीं परिवहन निगम की विशेष सुविधाओं पर भी पूरी नजर रखी है। यूपीएसआरटीसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों और ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा आठ राज्यों एवं नेपाल के बीच अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय बस सेवा का संचालन भी किया जाता है। इसमें दिल्ली, उत्तराखंड,राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं नेपाल शामिल हैं। कुल 2326 बसों का संचालन किया जाता है। इन बसों के संचालन से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को अगस्त 2023 में 1 अरब दो करोड़ 38 लाख 78 हजार 430 रुपये की आय को हुई है।

यात्रियों की सुविधा पर पूरा ध्यान

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से यात्री धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से आते रहते हैं। साथ ही प्रदेश के निवासी भी अन्य राज्यों में धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से जाते रहते हैं। अपने देश एवं प्रदेश के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश के अंदर और प्रदेश से लगे राज्यों के मध्य बसों का संचालन किया जाता है, जिससे यात्रियों को आवागमन में असुविधा न हो। इन राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का अनुबंध है।

# परिवहन विभाग के पांच अफसरों का प्रमोशन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश शासन ने परिवहन विभाग के कई अधिकारियों को प्रमोशन कर दिया है।इन अधिकारियों में परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन वीके सोनकिया को प्रमोशन देते हुए परिवहन विभाग का विशेष सचिव बना दिया गया है। अब वे मुख्यालय के बजाय सचिवालय में बैठेंगे।अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन का अतिरिक्त कार्यभार अब सड़क सुरक्षा सेल की जिम्मेदारी संभाल रहे अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी को सौंपा गया है।शासन ने परिवहन विभाग के पांच अधिकारियों को प्रोन्नति प्रदान कर दी है। इनमें पहला नाम परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एनफोर्समेंट वीके सोनकिया का है। सोनकिया को अब परिवहन विभाग के विशेष सचिव का दायित्व सौंपा गया है।उनका पद रिक्त होने के चलते अब उप परिवहन आयुक्त रहे पुष्प सेन सत्यार्थी जो वर्तमान में सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# कॉलेजों मे डीफार्मा कोर्स की संबद्धता न बढ़ाने का आदेश रद्द, हाईकोर्ट ने याचिकाओं पर दिया फैसला

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के करीब 20 तकनीकी शिक्षा संस्थानों में डीफार्मा कोर्स की संबद्धता न बढ़ाने के उप्र तकनीकी शिक्षा बोर्ड के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इन संस्थानों को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) से कोर्स की मंजूरी मिल चुकी है, ऐसे में इन्हें संबद्धता विस्तार दिया जाए। अगर इन कॉलेजों में कोई कमी हो तो बोर्ड इससे पीसीआई को अवगत कराए। वहीं, कोर्ट ने कॉलेजों में डीफार्मा कोर्स की सीटें भरने को काउंसिलिंग शुरू करने के बोर्ड के आदेश को भी निरस्त कर दिया। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत निर्णय लेकर काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी किया जाए। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला व आदेश बांदा जिले के बांदा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट समेत करीब 20 कॉलेजों की अलग-अलग दायर याचिकाओं पर दिया। इस फैसले से याची तकनीकी कॉलेजों को बड़ी राहत मिली है। याची कॉलेज के वकील अमित कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि याचिकाओं में बोर्ड की समिति के बीते 25 सितंबर के उस निर्णय को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था की कमियों की वजह से संबद्धता विस्तार नहीं किया जाएगा। जबकि एक याचिका में बीते 25 सितंबर से काउंसिलिंग शुरू करने के बोर्ड के 16 सितंबर के निर्णय को भी चुनौती दी गई थी। याची कॉलेजों की ओर से कहा गया कि उन्हें पीसीआई ने सत्र 2023-24 में डीफार्मा कोर्स संचालित करने की मंजूरी दी है। ऐसे में बोर्ड उन्हें इस सत्र की संबद्धता दे। एक कालेज की याचिका पर बीते 20 सितंबर की कोर्ट ने आदेश दिया था कि काउंसिलिंग शुरू होने से पहले बोर्ड संबद्धता जारी रखने पर निर्णय ले।

# बाइक सवार को बचाने में दो ट्रक में आमने-सामने हुई भिड़ंत, पांच घायल





जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

- इटौंजा कुर्सी मार्ग पर फुटपाथ ना होने से हुआ भीषण सड़क हादसा
- पुलिस व राहगीरों ने घायलों को भिजवाया अस्पताल, इलाज जारी

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना महोना चौकी क्षेत्र इटौंजा कुर्सी रोड पर फुटपाथ ना होने की वजह से आए दिन बड़े हादसे होते रहते हैं जबकि इसी स्थान के 50 मीटर की दूरी पर एक वर्ष पूर्व ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से करीब 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी थी, उसी समय जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार ने तत्काल दोनों तरफ फुटपाथ बनाने के आदेश दिए थे, लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने संज्ञान नही लिया। इसके अलावा हर हफ्ते इस मार्ग पर फुटपाथ ना होने के कारण बड़े वाहन पलटते रहते है। बता दे की गुरुवार को दोपहर 2 बजे गद्दीनपुरवा पुरवा गांव के सामने इटौंजा कुर्सी रोड पर भीषण सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। वहीं बाइक सवार गद्दीनपुरवा गांव निवासी इशराइल व पत्नी सन्नो अपाचे बाइक नंबर यूपी 32 एफ.वाई 3942 से महोना दवाई लेने गये थे वहा से वापस आ रहे थे कि गांव के सामने बाइक सवार को बचाने में दो ट्रक आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों ट्रक चालक बुरी तरह घायल हो गए। ट्रक गाड़ी नंबर पी.बी.13 बी.एन 9833 चालक नौशाद पुत्र यकीन निवासी ककरौली जिला मुजफ्फरनगर व ट्रक गाड़ी नंबर यूपी 30 टी 1111 चालक धीरज पुत्र कामता प्रसाद उम्र 25 वर्ष जिला हरदोई कंडक्टर आकाश पुत्र पृथ्वीपाल उम्र 19 वर्ष निवासी गुसवा डोंगा संडीला हरदोई बुरी तरह घायल हो रह गए जिनको डॉक्टर ने शौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं अपाचे बाइक सवार इशरायल पुत्र स्माइल पत्नी सन्नो के परिजनों ने लखनऊ मड़ियांव स्थित हाईवे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। चश्मदीद ने बताया कि दोनों ट्रक कंडम हो चुके थे एक्सीडेंट के बाद दोनों ट्रक के हिस्से रोड पर ही बिखर गए आरटीओ अधिकारी की लापरवाही के चलते कंडम ट्रक सड़क पर छोड़ दिया जाता है जिससे कि आमजन को हानि उठानी पड़ती है।

# इटौंजा महोना में सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला वारावफात जुलूस, शांतिपूर्वक संपन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र व महोना चौकी क्षेत्र में ईद मीलाद उन नबी वारावफात का जुलूस शांतिपूर्वक ढंग से निकाला गया। बता दें कि इटौंजा महोना अमानीगंज इलाकों मे वारावफात जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। हाथों में फूल लेकर जगह जगह इस्तकबाल कर जुलूस में मिठाईयां बांटी गई। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में जुलूस में पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।इटौंजा जुलूस में भारी पुलिस बल तैनात रहा, वहीं महोना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन कस्बा महोना में मय पुलिस बल के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस संपन्न करवाया।

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि भवन संख्या 117/के /32- ए काकादेव कानपुर नगर जो कि भूखंड संख्या 22 आर0 एस0 पुरम काकादेव पर निर्मित है रकबा 200 वर्गगज से संबंधित मूल विक्रय विलेख दिनांक 28/04/1981 बहक श्री हरिंदर सिंह जिसका पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 3633 के पृष्ठ संख्या 274 से 278 पर क्रमांक संख्या 4895 पर पंजीकृत है, कहीं खो गया है। श्रीमती रुचि मिश्रा उपरोक्त संपति को सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एस0एच0एफ0एल0) में बंधक कर रहीं हैं,यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करे। किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

भारत भटनागर
एडवोकेट
कार्यालय कमरा नंबर 14
द्वितीयतल
मुद्गल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट
कंपाउंड कानपुर नगर
मो0नं0 9839034426

# भगत सिंह की जयंती पर शहीद मंदिर काकोरी में शहीद रज कलश यात्रा का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ






राष्ट्रीय शहीद मेला चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह की जयंती पर संस्था के प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं व शहीद परिजनों द्वारा प्रदेश के कई जिलों से शहीदों की समाधि स्थलों, शहीद स्मारकों की पावन माटी को एकत्रित कर शहीद मंदिर काकोरी लखनऊ तक शहीद रज कलश यात्रा का आयोजन कर लाया गया। बुद्धवार को मैनपुरी, इटावा, कन्नौज फर्रुखाबाद बरेली कानपुर, फतेहगंज, औरैया आदि कई जिलों से संस्था के कार्यकर्ताओं व शहीद के परिजनों ने शहीदों की समाधि स्थल की पावन माटी को शहीद रज कलश में स्थापित कर जिले के शहीद स्मारकों से लखनऊ के लिए शहीद रज कलश यात्रा की शुरुआत की। बृहस्पतिवार को शहीद भगत सिंह की जयंती पर विभिन्न जिलों से आई शहीद रज कलश यात्रा की टोलियां शाहिद मंदिर काकोरी पहुंची। शाहिद मंदिर में शहीद भगत सिंह के साथ काकोरी के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कई जिलों से आए शहीद के परिजनों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले परिजनों में लखनऊ से काकोरी कांड के क्रांतिकारी रामकृष्ण खत्री के सुपुत्र श्री उदय खत्री, श्रीमती रागिनी सिंह लखनऊ, जय गोविंद इटावा, पवन कुमार फर्रुखाबाद, श्री करुणा करण कन्नौज, सचिन राज, विवेक त्रिपाठी मैनपुरी, अरुणा कांत सिंह कानपुर आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी व राष्ट्रीय शहीद मेला ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुबख्स सिंह ने शहीदों के परिजनों और राष्ट्र कर्मयोगियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन इंद्रपाल सिंह व सुभाष आचार्य ने किया। कार्यक्रम संयोजक रवि भूषण सिंह व शिवम यादव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इटौंजा में धूमधाम से सभासद ने गोमती नदी में किया गणेश विसर्जन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ जिले के बखूशी का तालाब क्षेत्र व गांवों में धूमधाम से गणेश विसर्जन किया गया। बता दे कि बीकेटी से लेकर इटौंजा तक गणेश विसर्जन की धूम दिखाई दी। इटौंजा वार्ड नंबर 9 सभासद संजय त्रिपाठी ने गणेश जी की प्रतिमा को अपने घर से बाजे गाजे ढोल नगाड़ों के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा के जयकारे लगाते गोमती तट के किनारे लासा देवी मंदिर में पूजा पाठ कर गोमती नदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। गणेश विसर्जन के दौरान इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी मय पुलिस बल के साथ में मौजूद रहें। इस मौके पर सभासद संजय त्रिपाठी, शिवम पांडे, अमित कश्यप एवं सैकड़ो की संख्यां में नगरवासी व गणेश भक्त मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी आलमबाग ने पैदल गश्त कर जनता व व्यापारियों को कराया सुरक्षा का एहसास




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

थाना प्रभारी आलमबाग शिवशंकरन महादेवन के नेतृत्व में ईद - ए - मिलाद उन - नबी एवं गणेशोत्सव त्योहारों के चलते चौकी प्रभारी बस अड्डा, चौकी प्रभारी बरहा, अर्जुन राजपूत चौकी प्रभारी चंदर नगर, उप निरीक्षक एबिन हसन, महिला उप निरीक्षक रिचा मिश्रा एवं फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं आम जन मानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया। बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी आलमबाग ने आलमबाग थाने से लेकर भिलावा चौकी होते हुए चंदर नगर चौकी तक पैदल गस्त किया। उप निरीक्षक एविन हसन ने बताया कि त्योहारों के चलते व्यापारियों एवं आम जन मानस को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए चोर - उचक्कों से सावधान रहने की सलाह दी गई। फिलहाल आलमबाग थाना प्रभारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद किया गया है। ताकि जनमानस को किसी भी प्रकार की परेशानी एवं विवादों का सामना न करना पड़े।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# पूर्वजों को याद कर उन्हें नमन करने का पर्व है श्राद्ध

**जो स्वजन अपने शरीर को छोड़ कर चले गए हैं चाहे वे किसी भी रूप में अथवा किसी भी लोक में हों, उनकी तृप्ति और उन्नति के लिए श्रद्धा के साथ जो शुभ संकल्प और तर्पण किया जाता है, वह श्राद्ध है। माना जाता है कि सावन की पूर्णिमा से ही पितर मृत्यु लोक में आ जाते हैं और नवांकुरित कुशा की नोकों पर विराजमान हो जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष में हम जो भी पितरों के नाम का निकालते हैं, उसे वे सूक्ष्म रूप में आकर ग्रहण करते हैं। केवल तीन पीढ़ियों का श्राद्ध और पिंड दान करने का ही विधान है। श्राद्ध स्त्री या पुरुष, कोई भी कर सकता है।**

*प्रतिवर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष प्रारंभ हो जाता है, जो आश्विन अमावस्या तक अर्थात 16 दिनों तक चलता है। इस साल पितृ पक्ष की शुरुआत 29 सितंबर से हो रही है और श्राद्ध पक्ष का समापन 14 अक्टूबर को होगा। श्राद्ध पक्ष की अवधि में पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है, जिससे पूर्वज प्रसन्न होते हैं। कहा जाता है कि पितरों के प्रसन्न होने से वंशजों का भी कल्याण होता है। जो लोग पूरे श्राद्धपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान न कर पाए हों वह सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं। इस दिन बिहार के गयाजी में पिंडदान करने का सबसे ज्यादा महत्व है। इस साल आश्विन माह की सर्वपितृ अमावस्या के दिन साल का दूसरा और आखिरी सूर्यग्रहण भी लग रहा है। सर्वपितृ अमावस्या पर सूर्य ग्रहण रात 08.34 मिनट से अगले दिन प्रातः 02.25 मिनट तक रहेगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी नहीं रहेगा। सर्वपितृ अमावस्या को महालया अमावस्या और पितृ विसर्जनी अमावस्या भी कहते हैं। पितृ पक्ष में पूर्वज धरती पर अपने परिवार के बीच आते हैं और उन्हें आशीर्वाद देते हैं, ऐसी धार्मिक मान्यता है। सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों को सम्मानपूर्वक श्राद्ध, पिंडदान और पूजा करते हुए विदाई दी जाती है। कहते हैं सर्वपृित अमावस्या तिथि पर किया गया श्राद्ध, परिवार के सभी पूर्वजों की आत्माओं को प्रसन्न करने के लिये पर्याप्त है। सर्वपितृ अमावस्या पर परिवार के उन मृतक सदस्यों का श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु अमावस्या तिथि, पूर्णिमा तिथि तथा चतुर्दशी तिथि को हुई हो। अगर किसी कारणवश मृत्यु तिथि पर श्राद्ध करने में सक्षम न हों, तो वो मात्र अमावस्या तिथि पर श्राद्ध कर सकता है। जिन पूर्वजों की पुण्यतिथि ज्ञात नहीं है, उनका श्राद्ध भी अमावस्या तिथि पर किया जा सकता है, इसीलिये अमावस्या श्राद्ध को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। श्राद्ध पक्ष के दिनों में- ।।ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय।। -मन्त्र का वाचन करना चाहिए। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन श्राद्ध की शुरुआत और समापन में- ।।देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्यन एव च। नमः स्वाहायै स्व धायै नित्यमेव भवन्युव त।। -मंत्र का वाचन करें। पितृ दो प्रकार के होते हैं। एक दिव्य पितर और दूसरे पूर्वज पितर। दिव्य पितर ब्रह्मा के पुत्र मनु से उत्पन्न हुए ऋषि हैं। पितरों में सबसे प्रमुख अर्यमा हैं, जिनके बारे में गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि पितरों में प्रधान अर्यमा वे स्वयं हैं। दूसरे प्रकार के पितृ पूर्वज होते हैं। पितृपक्ष में अपने इन्हीं पितरों को लोग याद करते हैं और इनके नाम से पिंडदान, श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाते हैं। कठोपनिषद्, गरुड़ पुराण, मार्कण्डेय पुराण के अनुसार पितृ अपने परिजनों के पास पितृ पक्ष श्राद्ध के समय आते हैं और अन्न जल एवं आदर की अपेक्षा करते हैं। जिन परिवार के लोग पितृ पक्ष के दौरान पितरों के नाम से अन्न जल दान नहीं करते, श्राद्ध कर्म नहीं करते हैं, उनके पितर भूखे-प्यासे धरती से लौट जाते हैं। इससे परिवार के लोगों को पितृ दोष लगता है। इसे पितृ शाप भी कहते हैं। इससे संतान प्राप्ति में बाधा आती है। परिवार में रोग और कष्ट बढ़ जाता है। पितृ पक्ष में जिन तिथियों में पूर्वज यानी पिता, दादा, परिवार के लोगों की मृत्यु हुई होती है उस तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध का नियम है कि दिन के समय पितरों के नाम से श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए। देवताओं की पूजा सुबह में और पितरों की दोपहर में होती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अंत में यही कि प्रधानमंत्री मोदी का एक माह में 85 देशों के नेताओं से मिलना अपने आप में बहुत मायने रखता है। राजनीतिज्ञों, राजनयिकों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों भी यह स्वीकार करते हैं कि उन्होंने अपनी दूरदृष्टि से भारत को वैश्विक मामलों में एक प्रमुख हितधारक बना दिया है। पीएम मोदी अपने आप में एक मजबूत नेता ही नहीं, बल्कि कहा जाए कि एक ऐसा व्यक्तित्व है, जो जिससे मिलते हैं उसे अपने सांचे में ढाल देते हैं, यही कारण है कि दुनिया भर में भारत की छवि आज शक्तिशाली देश के रूप में सामने आई है। उन्हीं के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था जो विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है।**

# प्रधानमंत्री मोदी का एक माह में 85 देशों के नेताओं से मिलना



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**निश्चित ही जो करिश्मा आज तक दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वह भारत ने कर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत की सफलता और साख के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। उन्होंने जहां एक ओर अपनी सफल कूटनीति से अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और रूस सरीखे ताकतवर देशों को अपना मुरीद बनाया है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 30 दिनों तक विदेशी नेताओं के साथ बैठकें कर जो संवाद स्थापित किया, उसने आज अपने आप में एक रिकार्ड बना लिया है। भारत को छोड़ कर दुनिया का शायद ही कोई देश होगा, जिसके प्रधानमंत्री या राष्ट्र प्रमुख ने एक माह में 85 देशों के प्रमुख नेताओं से संपर्क साधा और कूटनीति की कुर्सी पर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उससे अपने लाभ के नितिगत निर्णयों में हां करवाई होगी। वस्तुतः इस संदर्भ में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया भी कि कैसे पिछले 30 दिन में भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है। जी-20 से पहले दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ और भारत के प्रयास से ब्रिक्स समुदाय में छह नए देश शामिल किए गए। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह यूनान गए जो गत 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। पीएम मोदी ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने इंडोनेशिया में भी विश्व के अनेक नेताओं के साथ बैठकें कीं। इस तरह से देखें तो गत 30 दिनों के अल्प समय में 85 देशों के नेताओं से उन्होंने न सिर्फ संपर्क किया बल्कि सार्थक संवाद के माध्यम से उन्हें भारत के हितों में उनके हित निहित हैं इस बात से ठीक तरह से अवगत करा दिया है। निश्चित ही इससे आज भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है। सच पूछिए तो प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की इस पहल से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता और भूमिका को महसूस किया जा सकता है। आज वे दिन याद आते हैं जब प्रधानमंत्री मोदी मई 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पहला विदेश दौरा अगस्त 2014 में जापान का किया था। वहां पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिंजो आबे के साथ तालमेल स्थापित किया। पिछले साल जुलाई में जब उनके दोस्त की हत्या हुई तो पीएम मोदी को गहरा दुख हुआ था। वह अपने दोस्त के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने जापान गए थे। विदेश नीति और कूटनीति के स्तर पर उन्होंने सार्क देशों के सभी प्रमुखों की उपस्थिति में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया और दूसरे की शुरुआत में बिम्सटेक नेताओं को आमंत्रित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके संबोधन की हर बार दुनिया भर में सराहना हुई है । पीएम मोदी 17 साल की लंबी अवधि के बाद नेपाल, 28 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया, 31 साल के बाद फिजी और 34 साल के बाद सेशेल्स और यूएई के द्विपक्षीय



**पहले दुनिया भर में कुल 177 राष्ट्रों ने एक साथ मिलकर 21 जून को संयुक्त राष्ट्र में ' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया और फिर उसके बाद से इसका हर साल सफलता से आयोजन पूरी दुनिया में एक साथ हो रहा है।**

दौरे पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। पदभार संभालने के बाद से मोदी ने यूएन, ब्रिक्स, सार्क और त्न-20 समिट में भाग लिया और अपने यहां भी सफलतम आयोजन कराया, जिसकी कि आज पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ की दृष्टि विश्व को देना हो या यह नारा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर अर्थात् एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य करते हुए समस्त विश्व को एक छाते के नीचे लाना जिसमें कि अफ्रीकी संघ का जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में सम्मिलित करने के मोदी के प्रयासों को मिली सफलता को आज प्रमुखता से देखा जा सकता है। कई अफ्रीकी देशों की प्रतिक्रिया अभूतपूर्व है, किसी ने कहा, भारत दुनिया की पांचवीं महाशक्ति है, इस कारण अफ्रीका में हिंदुस्तान के लिए पर्याप्त जगह है। हम यह भी जानते हैं कि इंडिया इतना शक्तिशाली है कि वो स्पेस पर पहुंच गया, हमें बस समन्वय करने की जरूरत है, भारत अब चीन से आगे है।÷ तो कोई यह बोला कि 'जी-20 में शामिल किये जाने की हम लंबे समय से वकालत कर रहे थे, किंतु सफलता भारत के प्रधानमंत्री मोदी के कारण मिली। जी-20 में एयू की भागीदारी से अफ्रीकी महाद्वीप की आवाज को वैश्विक मंच पर अधिक प्रभावशाली तरीके से रखा जा सकेगा।' इसके साथ यह भी प्रतिक्रिया सामने आई कि अफ्रीकी और अन्य विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के रूप में, हमें गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के बीच अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की बाध्यता का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब हमारे साथ ऐसा नहीं होगा, यह उम्मीद की जा सकती है। देशभर में करीब 200 आयोजनों के साथ नरेंद्र मोदी की सरकार ने जी20 को पूरे भारत में दिलचस्पी के केंद्र में ला दिया। भारत ने सम्मेलन से सिलसिले में हुए आयोजनों का आर्थिक फायदा भी उठाया। देश के 200 शहरों में बैठकों के आयोजन का मतलब था, दुनिया भर के प्रतिनिधियों को उन शहरों तक ले जाना और उसके लिए न सिर्फ आयोजन और सुरक्षा की बल्कि रहने सहने की व्यवस्था करना। निश्चित तौर पर इससे पर्यटन की एक संरचना बनी जिसका फायदा भारत को मिलना शुरू भी हो गया है। वास्तव में यह भारत की विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोई छोटी उपलब्धि नहीं रही है। इस वैश्विक सम्मेलन जी20 में विभिन्न वैश्विक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर भारत के विचारों को व्यापक रूप से सराहा गया है, उसे स्वीकार्यता मिली है। इसे मोदी का प्रभावी व्यक्तित्व माना जाएगा कि उन्हें सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज सैश', रूस के शीर्ष सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले सम्मान', फिलिस्तीन के 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' सम्मान, अफगानिस्तान के 'अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड', यूएई के 'जायेद मेडल' और मालदीव के 'निशान इज्जुद्दीन' सम्मान जैसे सर्वश्रेष्ठ सम्मानों से सम्मानित किया गया है। शांति और विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार दिया गया है। वस्तुतः यह मोदी की कूटनीतिक क्षमता ही है कि ' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने के नरेन्द्र मोदी के आग्रह को संयुक्त राष्ट्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिली। पहले दुनिया भर में कुल 177 राष्ट्रों ने एक साथ मिलकर 21 जून को संयुक्त राष्ट्र में ' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया और फिर उसके बाद से इसका हर साल सफलता से आयोजन पूरी दुनिया में एक साथ हो रहा है।

### एक्सप्रेस कविता

*खुशियाँ बांटिए तेजी से हैं बढती,*
*गमों का भला हम पर क्या असर होगा।*
*उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद*
*फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।*
*दो पल की माया है दौलत, शोहरत,*
*फकीरों के लिए यह तो जहर होगा।*
*खुशी और गम,सिक्के के दो पहलु,*
*सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।*
*जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,*
*जो ईमान का हम सफ़र होगा।*
*आज जी ले,जोश जूनून के संग,*
*अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।*
*कर ले उपवास ईश्वर के नाम,*
*ईश्वर ही तेरा हमसफर होगा।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*हमारे व्यक्तित्व का बदलाव हमारी सोच से ही प्रारम्भ होता है, यदि हम अपनी सोच को बदल दें, तो हमारी वाणी और कर्म खुद ही बदल जाएंगे।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 15:29 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 23:11 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | वृद्धि, 20:01 |
| सूर्योदयः | 06:6 |
| सूर्यास्तः | 18:05 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 10:42-12:10 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:47-12:34 |

## जन एक्सप्रेस

### घिर गए इस बार !

*पड़ गए अकेले ।*
*घिर गए इस बार ।।*
*असरदार ना रहा ।*
*किए जो प्रहार ।।*
*फायदे के चक्कर में ।*
*कर गए नुकसान ।।*
*खुली आखिर पोल ।*
*बनने चले महान ।।*
*खेला था जो खेल ।*
*पड़ा उल्टा दाव ।।*
*आया शायद समझ में ।*
*फर्ज़ी है झुकाव ।।*
*झेलना पर होगा ।*
*आएगा ठहराव ।।*
*दे सकता है सदमा ।*
*ज्यादा ये जुड़ाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन घटाने में फायदेमंद है दूब घास



**बढ़ता** वजन कई बीमारियों का घर होता है। थोड़ा भी वजन बढ़ना किसी को भी टेंशन में डाल सकता है। वजन बढ़ने के साथ आपके शरीर में कई तरह की शारीरिक समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं, जिससे बचने के लिए अक्सर लोग डाइटिंग, एक्सरसाइज, योग को अपने रूटीन में शामिल करते हैं जिसका कोई खास असर उनको नहीं मिलता। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि आयुर्वेद में दूब घास को वजन कम करने में कारगर माना गया है।

**वजन घटाने में कैसे कारगर है दूब घासः** दूब घास के सेवन से वजन घटाने में काफी मदद मिलती है। दूब घास में मौजूद विटामिन, प्रोटीन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, हाइड्रोकार्बन, ग्लूकोसाइड, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व हमारे शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं और इसे हेल्दी रखते हैं। अगर आप वजन कम करने के बारे में सोच रहे हैं, तो इसका सेवन करने से आपको अच्छा रिजल्ट मिल सकता है। दूब घास के सेवन से इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग रहती हैं और जल्दी भूख नहीं लगती। इतना ही नहीं, दूब घास एक डिटॉक्सिफायर के रूप में भी काम करता है और एसिडिटी की समस्या से भी बचाने में काफी फायदेमंद है।

#### दूब घास के अन्य फायदे

- पेट दर्द की समस्या दूर करे
- इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है
- स्किन को चमकदार बनाए रखने में फायदेमंद
- ब्लड शुगर कंट्रोल रखे
- पीरियड क्रैम्प को कम करे
- दांतों को मजबूत बनाए

**दूब घास का जूसः** सबसे पहले एक मुट्ठी दूब घास को अच्छी तरह साफ कर लें और फिर 2 से 3 चम्मच पानी डालकर मिक्सर में इसका पेस्ट तैयार कर लें। रोजाना एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच यह पेस्ट मिलाकर सुबह पिएं। दूब घास का जूस पीने के बाद कम से कम 3 घंटे तक भोजन और पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें।

**दूब घास का चूर्णः** दूब घास का चूर्ण बनाने के लिए घास को धोकर धूप में सुखा लें और मिक्सर में पाउडर तैयार कर लें। आप रोज सुबह एक चम्मच पाउडर में शहद मिलाकर खा सकते हैं। आप चाहें तो एक गिलास पानी के साथ भी इसे पी सकते हैं।

**दूब घास का पानीः** घास को अच्छी तरह धोकर रात भर के लिए एक गिलास पानी में भिगोकर रखे दें। अगली सुबह इसे 3 से 5 मिनट तक उबालें और फिर छान कर पी लें।

### एक्सप्रेस विशेष

# भारत में जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना ही होगा



प्रहलाद सबनानी

**इस कार्यक्रम से वर्ष 2025 तक भारत को तेल आयात में लगभग 45,000 करोड़ रुपए और सालाना 6.3 करोड़ टन तेल की बचत होगी। इस कदम से भारत के किसानों को अन्नदाता से ऊर्जादाता बनाने में मदद मिलेगी और उन्हें आय का एक अतिरिक्त स्त्रोत भी प्राप्त होगा।**

**भारत** अपनी ऊर्जा की कुल आवश्यकता का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है एवं भारत के कुल आयात में कच्चे तेल की भागीदारी सबसे अधिक है। इससे भारत के विदेश व्यापार में असंतुलन पैदा होता है तथा विदेश व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। कच्चे तेल को परिष्कृत कर पेट्रोल एवं डीजल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जो कि जीवाश्म ऊर्जा की श्रेणी में आता है, इससे कार्बनडाई आक्सायड नामक गैस वातावरण में फैलती है और देश का पर्यावरण दूषित होता है। अतः अब समय आ गया है कि भारत में जीवाश्म ऊर्जा के उपयोग को कम करते हुए जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय। इस दृष्टि से हाल ही में जी-20 सम्मेलन के इत्तर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की घोषणा 9 सितम्बर 2023 को की। 9 संस्थापक सदस्य और 2 पर्यवेक्षक देश इस लॉन्चिंग में शामिल हुए। वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के जरिए जैव ईंधन के लिए, भारत सदस्य देशों के साथ मिलकर, दुनिया के अन्य देशों को नई राह दिखाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रयास से निश्चित रूप से दुनिया भर में ऊर्जा की आवश्यकता के लिए पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता कम होगी। इस गठबंधन से किसानों को अन्नदाता से ऊर्जादाता बनाने में मदद मिलेगी एवं

**वर्ष 2022 में वैश्विक ईथेनाल बाजार का मूल्य 9,906 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, जो एक अनुमान के अनुसार, 5.1 प्रतिशत की सीएजीआर की वृद्धि के साथ, वर्ष 2032 तक 16,212 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। इससे भारत के लिए बड़े अवसर पैदा होंगे। भारत सरकार अपने तेल बिल आयात में कटौती करना चाहती है और शहरों में कार्बनडाई ओकसाईड प्रदूषण की मात्रा कम करना चाहती है।**

इससे किसानों को आय का एक अतिरिक्त साधन प्राप्त होगा। इस अवसर पर मोदी जी ने कहा कि वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का शुभारम्भ स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में चल रहे प्रयासों में एक ऐतिहासिक क्षण है। इस गठबंधन में भारत, सिंगापुर, बांग्लादेश, इटली, अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, मारिशस और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हुए हैं। साथ ही, 19 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन भी इस गठबंधन का समर्थन कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन, विश्व आर्थिक मंच और विश्व एलपीजी एसोसीएशन का समर्थन भी इस गठबंधन को मिला है। यह संगठन उपभोक्ताओं और उत्पादकों को एक मंच प्रदान करेगा तथा इसके उद्देशों में शामिल हैं, प्रौद्योगिकी के विकास को सुविधाजनक बनाना, टिकाऊ जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना, हितधारकों की व्यापक स्तर पर भागीदारी से मजबूत मानकों का निर्धारण करना एवं इनके प्रमाण को आकार देना तथा जैव ईंधन के वैश्विक विकास में तेजी लाना है। यह गठबंधन ज्ञान के केंद्रीय संग्रहण और विशेषज्ञ केंद्र के रूप में कार्य करेगा। गठबंधन का लक्ष्य एक ऐसे उत्प्रेरक के रूप में काम करना है जो जैव ईंधन के विकास और व्यापक रूप से इसे अपनाने के लिए वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहन देगा। यह गठबंधन जैव ईंधन को बदलाव के रूप में ऊर्जा स्त्रोतों के प्रमुख घटक के रूप में स्थापित करने, रोजगार और आर्थिक विकास में योगदान देने का प्रयास भी करेगा। यह पहल विशेष रूप से भारत के लिए कई मोर्चों पर फायदेमंद साबित होगी। इससे प्रौद्योगिकी निर्यात और उपकरण निर्यात के रूप में भारतीय उद्योगों को अतिरिक्त अवसर प्राप्त होंगे। यह भारत के जैव ईंधन कार्यक्रमों जैसे पीएम जीवन योजना और गोवर्धन योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने में मदद करेगी। किसानों की आय में वृद्धि करने और रोजगार के करोड़ों नए अवसर पैदा करने में और भारतीय ईको सिस्टम के समग्र विकास में भी सहायक होगी। जीवाश्म ऊर्जा पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारत वैकल्पिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। ऊर्जा मिश्रण में विविधता लाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसमें सौर, पवन, पनबिजली और परमाणु ऊर्जा के उपयोग का विस्तार करना भी शामिल है। भारत के पास तेल और गैस के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। सरकार घरेलू एवं विदेशी तेल कम्पनियों को तटवर्ती अपतटीय दोनों तरह के अन्वेषण एवं उत्पादन गतिविधियों में शामिल कर रही है। भारत, परिवहन, औद्योगिक प्रक्रियाओं, प्राथमिकता भवनों सहित, विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता उपायों को प्राथमिकता दे रहा है। रणनीतिक तेल भंडार विकसित करना भी भारत के भविष्य के लिए काफी अहम है। साथ ही जीवाश्म तेल में ईथेनाल का सम्मिश्रण भी किया जा रहा है ताकि पेट्रोल एवं डीजल के उपयोग को कम किया जा सके। आज समय की मांग है कि विश्व के समस्त देश ऊर्जा सम्मिश्रण के क्षेत्र में साथ मिलाकर काम करें। भारत ने सुझाव दिया है कि पेट्रोल में ईथेनाल सम्मिश्रण को वैश्विक स्तर पर 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं, अथवा वैश्विक भलाई के लिए कोई और सम्मिश्रण पदार्थ की खोज की जाए, जिससे ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

# युवती के साथ दुराचार और गर्भपात करवाने की एक ही घटना दो थानों में दर्ज

* पुलिस क्षेत्रधिकारी ने कहा पलिया में निरस्त कराया जाएगा मुकदमा
* पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पीएसी के दो सिपाहियों सहित पांच पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

"पीड़िता ने तहरीर गोला व पलिया दोनों थानों में दी थी इसलिए दोनों जगह मुकदमा दर्ज हो गया है। पलिया थाने में दर्ज मुकदमा समाप्त कराकर गोला से विवेचना शुरू की जाएगी।
–प्रवीण यादव, सीओ

पीएसी के सिपाही ने एक युवती का नहाते समय नग्न फोटो खींच लिया और वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करवा दिया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस ने पीएसी के दो सिपाहियों सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पलिया के नगला गांव के रहने वाले 24 बटालियन पीएसी सिपाही विमल कुमार गौतम का उसके घर में आना जाना था। एक दिन सिपाही ने उसका नहाते समय नग्न फोटो खींच लिया। आहट पाकर उसने शोर मचाया तो वह भाग गया। फिर किसी तरह उसका मोबाइल नंबर आ गया और फिर मैसेज भेजने लगा।उसके बाद फोटो वायरल करने की धमकी देकर उससे दो बार में 61100 रुपए ले लिए। इसके बाद जब वह 9 जनवरी 2023 को प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए लखनऊ गई तो वहां उक्त सिपाही ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक होटल में उसके साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया। विमल 16 मई को नोएडा में उसके किराए के कमरे में पहुच गया वहां भी फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। यह बात उसने सिपाही विमल को बताई तो वह 26 जून को उसे लेकर मैलानी थाना क्षेत्र के गांव बाबूपुर निवासी अपनी बहन पूजा मित्रा के यहां आया। जहां रात में उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके विरोध करने पर विमल व उसकी बहन पूजा ने उसे मारा पीटा और गर्भपात कराने के लिए जबरन दवाई खिला दी। जिससे उसके रक्तस्राव होने लगा। इसके बाद वह लोग उसे लेकर गोला के निजी अस्पताल पहुचे। जहा आशा किरन और पूजा मित्रा की मदद से उसका जबरन गर्भपात करवा दिया। विमल के साथी 24 बटालियन पीएसी मुरादाबाद में तैनात सिपाही सतेंद्र,मामा बृजेंद्र निवासी बंडा जिला शाहजहांपुर ने अपने मोबाइलो से फोन कर उसे धमकी दी कि अगर इधर-उधर ज्यादा शिकायत की तो उसकी हत्या करवा दी जाएगी। इसके बाद पीड़िता कोतवाली से लेकर एसपी ऑफिस तक रिपोर्ट दर्ज करने के लिए दौड़ लगाती रही। लेकिन कही कोई सुनवाई नहीं हुई। फिर पीड़िता ने लखनऊ में पुलिस महानिदेशक के यहा न्याय की गुहार लगाई। जिसपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी विमल कुमार गौतम,बहन पूजा मित्रा, आशा किरन, साथी सतेंद्र कुमार व मामा ब्रजेश के खिलाफ दुराचार, गर्भपात, मारपीट, धमकी की दर्ज कर शुरू कर दी।

### एक ही मुकदमा दो थानों में दर्ज बना चर्चा का विषय

पीड़ित युवती की तहरीर पर एक ही मामले को दो थानों में दर्ज कराए जाने पर चर्चा का विषय बना है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आनन-फानन में पलिया और गोला पुलिस ने एक ही मुकदमा दर्ज कर लिया। पलिया और गोला दोनों थानो में एक ही दिन 21 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज की गई। इसमें भी गोला पुलिस ने जबरन गर्भपात करवाने की धारा में खेल कर दिया। जबरन गर्भपात करवाने की धारा 313 की बजाय 312 में दर्ज कर लिया ।जबकि पलिया पुलिस ने धारा 313 में ही दर्ज किया।

# गायब मिलीं दो सफाई कर्मचारी, निलंबित

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** जिले में जापानी एन्सेफलाइटिस (जेई), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) , स्क्रब टायफस जैसी घातक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। मुख्य कारण गंदगी को बताया जा रहा है। इस पर डीएम के निर्देश पर सीडीओ ने सदर ब्लॉक के गांव चंदपुरा, मुड़ियाखेड़ा, रामापुर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो सफाईकर्मी नहीं मिले। इस पर दोनों को निलंबित कर दिया गया। बृहस्पतिवार सुबह सीडीओ अनिल कुमार सिंह, विधायक योगेश वर्मा और डीपीआरओ सौम्यशील सिंह सदर ब्लॉक के चंदपुरा, मुड़ियाखेड़ा, रामापुर में साफ सफाई का जायजा लेने पहुंचे तो रामापुर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी सीमा वर्मा व सुमन वर्मा अनुपस्थित मिलीं। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। मामले में डीपीआरओ ने दोनों के खिलाफ निलंबन आदेश जारी किया। उधर, ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा में सड़क पर घूरा, गोबर डालने वाले पर सदर विधायक ने नाराजगी जताई। रामापुर में हाईवे पर अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को अफसरों ने तत्काल दुकान हटाने के निर्देश दिये। डीओ ने एडीपीआरओ को सफाई व्यवस्था की लगातार मॉनीटरिंग के निर्देश दिये। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने चंदपुरा व मुड़िया खेड़ा में हर घर जल मिशन द्वारा क्षतिग्रस्त की गई सड़कों की मरम्मत न होने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दो अक्तूबर तक औचक निरीक्षण होगा। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी।



## धूमधाम से निकला ईद ए मिलाद उन नबी का जुलूस

जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी

गुरुवार को कस्बा अमीर नगर की नूरी जामा मस्जिद, मदरसा राजबिया अनवारूल कुरआन मोहम्मदपुर व मदरसा जीनते मदीना से जुलूस से मोहम्मदी बड़े ही धूमधाम से निकाला गया। आज दुनिया भर में ईद ए मिलाद उन नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।आज ही के दिन हजरत मोहम्मद ( स.अ.ब) साहब का जन्म अरब के मक्का शहर में हुआ था।इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक ईद ए मिलाद उन नबी का पर्व माहे रवि उल अव्वल की 12 तारीख को मनाया जाता है।



# बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बारह वफ़ात का पर्व

जन एक्सप्रेस । अवधेश पाण्डेय

**तिकुनियां खीरी।** विकास क्षेत्र निघासन के कई क्षेत्रों में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया यह पर्व पूरे जिले में दिखाई दिए गए जुलूस लेकिन बेलरायां क़ी शोभा यात्रा तो देखने योग्य रथ सजाकर निकाला गया जुलूस यहाँ स्थानीय गावों से चार जुलूस निकाले गए। तकिया पुरवा का जुलूस गाजे बाजे के साथ बेलरायां स्टेशन से होकर हर्बकक्स पुरवा से होकर पुनः अपने निश्चित स्थान पर जुलूस का समापन हुआ। हरबकक्स पुरवा से जुलुस निकाल कर कलेश हरण चौराहा से होते हुए पुनः अपने निज निवास पर यात्रा का समापन हुआ। शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, अपने दल बल के साथ हर नुक्कड़ पर तैनात रहे ल जिससे अराजकता न फैले बड़ी ही ईमानदारी के साथ ड्यूटी करते दिखे जिसमें सिंगाही पुलिस भी सक्रिय दिखी। प्रतिवर्ष क़ी भांति इस वर्ष भी शांति पूर्वक सम्मपन हुआ बारह वफ़ात का पर्व।

## फास्ट फॉरवर्ड

### फोन पर दिया तीन तलाक, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद। क्षेत्र के एक युवक ने पहले पत्नी को प्रताड़ित किया और जब वह मायके चली आई तो मोबाइल पर फोन कर तीन बार तलाक-तलाक बोलकर संबंध खत्म करने की बात कही। सदरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम सुरुखूपुरवा निवासी नूर मोहम्मद की बहन समा बानों की शादी 18 वर्ष पूर्व महमूदाबाद के बोहैय्या गांव निवासी जियाउद्दीन के साथ हुई थी। समा बानों ने सदरपुर थाने में प्रार्थनापत्र देकर पुलिस को बताया है कि उसे उसका पति, ससुर, ननद काफी समय से उसे प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना से तंग आकर पिछले दिनों समा अपने मायके सुरुखूपुरवा आ गई थी। आरोप है कि बुधवार को उसके पति जियाउद्दीन ने मोबाइल फोन से तीन बार तलाक-तलाक बोल दिया। थानाध्यक्ष अजय रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया है।

### पलिया में बड़ी धूम धाम से निकला जुलूसे मोहम्मदी

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/पलिया कलां खीरी। हर साल की तरह इस साल भी पलिया कलां में पैगंबरे आजम हज़रत मोहम्मद (सल्ल.) की योमे पैदाइश का पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी अकीतदतमंदों द्वारा जोश-ओ खरोश के साथ मनाया गया। दुरूदो सलाम व नजरों नियाज का सिलसिला सुबह से शाम तक चला। अकीदतमंदों ने घरों पर कुरआनख्वानी की।



अंजुमनों ने जुलूस व लंगर का आयोजन किया। वही इस मौके पर नगला मरौचा आस पास के कई गांवों में भी जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में मौजूद मुस्लिम युवाओं के द्वारा अल्लाह हू अकबर व सरकार की आमद मरहबा का नारों से पूरा समां गूंज उठा इस मौके पर जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस में सबसे आगे झांकी चल रही थी। इसके पीछे अन्य मस्जिदों और मदरसों की अंजुमने शामिल थीं। इससे पहले सुबह नूरी मस्जिद, रज़ा मस्जिद,जामा मस्जिद सहित विभिन्न मदरसों व मस्जिदों में परचम कुशायी की रस्म अदा की। जिसके पास जुलूस है मोहम्मदी निकल गया जो की मस्जिदों से होते हुए नगर के मुख्य मार्ग जिसमें स्टेशन रोड,माल गोदाम रोड,नगर पालिका रोड,पुराना अस्पताल व बरबंडा मोहल्ला होते हुए वापस मस्जिदों पर जाकर मुकम्मल हुआ । जिसमें हजारों की तादाद में पुरुष व बच्चे शामिल हुए। वही जुलूस ए मोहम्मदी में मस्जिदों के पेश इमामों ने पैगंबरे आजम हजरत मोहम्मद सल0 के यौमें पैदाइश के मौके पर रोशनी डाली और बताया कि इस्लाम ईमानदारी भाईचारे अमन चैन आपसी मोहब्बत से रहने का सबक देता है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नज़र एसडीएम कार्तिकेय सिंह व कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा नगला में उप नि0 अजीत मिश्रा हे0 का0 अतुल चौरसिया का0अनूप चौहान सहित पूरा पुलिस बल मौजूद रहा।

### पराली जलाने पर देना होगा उचित जुर्माना

जन एक्सप्रेस/अवधेश कुमार पाण्डेय/तिकुनियां खीरी। विकास क्षेत्र निघासन के ग्राम पंचायत लालापुर के विकास भवन में नायब तहसीलदार ने रखी ग्रामीण किसानों की बैठक जिसमें समस्त ग्रामवासी मौजूद रहेद्य इस अवसर पर नायब तहसीलदार ने सभी किसानों को सुझाव देते हुए बताया की पराली जलाने वाले किसानों पर नियम अनुसार जुर्माना भी लगाया जाएगा, कृषि विभाग के मुताबिक पराली जलाने वालों को उचित जुर्माना देय होगा द्य सरकार की गाइडलाइन का पालन करना होगा क्योंकि पराली जलाने से गांव में काफी मात्रा में प्रदूषण बढ़ जाता है इसकी रोकथाम के लिए प्रतिवर्ष सरकार कोई ना कोई ठोस कदम उठाती है, क्योंकि प्रदूषण हम लोगों के जीवन में काफी संकट पैदा कर सकता है द्य पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पराली जलाने से रोकते हुए इसका समुचित प्रबंधन आज के समय में हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बन गई है द्य इस पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर समाधान तलाश रही हैं द्य ऐसे में उनके बारे में किसानों को जरूर जानना चाहिएद्य दरअसल इस दिशा में केंद्र द्वारा समय-समय पर राज्यों की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैद्य इसलिए हम लोगों का भी परम कर्तव्य है कि प्रदूषण की रोकथाम में सहयोग करेंद्य इस अवसर पर निघासन नायब तहसीलदार हरिराम, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक श्री केशन मौर्य, लेखपाल मोहन कश्यप, रामनारायण वर्मा, पंचायत मित्र हरिशंकर गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रदीप चौधरी, प्रमोद कुमार वर्माआदि लोग मौजूद रहे।



# दमदमा साहिब हरप्रीत सिंह के लखीमपुर आगमन पर किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को प्रातः 11 बजे जत्थेदार अकल तख्त श्री दमदमा साहिब हरप्रीत सिंह जी का लखीमपुर आगमन पर सिख संगत के द्वारा शहर के एलआरपी चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया उसके उपरांत हरप्रीत सिंह का काफिला गोला रोड स्थित शेरे पंजाब ढाबा पर पहुंचा जहां पर जोरदार स्वागत किया गया।सिख संगत के पदाधिकारी द्वारा उन्हें गमछा हुआ पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।उक्त स्वागत समारोह में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर ने भी हरप्रीत सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया।तत्पश्चात कांग्रेस नेता गुरमीत सिंह भुल्लर ने सामाजिक और राजनीतिक चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा सिख समुदाय की छवि को खराब करने के लिए सरकार के द्वारा नित नए कृत्य किए जा रहे हैं सिख समुदाय के लोगों को नाजायज परेशान किया जा रहा है जो कि सिख समाज के लिए हितकर नहीं है इस मुद्दे पर हम सभी सिख समुदाय के लोगों को एकजुट होकर आगे की रूपरेखा तय करनी होगी।उक्त स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित सरदार हरपाल सिंह राणा हरजिंदर सिंह सुरजन सिंह संधू लखविंदर सिंह जनरैल सिंह आज सैकड़ो सिख समुदाय के प्रमुख जन उपस्थित रहे।

# मदरसा फैजुल रसूल में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर जलसे का आयोजन



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

मदरसा फैजुल रसूल रिजविया मोहम्मदी में जश्न ए ईद ए मिलाद उन नबी पर जलसा का आयोजन किया गया। जिसमे मदरसा फैजुल रसूल रजविया के मुदर्रिस हाफिज शकील अहमद ने निज़ामत की। हाफिज अब्दुल कादिर, हाफिज मोहम्मद अहमद, हाफिज अब्दुल शमी, हाफिज कामरान आदि ने नबी पाक की जिन्दगी पर रोशनी डाली और उनकी शान बयान की। आखिर में अमन, शांति, भाईचारा और मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी गई। जलसा में मदरसा कमेटी की तरफ से सदर इकतदार खान, प्रबंधक रईस खान (झंझटी), नायब सदर सुदूर खान, खजांची जियाउल्लाह खान, इदरीस खान, फैसल खान, बाबू गुड़वाले, अफाक अहमद, उस्मान अहमद, रहमान अहमद, मंसूर अहमद, उमेर खान, साजिद अखलाकी, एजाज मियां, हाफिज मुबारक, अकील खान, शकील खान, मुकीम खान, नबाब सुआले, डॉ जेड खान, आरिफ खान, फरमान अली, सय्यद सम्मू अली सहित मदरसा के तलबा व तालिबात के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने दर्ज की साइकिल चोरी की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर में चोरों ने सिनेमा रोड से एक घर से साइकिल पार कर दी। पुलिस ने आनन फानन में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चोरों ने सिनेमा रोड पर बुधवार को दिनदहाड़े संजय गिरि के घर खड़ी उनकी साइकिल पार कर दी। संजय गिरि के अनुसार साइकिल की कीमत 7400 रुपए है।संजय गिरि ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने बिना देरी लगे अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।
जिसकी पूरे नगर में चर्चा शुरू हो गई है लोगों का कहना है कि अगर या मामला संजय गिरि से जुड़ा ना होता तो पुलिस आसानी से रिपोर्ट दर्ज नहीं करती और पीड़ित को दर-दर भटकना पड़ता।

# हुंडई ऑटो प्राइवेट लिमिटेड ने एकेसी के द्वारा नई हुंडई आई 20 फेसलिफ्ट कार का किया अनावरण

* स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक परीक्षित कटियार मुख्य अतिथि के रुप में रहे उपस्थिति

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शहर के बहराइच रोड एलआरपी स्थिति हुंडई ऑटो प्राइवेट लिमिटेड ने एक नई कार का उद्घाटन किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।इसके बाद एकेसी ग्रुप के चेयरमैन अशोक अग्रवाल,डायरेक्टर अलपित अग्रवाल,एवं शिवम अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया।एकेसी ग्रुप के चेयरमैन ने इस नई आई 20 फेसलिफ्ट कार के फीचर्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार मे हमारे ग्राहकों को 6 एयरबैग बेस मॉडल मिलेंगे डुअल टोन ब्लैक एंड ग्रे इंटीरियर्स के साथ ब्लू ऐम्बियंट लाइट 10.25 इंच का एचडी टचस्क्रीन इन्फॉटेनमेंट सिस्टम न्यू फ्रंट बम्पर डिजाइन पैरामेट्रिक ज्वेल पैटर्न ग्रिल न्यू रियर बम्पर डिजाइन, एलईडी हेडलाम्पस के साथ सिग्नेचर डीआरएल लेदर रैपेड डी कट स्टेरिंग बोस प्रीमियम 7 स्पीकर सिस्टम वॉइस इनेबलड स्मार्ट इलेक्ट्रिक सनरूफ और डुअल टोन सीट्स के साथ आई 20 की ब्रांडिंग के साथ उपलब्ध कराई गई है।इस कार्यक्रम के संचालन मे एकेसी हुंडई के ऑपरेशन हेड विनय सक्सेना,सेल्स हेड देवेश मिश्रा,सेल्स मैनेजर पंकज श्रीवास्तव,अमित तिवारी,एवं टीम के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## हर वर्ष की तरह मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

जन एक्सप्रेस/खय्याम चौधरी/बरबर खीरी। कस्बे में मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस्लाम के आखिरी पै5गंबर हजरत मोहम्मद का जन्म 571 ईस्वी में सऊदी अरब के मक्का शहर में हुआ था जिस दिन हजरत मोहम्मद का जन्म हुआ था वह दिन 12 रबी उल अव्वल की तारीख थी. हजरत मोहम्मद के पिता का नाम अब्दुल्ला था. इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से रबी उल अव्वल तीसरा महीना है. आमतौर पर 12 रबी अव्वल को ही तमाम मुसलमान पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मानते हैं लेकिन कई लोग इस बारे में उनके जन्म दिवस की तारीख 9 रबी उल अव्वल भी बताते हैं. इस हिसाब से पूरा सप्ताह ही हज़रत मोहम्मद की दिखाई रौशनी के नाम रहता है,हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस के कारण यह दिन सारी दुनिया के मुसलमानों के लिए बहुत ही खास और महत्वपूर्ण है।

# गाजे बाजे के साथ निकाली गयी गणेश विसर्जन शोभायात्रा

* चेयरमैन खैराबाद द्वारा सपरिवार की गणेश चतुर्थी पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर



**सीतापुर/खैराबाद।** श्रीगणेश जी की विसर्जन यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालु द्वारा मूर्ति विसर्जन नैमिष में किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने खूब गुलाल उड़ाया। नगर में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष गूंजते रहे। शोभा यात्रा खैराबाद स्थित शांतिनगर पहुची जंहा नगरपालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने सपरिवार आरती व पूजन किया, डीजे पर गणेश महाराज जी के भजन गूंजते रहे। काफिले में बस ,ट्रैक्टर,कार, बाइक से श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। खैराबाद नगर में गणेश महोत्सव मनाया गया। मंदिर पर विधि-विधान से पूजा कर गणेश प्रतिमा को स्थापित किया गया। इसके बाद सात दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। गुरुवार को खैराबाद में स्थापित गजानन महाराज श्री गणेश जी का विसर्जन के लिए तमाम श्रद्धालु एकत्र हुए। विसर्जन से पूर्व विधि विधान से पूजन हवन किया गया और प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। चहुं ओर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस फिर जल्दी आ आदि के जयघोष गूंजते रहे। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ, हनुमान समेत कई आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर में जगह जगह लोगों ने अपने घरों के ऊपर मटकी लगाई। जिसको नगर एवं बाहर से मटकी फोड़ टोली ने एक के बाद कस्बे की सभी मटकियों को फोड़ा। इसके बाद श्रद्धालु गणपति विसर्जन के लिए गणेश प्रतिमा को नैमिष में गोमती नदी लेकर पहुंचे जहां पूरे विधि विधान से भगवान गणेश का विसर्जन किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए हुई समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रूपये से अधिक लागत (सड़कों को छोड़कर) की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कराये जा रहे हैं उन कार्यों में भौतिक प्रगति लायी जाये एवं सभी कार्य गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण किये जायें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरमथुरा में कराये जा रहे कार्य की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की एवं ठेकेदार को कार्यों में अनियमिताओं एवं धीमी प्रगति पर ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबंधित को दिये। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रधानाचार्य एवं टाइप वन आवास के कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0एस0 को दिये तथा विद्युत कनेक्शन भी करा दिया जाये। उन्होंने चक्रतीर्थ में कराये जा रहे कार्यों की स्थिति की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप ही कराये जायें तथा कुंड का पानी बैक फ्लो न हो, इसके लिये स्लाप सही करायी जाये ताकि पानी फ्लो के साथ निकले। कार्यदायी संस्था से बनाये जा रहे पुलो की जानकारी लेते हुये कहा कि कैंची पुल के पास जो नया पुल बन रहा है, उसमें तेजी लायी जाये तथा पुल मजबूती के साथ बनाया जाये, क्यों कि वहां से भारी वाहन का आवागमन रहेगा। निर्माणाधीन बहुद्देशीय हाल के कार्य में प्रगति लायी जाये ताकि उसको उपयोग में लाया जा सके तथा हाल के आस-पास बाउन्ड्रीवाल बनाने हेतु स्टीमेट तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि जो भी आवास शेष आवंटित करने को रह गये हैं उन्हें पात्रता के अनुसार आवंटित कर दिया जाये। आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क में कराये जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें ताकि लोगों को टहलने हेतु सुविधा मिले और पार्क में लाईट व पौधों की व्यवस्था भी कर ली जाये ताकि पार्क का अच्छा सौन्दर्यीकरण हो तथा पार्क में निरन्तर साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जल निगम नगरीय द्वारा जो भी कार्य कराये गये है उनमें सड़कें पाईप लाइन डालने के उपरान्त क्षतिग्रस्त हो गयी हैं, उन सभी सड़कों को पुनः की स्थिति में लाया जाये। कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं राजघाट में कराये जा रहे कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। पर्यटन विभाग द्वारा नैमिषारण्य में हेलीपैड के निर्माण कार्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हेलीपैड के कार्य को अधिक समय तक लम्बित न रखा जाये एवं नैमिषारण्य में इलेक्ट्रिक स्टेशन की जानकारी संबंधित से प्राप्त की।
बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### आरोपी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठोन्द थाना व कस्बा निवासी हर्षित सोनीपत अशोक कुमार सोनी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विनीत पुत्र जगन्नाथ प्रसाद निवासी कस्बा व थाना कुठोन्द समेत तीन लोगों ने मिलकर उसके पिता के साथ गाली गलौज की व मारपीट कर बेहोश कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिए।

### छह बकरी चोरी की दर्ज की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरा किर्रवाहा निवासी ठाकुर प्रसाद पुत्र भगवान दीन ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात चोर उसके दरवाजे के बाहर बंधी छह बकरी चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरों ने शराब के ठेके से की चोरी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुइया रोड निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह ने डकोर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका ग्राम मुहाना में देसी शराब का ठेका है। जिससे अज्ञात चोरों ने 61 पेटी व 15 पवा और कैमरे की डीवीआर व एक बैटरी और एक इनवर्टर और गुल्लक में रखकर 7000 रुपये चोरी कर लिए। इस पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट दर्ज कर लिए और मामले की छानबीन कर रही है।

### तमंचे कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना के उपनिरीक्षक शेर सिंह तोमर ने मुखबिर की सूचना पर सचिन उर्फ मेहताब सिंह पुत्र भगवान सिंह ग्राम सुलखना थाना रेढर को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

### 25 वर्षीया विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** कस्बा कुलपहाड़ के ग्राम चुरारी निवासी सुमन पत्नी अरविंद राजपूत उम्र 25 वर्ष ने अनाज वाला पाउडर पानी में घोलकर पी लिया। घर में पति-पत्नी एक दो वर्षीय बच्ची के साथ रह रहे थे। पति अरविंद राजपूत ने बताया कि आज सुबह कुछ कहा सुनी हुई और अपने घर वालों से बातचीत भी करती रही। मैं थोड़ी देर के लिए गांव में निकल आया जब तक सुमन ने घर में रखे अनाज का पाउडर पानी में मिलाकर कर पी लिया तो तत्काल परिजनों की सहायता से आनन फानन में एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए बाद में डॉक्टर ने बताया कि इनको सरकारी अस्पताल में ले जाए इसके बाद हम लोग तुरंत सरकारी अस्पताल पनवाड़ी में ले आए सीएससी पनवाड़ी में ड्यूटी में तैनात डॉक्टर कनिष्क माहुर ने बताया कि सुमन पत्नी अरविंद को आज सुबह जब सीएचसी पनवाड़ी लाये तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

# रहिल सागर तालाब का जल्द कराया जाये सुंदरीकरण: सभापति रमा निरंजन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विधान मण्डल सदस्यों के परिवाद सम्बन्धी जांच समिति की सभापति श्रीमती रमा निरंजन नें विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के साथ विकास भवन सभागार में जनपद के अधिकारियो के साथ बैठक की। इस अवसर पर सभापति महोदया विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष का जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल एवं मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया। बैठक में सभापति नें जनपद के सर्किट हाउस, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों में विशिष्ट, अतिविशिष्ट महानुभावों के ठहरने हेतु बनाये गए आगन्तुक रजिस्टर के पिछले तीन वर्षो के विवरण, जनपद के सर्किट हाउस, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों मे साफ-सफाई की उचित व्यवस्था तथा साज सज्जा की सामाग्री कितने वर्षो में बदली जाती है और इसके मानक, जनपद के निष्प्रयोज्य सर्किट हाउस, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों के संबंध में समय-समय पर की गयी कार्यवाही, जनपद के विभिन्न सर्किट हाउसो, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों में विशिष्ट, अतिविशिष्ट महानुभावों के प्रयोगार्थ क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध है, तथा उनके मानक, जनपद के विभिन्न सर्किट हाउसों, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों में अनुरक्षण का कार्य एवं रख-रखाव किन अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जनपद के विभिन्न सर्किट हाउसों, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों में संक्रमण की रोकथाम के लिए समय समय पर क्या-क्या उपाय किये जाते है, जनपद के विभिन्न सर्किट हाउसों, निरीक्षण भवनों, डाक बंगलों में आगन्तुकों की सुरक्षा व्यवस्था सहित समस्त बिंदुओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने खनिज अधिकारी को अपने विभाग से पनवाड़ी सर्किट हाउस को व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया और कहा कि वन विभाग के निरीक्षण भवनों को साज सज्जा तथा बेहतर सुविधाओं से युक्त बनाया जाये तथा रहेलिया सूर्य मंदिर के पास स्थित रहेलिया सागर का सुंदरीकरण कराया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी नें सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधिओं के नंबर अपने फ़ोन में सेव कर लें और किसी भी जनप्रतिनिधि का फ़ोन आने पर फ़ोन रिसीव करके सम्मानपूर्वक उनकी बात सुनें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्तिथ रहे।

## महिला कबड्डी प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल आज

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्रीड़ा अधिकारी राज नारायण प्रसाद ने बताया है कि पं0दीनदयाल उपाध्याय प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता हेतु टीम चयन/ट्रायल खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में पं0 दीन दयाल उपाध्याय प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपदीय एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल निर्धारित की गयी है। सीनियर महिला कबड्डी जिला चयन/ट्रायल 29 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से, मण्डलीय चयन / ट्रायल 30 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से तथा प्रदेश स्तरीय आयोजन 04 से 05 अक्टूबर तक गोंडा में किया जाएगा।

जनपद देवरिया के समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या को उन्होंने अवगत कराया है कि वे अपने स्कूल / कालेज के सीनियर महिला कबड्डी खिलाड़ियों को उक्त चयन / ट्रायल में भाग लेने हेतु समय से भेजना सुनिश्चित करें।जनपदीय चयन में केवल देवरिया के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी को अनिवार्य रूप से आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

## कार ने बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** गांव से जालौन आ रहे युवकों की बाइक में कार ने टक्कर मारी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए। टक्कर मारकर कार चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों ने बाइक सवारों को सीएचसी पहुंचाया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मड़ोरी निवासी अंकित सेंगर (27) पुत्र रूप सिंह सेंगर व जसराम (30) अपनी बाइक से किसी काम के चलते गांव से जालौन आए थे। जब वह बाइक लेकर चुर्खी रोड स्थित गंगाधाम गेस्ट हाउस के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रही कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार दानों युवक उछलकर दूर जा गिरे। वहीं, टक्कर से बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर मारकर कार चालक वहां से भाग निकला। मौके पर मौजूद राहगीरों ने दोनों घायल युवकों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# शासन के खिलाफ नारेबाजी व सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले 276 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । उरई**

पूर्व ब्लॉक प्रमुख के साथ युवा वर्ग के लोगों ने मिलकर जिला अस्पताल में पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की थी। जिसके चलते पुलिस ने 276 लोगों के खिलाफ पुलिस विरोधी नारेबाजी व शासन विरोधी नारे लगाते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने व अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न करने के चलते रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दें कि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित पुत्र वंश नारायण दीक्षित के खिलाफ उनके ही गैस कर्मचारी ने सुसाइड नोट उनके खिलाफ लिखकर गैस एजेंसी में खुद को फांसी लगाकर जान दे दी थी। इसी मामले में उसकी पत्नी ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ हत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया था। इसी मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई थी। जिसके चलते पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित की पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली थी और उनको लेकर जिला अस्पताल मेडिकल परीक्षण करने के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान गणेश द्विवेदी पुत्र अज्ञात निवासी खाखरी थाना चुर्खी समेत 276 समर्थकों ने मिलकर मेडिकल परीक्षण अस्पताल उरई में अभियुक्त के समर्थ को द्वारा अपने समूह के साथ एक राय होकर पुलिस विरोधी व शासन विरोधी नारे लगाते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालना व अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न कर समर्थकों द्वारा पीछा करते हुए बिना अनुमति के न्यायालय में अनारक्षित रूप से प्रवेश कर उग्र रूप धारण करते हुए नारेबाजी की और इतना ही नहीं नारेबाजी के बाद उक्त लोगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर न्यायिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न की। जिसके चलते पुलिस ने सभी समर्थकों के खिलाफ 147/ 148/ 341/ 352/ 353/ 504/ 506 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हजरत मुहम्मद के जन्मोत्सव पर निकाला कस्बे मे जुलूस




**जन एक्सप्रेस । कुलपहाड़/महोबा**

ईद मीलादुन्नबी के मुबारक मौके पर नगर में बड़े धूमधाम से मोहम्मद ए जुलूस निकाला गया जिसमें आकर्षक मक्का मदीना की झाँकी के साथ जोर शोर से मोहम्मद के नाम पर कसीदे पढ़ते व नारे लगाते हुये आगे बढ़ते जा रहे थे वहीं बच्चे भी अपने हाथों में झण्डा लिये काफी उत्साहित दिख रहे थे। जुलूस जामा मस्जिद के पीछे बने मदरसे के प्रांगण से उठकर नगर के टिलवापुरा, पुरवनपुरा, राजावार्ड, बाजार, बस स्टैण्ड, गल्लामण्डी, किशोरगंज, नजरबाग, पुरानी तहसील रोड व बड़ा तालाब होते हुये यथास्थान शाम को समाप्त हुआ। इस बीच रास्ते में जगह जगह लोगों ने स्टाल लगाकर मिष्ठान वितरण कर जलपान कराया।

# भाजपा सबका साथ और सबका विकास की सोच रखने वाली पार्टी है: धर्मवीर

### कालपी यमुना पुल पर होमगार्ड कारागार मंत्री का समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होमगार्ड एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति का काफिला ज्यों ही यमुना पुल पर पहुंचा। वैसे ही उनके चाहने वालों ने उनके काफिले को रोक कर धर्म वीर प्रजा पति जिंदाबाद ओबीसी संघ जिंदाबाद के नारे लगाते हुये माल्यार्पण करने लगे। उनके चाहने वालों ने उनकी दीर्घायु की कामना करते हुये माँ दुर्गा में प्रसाद चढ़ाकर भी उनको खिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास लेकर चल रही है। यहाँ सभी को एक समान द्रष्टि से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मेहनत और लगन से जुट जाओ जहाँ भी कोई समस्या है। उसका बिना भेदभाव के निस्तारण कराओ यदि कही कोई दिक्कत आये तो मुझे भी बताओ और पार्टी की नीतियो को घर घर पहुंचाओ तभी भाजपा की सरकार बनेगी आपके नेता मजबूत होंगे। आप मजबूत होंगे क्योंकि जब आप सरकार में रहेंगे तो ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद कर पाएंगे। इसलिए सभी लोग जनता की सेवा में जुट जाये जब आप निस्वार्थ भाव से बिना भेदभाव के काम करेंगे। तो निश्चित रूप से आप आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर ओबीसी संघ के संयोजक एड. दीप चंद्र सैनी, संजीव निरंजन भाई जी, सौरभ निरंजन, अरुण प्रजापति पूर्व प्रधान सिम्हारा, आनंद कुशवाहा, अमन ओमरे, आशीष सविता, मोहित चौरसिया, आनंद प्रजापति, प्रधान देवकली बाल सिंह निषाद, माता प्रसाद निषाद, डा. अनिरुद्ध सैनी, मनोज अहिरवार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में चुर्खी रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चुर्खी थाना क्षेत्र ग्राम रिनिया बैधेपुर निवासी शिवशंकर सिंह उर्फ गुड्डू 36 वर्ष बुधवार को अपनी पत्नी को छोड़ने रिश्तेदारी में गया हुआ था। जब वह पत्नी को छोड़ने के बाद वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान जब वह शहर कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी रोड से गुजर रहा था। तभी उसे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# भाजपा के बूथ मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक



**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र के कतरारी सिंगही चौराहे पर बूथ मण्डल देहात भाजपा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजय उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र का विकास और बुथ की और 2024 के आगामी चुनाव की चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश सरकार की परियोजना लोगों को तक पहुंचाया जाय। और समुचित सुविधाओं से वंचित लोगों को मुहैया करा जाए।

देवरिया देहात मण्डल के मण्डल उपाध्यक्ष शिवाकान्त मिश्र ने कहा कि हम प्रदेश सरकार के दी गई सुविधा को जनता के पास पहुंचाने और सुविधा से लाभान्वित कराने का कार्य के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे है।अरविंद चौरसिया देवरिया देहात मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार अच्छे तरीके से कार्य कर रही है। बेरोजगार लोंगो को रोजगार देने का अधिक से अधिक प्रयास कर रही है। रोड का विकास, प्रधान मंत्री आवास, मुफ्त राशन, किसान अनुदान, जाब कार्ड, पांच लाख का निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, कम दर पर लोन दे रही है।

इस बैठक में भाजपा नेता श्रीनिवास दूबे, रत्नेश गर्ग, नितिन, महामंत्री विपिन यादव, संजय प्रजापति, अमित पाण्डेय, दिवाकर नाथ तिवारी, गंगा सिंह कुशवाहा, आदि सम्मलित रहे।

## सड़क हादसे में दो की मौत परिजनों ने रिपोर्ट लिखाई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शीतला माता मंदिर निवासी पुष्पेंद्र रैकवार पुत्र जीतम कुमार ने 8 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 8 थाना क्षेत्र के उरई झांसी नं0 27 हाईवे के पास ग्राम बिलैया आजा ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चला कर उसके पिता की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे उसके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया वह मां शांति देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसके चलते पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही दूसरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़गांव के पास हुआ जिसमें राजकरण पुत्र शिव प्रसाद निवासी सोलापुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई इस पर पुलिस ने दोनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही करने की बात कही।

# जिलाधिकारी ने की राहत कार्यों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने देर सायं कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में राहत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। साथ ही विभिन्न प्रकार की आपदा से बचाव के संबन्ध में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आकाशीय बिजली, सर्पदंश, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि शीतलहर, लू-प्रकोप आदि के बाद पीड़ितो अथवा प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को राहत सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता का कार्य है। आपदा से हुई क्षति का नियमानुसार भुगतान करने में कोताही न बरती जाए। यदि भुगतान नहीं होता है तो संबंधित संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल को क्षेत्र परिवर्तन होने पर उसकी ऑनलाइन मौपिंग तत्काल अनिवार्य रूप से राहत पोर्टल पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राहत पोर्टल पर भुगतान की स्थिति की प्रत्येक स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक वेक्टर जनित तथा अन्य संक्रमक रोगो की रोक थाम बचाव एवं उपचार हेतु चलाये गये अभियान की जानकारी दी गई। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में चलाये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम की स्थिति बताई गई। कृषि विभाग जनपद में वर्तमान में फसलों की स्थिति, फसल हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम की स्थिति के बारे में बताया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वेदनशील बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सम्पर्क / राज्य मार्गो की स्थिति, सर्वेदनशील बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किये जा रहें कार्यों का बताया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशु टीकाकरण की स्थिति एवं महामारी रोकथाम हेतु किये गये बचाव कार्य की स्थिति के बारे में बताया गया। जनपद में आँधी-तूफान आदि आपदाओ से टूटे विद्युत लाइनों एवं खम्भों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

# कृषि मंत्री की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत-नरायनपुर में 01 अक्टूबर को आयोजित होगी चौपाल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में 01 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से ब्लॉक तरकुलवा अंतर्गत ग्राम पंचायत- नरायनपुर में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने आयोजित होने वाले चौपाल कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी तरकुलवा को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि समस्त संबंधित की उपस्थिति ग्राम पंचायत में सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दिये जाने एवं लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया है कि चौपाल कार्यक्रम में जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। सभी प्रकार के ऋण वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना/ मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, तथा जनसामान्य को उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विधवा पेंशन/ वृद्धावस्था पेंशन /दिव्यांग पेंशन के कैम्प, खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत पात्र परिवारों को राशन कार्ड तथा खाद्य सामग्री का वितरण, गरीब बालिकाओं के विवाह हेतु संचालित योजना का लाभ पात्र बालिकाओं को दिये जाने की व्यवस्था, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषाहार वितरण तथा कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



बुधवार की शाम जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आर. सी. एच. पोर्टल पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कम होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी चिकित्सा अधीक्षकों को कारण बताओं नोटिस सहित एक सप्ताह में सुधार किए जाने के निर्देश दिए और कहा कि अगली बैठक तक लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धियां प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## क्रांतिकारी आंदोलनों के नायक थे भगत सिंह: पवन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भाजपा किसान मोर्चा द्वारा अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने न्यू कालोनी चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ क्रांतिकारी आन्दोलनों के नायक भगत सिंह थे।भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में वह हमेशा भारतवासियों के दिलो में जिंदा रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रति निष्ठा के कारण ब्रिटिश राज के खिलाफ बचपन से इन्होंने अध्ययन किया और क्रांतिकारी विचारों को लेकर आजादी की लड़ाई में भाग लिया। देश को अंग्रेजों से मुक्त कराने के लिये भगत सिंह महज 23 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए। भगत सिंह के क्रांतिकारी विचार आज भी देशवासियों में देश भक्ति का संचार करता है।नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## जलविहार महोत्सव एवं गणेश प्रतिमा के सम्मुख हुआ भजन संध्या का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । कुलपहाड़/महोबा**



कस्बा कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ारी में चल रहे गणेश उत्सव एवं जलविहार महोत्सव के दौरान रात्रि मे भजन संध्या का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ग्राम मुढारी से जिला पंचायत सदस्य प्रानसिंह यादव द्वारा फीता काटकर किया। इसके बाद सभी का फूल मालाओ एवं शॉल डालकर सम्मानित किया। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांव के विकास में बाधक बनी मुढारी, कुलपहाड़ सड़क अगर हमारी सरकार होती तो इस गड्ढे एवं तालाब युक्त सड़क का निर्माण कार्य दूसरे दिन से ही प्रारम्भ हो जाता क्योंकि हमारी सरकार हमेशा विकास कार्यों व शोषित, वंचित एवं गरीब के हित व न्याय के लिए लड़ती चली आई है। वहीं इस कार्यक्रम के संचालक पं0 दयाराम मिश्र ने मुढारी आये विभिन्न दलों के नेताओं को इसारा करते हुए अपने विचार व्यक्त किये और बताया की नेता सिर्फ चुनाव समय पर झूठे वादे करके अपना काम निकालना जानते है। इसलिए ग्रामवासियो झूठे नेताओं से सावधान रहना जो पानी और सड़क तक नहीं दें सकते उनसे और क्या उम्मीद रख सकते है।

# पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने पकड़ा 195 लीटर अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस । रुपईडीहा, बहराइच**

बीती रात 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी शिवपुरा के द्वारा उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में पुलिस व सीमा चौकी शिवपुरा के कार्मिकों द्वारा संयुक्त गश्त के दौरान सीमा दो तस्करों से 195 लीटर अवैध कच्ची नेपाली शराब बरामद की। दोनों तस्कर नेपाल से साइकिल के माध्यम से भारतीय सीमा में प्रवेश करने की फिराक में थे। लेकिन जवानों को देखकर दोनों अवैध नेपाली कच्ची शराब और साइकिल छोड़कर भाग गए।



एसएसबी और पुलिस के जवान सीमा स्तम्भ संख्या 654/01 के समीप 15 मीटर भारतीय क्षेत्र में कुछ दूरी पर गश्त कर रहे थे। नेपाल से भारत की तरफ 02 अंजान युवकों को साइकिल पर लदी पलास्टिक की भरी बोरी के साथ भारत की तरफ आते हुए देखा गया। अचानक गश्त दल को देखते ही दोनो संभावित अभियुक्त अपनी साइकिल पर लदी भरी बोरी को उसी स्थान पर फेंक कर नेपाल की तरफ भागने लगे। गश्ती दल के द्वारा संभावित अभियुक्तों को पकड़ने का काफी प्रयास किया गया। परंतु जब तक वे नेपाल में दाखिल हो गए। मौके पर गश्ती दल के द्वारा भरी बोरी को चेक किया गया। जिसमे से कुल 195 पैकेट कच्ची नेपाली शराब और दो साइकिल बरामद किया गया। बरामद कच्ची शराब व दो साइकिल सभी आवश्यक औपचारिकता पूर्ण कर अग्रिम कार्रवाई के लिए रुपईडीहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। गश्ती दल में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार, मुख्य आरक्षी वीर सिंह सैनी, आरक्षी भूपेंद्र विस्ट, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार, पुलिस के उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय, आरक्षी जतिन कुमार, आरक्षी शशांक कुमार शामिल रहे।

42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के द्वारा बताया गया कि भारत नेपाल सीमा पर बढ़ते अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए जवानो द्वारा 24 घंटे सीमा पर चौकसी बरती जा रही है। जवानों ने लोगों को बताया कि शराब से न केवल मनुष्य के शारीर बल्कि उसका पैसा, परिवार, पारिवारिक सुख -चैन सभी का नुकसान होता है। इसको पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए जनता से अपील की गई कि शराब की अबैध तस्करी, बिक्री, निष्कर्षण पर रोक लगाने के लिए नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी को अधिक से अधिक सहयोग दे।

# फर्जी पत्रकार बनकर शिक्षिका से अवैध वसूली करने वाले तीन धरे गए

## शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

चित्तौरा में स्कूल की शिक्षिका से दबंगई कर अवैध वसूली की मांग करना फर्जी पत्रकारों को भारी पड़ गया। शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा पांडेय ने बताया कि उनकी तैनातीचित्तौरा के प्राथमिक विद्यालय में है। तीन युवक खुद को पत्रकार बताते हुए पहुंचे और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। जिस पर उनसे बिना अनुमति परिसर में प्रवेश करने और वीडियो बनाने का कारण पूछा। तीनों ने खुद को पत्रकार बताकर विद्यालय का अभिलेख दिखाने की बात कही। शिक्षिका के अभिलेख दिखाने से मना किये जाने पर तथाकथित पत्रकारों ने कार्यवाही करवा देने की धमकी दी। ले देकर मामला रफादफा करने का ऑफर भी दिया।

जिस पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा पाण्डेय ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर फर्जी पत्रकार बनकर विद्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप करने, अनाधिकृत तौर पर मोबाइल से शिक्षिकाओं और बच्चों की फोटो खींचने, वीडियो बनाने, विद्यालय स्टाफ से अभद्रता करने और अवैध धन वसूली की शिकायत की। आरोप है कि उक्त लोग क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में घूम-घूमकर शिक्षकों से विभागीय कार्यवाही का भय दिखाकर अवैध धन वसूली कर रहे है। देहात कोतवाली पुलिस ने शिक्षिका की तहरीर पर ताज मोहम्मद, अमरेश राणा और संदीप पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्जकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षिका संगठन की संयुक्त मंत्री हैं। शिक्षिका के साहसिक प्रयास से फर्जी पत्रकारों पर कार्यवाही हुयी है। इससे सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही परिषदीय विद्यालयों में अराजक तत्वों के अनाधिकृत हस्तक्षेप पर भी रोक लगेगी।

# शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर क्रांतिकारी विचार मंच ने किया नमन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के आजाद पार्क में क्रांतिकारी विचारधारा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को देश के आजादी के नायक अमर शहीद सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



जानकारी के अनुसार 28 सितंबर को क्रान्तिकारी विचार धारा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा बलरामपुर गोंडा मार्ग पर स्थित आजाद पार्क में हर्षोल्लास के साथ अमर शहीद महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह का जन्म दिवस मनाया गया। मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राकेश चंद्रा ने युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करते हुए कहा कि तत्कालीन कई पूर्व शुभ चिंतकों ने उनसे ब्रिटिश सरकार से फांसी की सजा माफ करने के लिए अपील करने को भगत सिंह से कहा था। उस समय भगत सिंह ने हंसते हुए कहा था कि क्रांतिकारियों के बलिदान से ही उनका उद्देश्य सार्थक होता है न की सजा माफी की अपील करने से। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अफजल खान ने अमर शहीद भगत सिंह के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल कॉलेज के बच्चों से अपील किया कि वो अपने महान क्रांतिकारियों के विषय मे अवश्य पढ़ें और जानें। कार्यक्रम को सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष बी डी जायसवाल, स्वदेशी जागरण मंच के सह प्रांत संयोजक वंशीधर मिश्र ने भी संबोधित किया।

श्री मिश्र ने कहा कि हमारे जितने भी अमर शहीद देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति दी है या फिर अपना सब कुछ न्योछावर किया है, उनका ऋण हम कभी चुका तो नहीं सकेंगे, कम से कम हम उन्हें याद तो रख सकते हैं उनके जयंती पर श्रद्धा सुमन तो अर्पित कर सकते हैं। उनसे प्रेरणा तो ले सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से आज के युवा पीढ़ी से अपील किया की अमर शहीद क्रांतिकारियो से सीख जरूर लें, क्योंकि आजादी की लड़ाई में अधिकांश क्रांतिकारी युवा ही थे, जिन्होंने अपने मातृभूमि के लिए सब कुछ बलिदान कर दिया। इस अवसर पर मोर्चा की सक्रिय महिला सदस्य रिंकी तिवारी, अर्जुन यादव, सभासद मनोज यादव, विहिप के गोरक्षा विभाग के अजय वीर सिंह व चंदन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने गांव में लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाये जा रहे संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधायक पल्टूराम ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के ग्रामसभा पिपरा रामचन्दर में अनुसूचित समाज के लोगो से जनसंपर्क कर हालचाल जाना एवं केंद्र व प्रदेश सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार 28 सितंबर को सदर विधायक पल्टूराम ने पार्टी संगठन द्वारा लगाये गये प्रवास कार्यक्रम के तहत लोगों से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सभी वर्गों के समुचित विकास पर ध्यान दिया है और शोषितों वंचित को सुरक्षा सहित तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड के जरिए मुफ्त इलाज, मुफ्त राशन, पढ़ाई हेतु छात्रवृत्ति, मुफ्त प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने जैसे कार्य को किया है 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हम सभी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न कोई चेहरा है न ही कोई मुद्दा है। विपक्ष के गठबंधन में शामिल प्रत्येक दल अपने और अपने परिवार के हित के लिए लोगों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं परंतु देश की जनता इनके इरादे जानती है। सदर विधायक ने महिलाओं से उनको मिल रहे योजनाओं के बारे में पूछा और उनका कुशल क्षेम लिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्तगंज हेमंत जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डब्बू मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष रामनिवास वर्मा, मण्डल महामंत्री राजेश भारती, राजेश जायसवाल, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश कौशल, शक्तिकेन्द्र संयोजक विजय वर्मा, बालकराम वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, प्रधान चमरुपुर शिवशंकर सैनी, प्रधान पड़री रैकवार सुभाष वर्मा, प्रधान पिपरा रामचंदर मकदूम खां सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# 10 वर्ष पूरा पूरा होने पर गणेश महोत्सव की समाप्ति के बाद आयोजित हुआ भंडारा

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**

कस्बा महराजगंज के चौक मंदिर पर गणेश उत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोउल्लास व धूमधामके साथ मनाया गया। गणेश पूजन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर समिति के पदाधिकारी व क्षेत्र वासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।नगर के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी ने गणेश पूजन सीमित के पदाधिकारी का कार्यकर्ताओं का फूल का माला पहनकर वह गमछा देकर सम्मानित किया।



गणेश उत्सव विसर्जन के बाद रामलीला ग्राउंड में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारी कार्यक्रम में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने सीमित के पदाधिकारी व भंडारी कार्यक्रम में असेंबली सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गणेश पूजन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिस तरह से गणेशपूजन उत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जिस तरह से भंडारी के साथ समापन किया है। सभी लोग बधाई के पात्र हैं। किसी भी कार्य को अगर लगन से किया जाए तो भंडारे में कमी नहीं होती है। नगर के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी ने गणेश उत्सव के 10 वर्ष पूर्ण होने पर गणेश पूजन सीमित के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार गुप्ता, रवि कुमार कौशल विशाल कुमार गुप्ता, गौरव सिंह, सतीश कौशल, कौशिक, विकास गुप्ता नीरज पटवा रिंकू साहू आशीष कौशल अरविंद सोनी महावीर गुप्ता जयमंगल गुप्ता रितेश सोनी, विनोद नेपाली प्रसून कौशल व तमाम कार्यकर्ताओं को उनके सराहनीय कार्यों को लेकर सम्मानित किया।

# सरयू में ई बोट संचालन के लिए दो घाटों पर बनेगा चार्जिंग पॉइंट

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्रीराम की नगरी अयोध्या में योगी सरकार की विकास यात्रा जारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य रूप में अस्तित्व में आने से पहले ही यहां विकास की तमाम योजनाओं को मूर्त रूप देने का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस क्रम में केरल के सीएसएल कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और आइडब्ल्यूएआइ इनलैंड वाटरवेज अथारिटी आफ इंडिया की संयुक्त टीम ने गुप्तारघाट से लेकर अयोध्या तक घाटों का निरीक्षण किया। टीम ने इलेक्ट्रिक बोट के चार्जिंग प्वाइंटों के लिए दो जगहों को चिह्नित किया है। इनमें अयोध्या का कच्चा घाट और गुप्तारघाट के पास स्थित महाराणाप्रताप पार्क के बगल का स्थान शामिल है। इन्हीं दोनों जगहों पर जेटी की भी स्थापना की जाएगी, जिससे यात्री व पर्यटक इलेक्ट्रिक बोट पर चढ़ सकेंगे।

**चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना को लेकर पत्र मंडलायुक्त को सौंपा**

आइडब्ल्यूएआइ के उप निदेशक अमित कुमार ने निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त गौरव दयाल से चिह्नित स्थलों की जानकारी साझा की। उप निदेशक ने चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना को लेकर पड़ने वाली आवश्यकताओं का पत्र मंडलायुक्त को सौंपा। टीम में आइडब्ल्यूएआइ के तकनीकी सहायक अभिनव सिंह, सर्वेयर नितीश कुमार, पायलट मनोज कुमार, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के विशेषज्ञ शामिल रहे। चार्जिंग प्वाइंट वहीं स्थापित किया जा सकता है, जहां पानी के साथ बिजली की सुविधा उपलब्ध हो।

# मिल्कीपुर में निकली गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर-अयोध्या**

हवा में उड़ रहे रंग बिरंगे गुलाल से नगर वासी सराबोर हुई। डीजे की धुन पर सभी थिरक रहे थे। शोभायात्रा में शामिल झांकियों का आकर्षण नगरवासियों को लुभा रहा था। छतों से महिलाएं और बच्चे पुष्पवर्षा कर रहे थे। घंटा, घड़ियाल बजाते हुए पुरोहित भगवान गणेश प्रतिमा के साथ चल रहे थे। गांव से लेकर नगर तक की सड़कों पर भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा था। कई दिनों से चल रही गणेश पूजा में गुरुवार को गजानन को दी जा रही विदाई का नजारा कुछ अलग ही बयां कर रहा था। कुछ लोग मूर्तियां लेकर आदि गंगा गोमती नदी में प्रवाहित कर रहे थे तो किनारों पर मौजूद भक्त आवाज लगा रहे थे- गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस फिर जल्दी आना। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के इनायत नगर, कुचेरा, बारुन, मंजनाई समेत अन्य प्रमुख बाजारों गांव में पंडालों में सजी भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन करने के लिए शोभायात्रा गुरुवार को निकल गई। सुबह पूजा अर्चना के बाद मुहूर्त के अनुसार मूर्तियों को लेकर भक्त आदि गंगा गोमती व त्रेता युग कालीन तमसा नदी की ओर चल पड़े। पुरुषों के साथ ही महिलाओं की जबर्दस्त भीड़ इस शोभायात्रा का हिस्सा रहीं। शोभायात्रा में शामिल भक्त अबीर गुलाल से शराबोर थे।



गजानन के साथ ही भगवान राम का दरबार सहित देवी देवताओं की झांकियां की रौनक देखते ही बन रही थी। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उप जिला अधिकारी राजीव रत्न सिंह, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम समेत मिल्कीपुर सर्किल के सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के लिए मुस्तादी से लगे रहे, ताकि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या मूर्ति विसर्जन के दौरान न होने पाए। कड़ी सुरक्षा के बीच में मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हो गया।

# पूर्व मंत्री ने किया जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

चौक में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने महानगर कमेटी के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत किया, पूर्व मंत्री ने टाटशाह मस्जिद के इमाम शमशुल कमर, गुलाम सिद्दीकी, मौलाना फैसल, सहित सभी कमेटी के लोगो को शाल व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा की पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के संदेश हमेशा समाज को सच्चाई और नेकी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे, महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सभी को मुहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है, आज हमारा आपसी भाईचारा ही है सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर इसे श्रद्धा से मनाते हैं।



महानगर प्रतियोगिता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष मंसूर इलाही एडवोकेट, महानगर उपाध्यक्ष राकेश पांडे, रियाज अहमद टेनी, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, आकिब खान, ईशा कुरैशी, अक्षत श्रीवास्तव, रजत गुप्ता, कामिल हसनैन, शाहबाज लकी, फरीद कुरैशी, शहनवाज खान शेखू, इश्तियाक खान, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# गंगा-जमुनी तहजीब बनी हिंदुस्तान के लिए मिसाल

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर/अयोध्या**

कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जुलूस ए मोहम्मदी हर्षोल्लास के माहौल के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अंजुमनों द्वारा बड़े पैमाने पर जश्न की तैयारी की गई थी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी चौकसी में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास सजावट के साथ जुलूस का आगाज हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बीकापुर, खजुरहट, कोछा बाजार, मौरावा, सोनखरी, दराबगंज, चौरे बाजार, काजी सराय सहित विभिन्न स्थानों पर जुलूस में आपसी भाईचारा और सौहार्द देखने को मिला। कई जगह पर तिरंगे झंडे के साथ जुलूस निकाला गया। वतन की सलामती तथा भाईचारे की दुआओं के साथ मौलवियों के साथ जुलूस में सियासत से जुड़े लोगों और जनप्रतिनिधि ने शिरकत किया। इस कड़ी में खजुरहट में जुलूस की अगुवाई करने वाले मदरसे के प्रबंधक मनने खा, मोहम्मद शकील, मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद रफीक, प्रधान प्रतिनिधि पंकज सोनी, बलराम यादव तथा कोछा बाजार में जुलूस की अगवाई करने वाले मौलाना महताब आलम और फरीद अहमद, पूर्व प्रधान मोहम्मद मुस्लिम शेख ने मुल्क की सलामती व क्षेत्र के भाईचारे की दुआएं की। मौरावा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद मोबीन की अगुवाई में भी जुलूस ए मोहम्मदी निकल गया। इस दौरान बड़ी तादात में मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर महिलाएं व बच्चों ने शिरकत की।

बीकापुर कस्बा एवं दराबगंज में मौलाना नसरुद्दीन शाह कादरी का प्रसिद्ध जुलूस भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अहमद रजा तथा नसरुद्दीन कादरी ने बताया कि मोहम्मद साहब ने इंसानियत तथा मोहब्बत का पैगाम देकर एक जूटता का संदेश दिया था। उन्होंने बीकापुर की गंगा जमुनी तहजीब को हिंदुस्तान के लिए मिसाल बताते हुए दावा किया कि यहां सभी मजहब के लोग एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं। तथा जश्न के माहौल में सभी भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं। इस मौके पर सभासद राजन पांडे, विनय पांडे, सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस भी जगह-जगह जुलूस के दौरान तैनात रही। प्रभात निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी का जुलूस कोतवाली क्षेत्र में सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। जुलूस में महिलाएं और बच्चे भी काफी संख्या में शामिल हुए।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद महिला प्रकोष्ठ महामंत्री का प्रान्तीय टीम द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया स्वागत



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

उत्तर प्रदेश राजधानी से चलकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की प्रदेश महामंत्री विनीत मिश्रा अयोध्या पहुंची अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष पंडित सत्य देव मिश्र द्वारा प्रदेश महामंत्री विनीत मिश्रा को दर्शन पूजन के बाद शहर के देवकली रोड निकट शक्ति नगर कॉलोनी स्थित अखिल भारतीय चाणक्य परिषद केंद्रीय कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी द्वारा अंग वस्त्र, माला, बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंडित जय प्रकाश तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकेश तिवारी, आलोक कुमार पांडेय राम प्रकाश पांडेय, घनश्याम मिश्रा दुर्गेश पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, रमाकांत मिश्र, विपिन शंकर तिवारी पंचमुखी हनुमान मंदिर के संरक्षक, अखिलेश चतुर्वेदी, अतुल तिवारी, राधा रमण त्रिपाठी, अमरेश शुक्ला एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष ने बहराइच में की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद बहराइच पहुंची। उन्होंने जिला समाजवादी कार्यालय पर आहूत महिला सभा की संगठनात्मक बैठक की बतौर मुख्य अतिथि समीक्षा की। सर्वप्रथम शहर की सीमा दोनक्वा चौराहे पर नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा के नेतृत्व मे सैकड़ों की संख्या मे शामिल महिला पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का फूल मालों व गाजे - बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। जहां पर मौजूद सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, जिला महासचिव सुनील निषाद व जफर उल्ला खान 'बंटी', सहित तमाम वरिष्ठ सपा नेताओं व महिला पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ, चित्र, माल्याणपर्ण कर उनका स्वागत किया।

उक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनु देवी ने और बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष महिला सभा सुनीता यादव ने किया। समीक्षा बैठक में गत वर्षों में समाजवादी महिला सभा



बहराइच द्वारा समाजवादी पार्टी की नीतियों, योजनाओं के प्रचार, प्रसार, आंदोलनों में की गई भागीदारी और 2022 विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा किए गए कार्य के बारे मे विस्तार से जिलाध्यक्ष मनु देवी ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया व महिला सभा की उपस्थित महिलाओ ने व्यक्तिगत रूप से उनसे संवाद भी कायम किया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए रीबू श्रीवास्तव ने समाजवादी नीतियों का प्रचार प्रसार करने और अधिक से अधिक नारी शक्ति को पार्टी की विचारधारा से प्रेरित कर उन्हे पार्टी से जोड़ने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर की महिला उत्पीड़न की घटनाओं से विश्व भर में देश की छवि को नुकसान पहुंचा है और देश के प्रधानमंत्री मणिपुर की घटनाओं को लेकर मौन रहे। देशभर के एनसीआरबी के आंकड़े प्रमाणित करते हैं कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। वहां महिलाओं और बच्चों के प्रति जघन्य अपराध मे बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को अधूरा करार देते हुए कहा कि जनगणना और जाति गणना के बिना महिला आरक्षण सम्भव ही नही है। सपा ने महिला आरक्षण मे सदैव दलित, ओबीसी, आदिवासी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए आबादी के हिसाब से आरक्षण मे मांग की है। भाजपा द्वारा लाया गया आधा अधूरा बिल महिला आरक्षण जैसे गंभीर विषय का उपहाश है। इसका जवाब महिलाए आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा के विरुद्ध वोट डाल कर देंगी। इस बैठक मे करीब सैकड़ो की संख्या मे महिलाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिलाध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी पेशकार राव, नंदेश्वर यादव, एड0 मंजू चौधरी, रेनू श्रीवास्तव, रेखा राव, अमाना बेगम, रुखसार शाह, अंजली, पूनम गुप्ता, सायमा, इंद्रावती, कोमल पाल, महक शाह, अलीना फातमा सहित काफी संख्या मे पार्टी जन मौजूद रहे।

# विसर्जन यात्रा में गणपति बप्पा मोरया के गगन भेदी जयकारों से गूंजी बांसुरी नगरी

* बाजे गाजे की धार्मिक धुनो पर जम कर नाचे गणेश भक्त
* सनातन धर्मी परिवारों में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण पूजन अर्चन के साथ मनाया गया अनंत चतुर्दशी पर्व भक्तों ने किया व्रत का पारायण

जन एक्सप्रेस । अरुण भारद्वाज






**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ श्रीमती आस्था अग्रवाल ने कहा है अंधकार में पड़ी हुई मानव जाति को प्रकाश में लाने व उनके जीवन में सुख समृद्धि ऐश्वर्य प्रदान करते हैं प्रथम पूज्य विघ्न विनाशक एकदंत गणपति जी महाराज दुख संकट और पाप-ताप से प्रपीड़ित प्राणियों के लिए गणेश पूजन रिद्धि सिद्धि दायक एवं विघ्न विनाशक मंगल करता होता है। गणेश जी कूमार्ग पर जाते हुए जीवन को वहां से हटकर सन्मार्ग पर लाने का कार्य करते हैं प्रबल मोह सरिता के प्रबाह मे बहते हुए जीवो के उद्धार करता है गणपति बप्पा मानवता में आई हुई दानवता का दलन करके मानव को मानव ही नहीं महामानव बना देने का पुनीत कार्य गणेश जी भगवान करते हैं। इसीलिए सारे 33 करोड़ देवी देवताओं में गौरी शंकर के पुत्र गणेश जी भगवान की सर्वप्रथम पूजा अर्चना प्रत्येक मांगलिक अवसर पर की जाती है। यह विचार श्रीमती अग्रवाल ने आज गणेश प्रतिमा विसर्जन समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। आज गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व भी सनातन धर्मी परिवारों में महिलाओं में घरों पर पकवान बनाकर सोलह सिंगार कर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी का पूजन अर्चन आरती वंदन करके अनंत भगवान की कथा एक दूसरे को सुना कर अपने परिजनों के हाथों में अनंत रक्षा का धागा बांधा इसी के साथ इस वर्ष युवा जागृत परिषद सहित बांसुरी नगरी पीलीभीत शहर के सभी देवालयों शिवालयों शक्तिपीठों पर तथा घरों में लोगों के द्वारा गणपति बप्पा को विराजमान करके बीते करीब 10 दिनों से रोज सुबह शाम गणेश जी महाराज का पूजन, अर्चन भजन संकीर्तन सुंदरकांड पाठ एवं श्री अखंड रामायण पाठ रोजाना किया गया आज दोपहर बाद शिव शक्ति बारात घर टनकपुर रोड से मुख्य रूप से कई देवी देवताओं मां दुर्गा, भगवान शिव पार्वती गणेश तथा शंकर सुमन केसरी नंदन अंजनी सुत पवन पुत्र हनुमान जी की विशाल प्रतिमाएं रथो पर सजाकर ढोल नगाड़ो बैंड, बाजों की धार्मिक भजनों की धुनो पर गणेश भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस फिर जल्दी आ के गगन भेदी जयकारे गुलाल अबीर उड़कर लगाएं जिससे सारा वातावरण भक्ति में हो गया। विसर्जन यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान शिव की भस्म आरती रही यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस दलबल के साथ सीओ सिटी, सुनगढ़ी थाना अध्यक्ष, कोतवाली थाना, अध्यक्ष नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। विसर्जन यात्रा के दौरान शहर वासियों ने जगह-जगह गणपति बप्पा का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य रूप से युवा जागृत परिषद के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी व उनकी टीम सहित संयुक्त बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय एम.एल शर्मा के सुपुत्र कपिल शर्मा सुमन शर्मा अरुण भारद्वाज श्रीमती संतोष भारद्वाज पुनीत भारद्वाज प्रियम भारद्वाज प्रियंका भारद्वाज विनय यादव मुकेश कुमार रामसेवक शर्मा राजकुमार राजीव त्रिवेदी अल्पना शुक्ला विवेक त्रिवेदी नेहा त्रिवेदी गीता मिश्रा उदित शुक्ला अमित पाठक अविनाश चंद्र मिश्रा दिलीप अग्रवाल राजीव अग्रवाल टीटी महेश अग्रवाल राजेश अग्रवाल बिचले विपिन अग्रवाल संयुक्त बार अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा सचिव आनंद मिश्रा उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा सह सचिव शार्मेंद्र मिश्रा पूर्व कोषाध्यक्ष अजय किशोर शर्मा संजय बरूआ ओमकार गुप्ता मुनींद्र पाल अग्निहोत्री सभासद दीप मिश्रा सभासद रतना शुक्ला वीरेंद्र अग्रवाल लव अग्रवाल सुनील दीक्षित प्रतिभा शुक्ला सुनील शुक्ला आशीष त्रिपाठी आदि ने विसर्जन यात्रा के दौरान गणेश जी की प्रतिमाओं का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। यह विसर्जन यात्रा शिव शक्ति बराबर घर से शुरू होकर नई बस्ती चौराहा कला मंदिर लोहा मंडी बरेली दरवाजा जेपी रोड चौक बाजार मोतीराम चौराहा खाटू श्याम मंदिर चौराहा खकरा आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा गौरी शंकर मंदिर मार्ग सत्यनारायण मंदिर होते हुए ब्रह्मचारी घाट स्थित देव हूती गंगा में सभी गणेश प्रतिमाओं का पूजन अर्चन के साथ मंत्र उच्चारण के बीच विसर्जन गणेश प्रतिमाओं का किया गया। सभी भक्तों ने अगले वर्ष फिर से गणपति बप्पा के दोबारा आगमन की गणेश जी से प्रार्थना की सभी ने एक दूसरे को अनंत चतुर्दशी की बधाइयां दी।

## जिलेभर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश शानौ शौकत के साथ बनाई गई





जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद

**पीलीभीत।** गुरुवार को जनपद भर में मजहब ए इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश जोशो खरोश के साथ मनाई गई।
इस खुशी के मौके पर मस्जिदों, दरगाहों,मदरसों में अपने-अपने घरों में सजावट करके फतिया डिकर आतिशबाजी छोड़कर मिठाई बाटकर खुशी का इजहार करके जश्न मनाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में बहुत ही शान ओ शौकत से जुलूस निकाला गया और तमाम ही शहर के अंदर हर जगह जुलूस निकाला गया जहां-जहां जिसका रूट था जिले की सभी तहसीलों में भी जुलूस निकाला गया। साथ ही शहर के मोहल्ला भूरे खान मस्जिद मोटा पाकड़ में इंशा की नवाज के बाद मजहबी इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम पैदाइश शानों शौकत के साथ मनाई गई। इस मौके पर मस्जिद के इमाम हाफिज कारी इस्माइल ने कहा आज का दिन 12वीं रवी उल अब्बल को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम पैदाइश हजरत अब्दुल्ला के घर हुई थी इस खुशी के दिन ईद मिलादुन्नबी मानते हैं मोहम्मद साहब ने दुनिया के लोगों से मोहब्बत प्यार इंसानियत के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया आज हम सभी लोगों को उनके बताएं रास्ते पर चलने का आश्वासन लेते हैं और सभी लोग उनके बताए गए रास्ते पर चलें। इस मौके पर मस्जिद के इमाम हाफिज कारी इस्माइल,हाजी गुलफाम बेग, मुदस्सिर खा, सूफी अतहर अली, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद मिनहाज ,अकरम, रहबर नूर, नासिर अली, अहमद खान, हाजी अशरफ मियां, जाकिर, तनवीर आदि लोग उपस्थित थें। वही भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लुई पाश्चर अवार्ड पर चिकित्सक ने जमाया दोबारा कब्जा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। अपनी मेहनत लगन कर्मठता की वजह से आए दिन सुर्खियों में रहने वाले क्षेत्र ही नहीं वरन पूर्वांचल में जाने माने पशु चिकित्सा अधिकारी डा आलोक सिंह ने दोबारा वर्ष 2023 के लुई पाश्चर अवार्ड पर कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल किया है। उनके इस सफलता पर लोगों ने हर्ष प्रकट किया। गौरतलब हो कि राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डा आलोक पशु चिकित्सा के अलावा अपनी लेखनी के लिए भी जाने जाते हैं। अभी हाल ही में आयोजित रैबीज निबन्ध प्रतियोगिता के लिए उन्हें वर्ष 2023 में दोबारा लुई पाश्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस आशय की जानकारी गुरुवार को विश्व रैबीज दिवस पर दी गई है। उक्त प्रतियोगिता पशु पालन विभाग की राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध पत्रिका पशु धन प्रहरी द्वारा हर वर्ष करायी जाती है। इसके पूर्व भी वर्ष 2022 में भी आयोजित द नीड आफ द हावर नामक शीर्षक निबंध को लेकर इस अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर उनके इस उपलब्धि पर विभागीय लोगों के अलावा पंकज सिंह, डॉ प्रदीप कुमार दूबे, श्रीपाल यादव, राहुल राज समेत अन्य लोगों ने हर्ष प्रकट किया है।

### सर्पदंश में युवक की मौत, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के जूड़ापुर (सुइथाकला) गांव में बीती रात अट्ठाइस वर्षीय एक युवक की सर्पदंश में मौत हो गई। जिसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी अट्ठाइस वर्षीय पप्पू पुत्र राम आसरे की बुधवार रात सर्पदंश में मौत हो गई। रात भोजन के युवक तख्ते पर सो रहा था। पैर में चुभन होने के बाद जब वह उठ कर देखा तो विषधर काट कर भाग रहा था । आनन -फानन में परिजनों द्वारा उसे उपचार हेतु ले जाया गया किंतु हालत गंभीर होती चली गई। अंततः शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास 5 वर्ष से भी कम उम्र की दो बेटियां हैं। घटना के बाद मृतक की पत्नी बेसुध सी हो गयी।थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घर से शहद निकालने के लिए गए युवक की हत्या

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत उसरहटा गांव निवासी एक युवक को बुधवार की शाम को दो युवक शहद निकलवाने के लिए साथ लेकर गये।जिसका शव गुरुवार की सुबह आमगांव में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के उसरहटा गांव निवासी 30 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र फिरतू बुधवार की शाम चार बजे दो अज्ञात युवक आये और शहद निकलवाने के नाम पर अपने साथ लेकर चलें गये। बीती देर रात तक परिजन मनोज के घर वापस आने का इंतजार करते रहे। गुरुवार की सुबह आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के आमगांव में एक युवक की अज्ञात शव मिला जिसकी चाकू गोदकर हत्या किया गया था। जिसकी शिनाख्त मनोज कुमार पुत्र फिरतू के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दोनों थाने की पुलिस हत्यारों को तलाश कर रही है। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव खांडेपुर निवासी अवनीश सिंह के पुत्र आकाश ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने आनन फानन में उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## लूट की घटना में पीड़ित की जुबानी, पुलिस बदल रही कहानी

* बाइक सवार बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाने के बाद गन पॉइंट पर लेकर की लूट
* पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप, एसपी से शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** देर रात लघुशंका करने के लिए उठे ग्रामीण को बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बंधक बना लिया।चिखने चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।गन पॉइंट पर लेकर घर में रखी नगदी व जेवरात लूट लिए। बदमाश दंपति को बंधक बनाकर मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी से खलबली मच गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दंपति से घटना की जानकारी जुटाई। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लूट की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।
कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति निवासी रामकुमार ने बताया कि वह बुधवार रात्रि लगभग डेढ़ बजे लघुशंका के लिए घर से बाहर निकला था।घर के पास में एक बाइक खड़ी हुई थी।पीछे से आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने ग्रामीण के पेट में चाकू लगाकर दबोच लिया। बदमाशों ने ग्रामीण को गन प्वाइंट पर लेकर चीखने चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।घर के अंदर ले जाकर दंपति को बंधक बना दिया।एक बदमाश दंपति को गन पॉइंट पर लेकर पास में ही बैठा रहा। दो बदमाशों ने आवास निर्माण के लिए घर में रखी तीस हजार की नगदी,कुंडल, सोने का पेंडल लूट लिया।शिकायत पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। परिवार को बंधक बना कर असलहा लहराते हुए फरार हो गए। बमुश्किल बंधन मुक्त होने के बाद दंपती के चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के दर्जनों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। बदमाशों द्वारा परिवार को बंधक बनाकर लूट करने की वारदात की जानकारी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में पीड़ित से जानकारी जुटाई। पीड़ित का कहना है कि पुलिस लूट की घटना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने का दबाव बना रही है। पीड़ित रामकुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लूट की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

> घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। दंपति लगातार बयान बदल रहे हैं। पीड़ित द्वारा बताए गए बाइक नंबर को भी ट्रेस किया गया है। पूछताछ की जा रही है।
> –जगत सिंह, प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर

## खड़े ट्रक में पीछे से घुसी दिल्ली से नेपाल जा रही बस, आठ यात्री घायल

* ड्राइवर को झपकी आने से असम हाईवे पर हुआ हादसा
* एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में कराया गया भर्ती

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** दिल्ली से नेपाल के कैलाली जा रही यात्रियों से भरी बस हाईवे के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। सुबह तड़के हुए सड़क हादसे को लेकर खलबली मच गई। दुर्घटना में बस में सवार आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह दिल्ली से नेपाल के कैलाली जा रही यात्रियों से भरी बस ड्राइवर को झपकी आने से गोमती गुरुद्वारा के निकट पूरनपुर असम हाईवे के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। तेज धमाके की आवाज से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ट्रक की टक्कर से बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर राहगीरों के साथ आस पड़ोस के लोग मौके पर जुट गए।बस मे सवार तुलसा पत्नी जीवन निवासी नेपाल, जीवन पुत्र जंग बहादुर निवासी नेपाल, शीला पुत्री दिल बहादुर निवासी नेपाल,शंकर पुत्र मोहन निवासी नेपाल, ओमेंद्र पुत्र लालाराम निवासी संभल, राजीव कुमार पुत्र नरेंद्र निवासी मझोला मुरादाबाद, आलोक कुमार पुत्र राम केवल निवासी अहीरा टांडा बहराइच, सतीश वर्मा निवासी मकरंदपुर रुपेलिया बहराइच सहित आठ यात्री बुरी तरह घायल हो गए।आनन फानन में घायलों एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

### सड़क हादसों का कारण बन रहे हाईवे के किनारे खड़े वाहन

रात के समय हाईवे के किनारे बेतरतीब तरह से खड़े वाहन सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं।13 सितंबर को परिवार के साथ नैनीताल पिकनिक मनाने जा रहा लखनऊ के मोहल्ला खदरा निवासी परिवार की कार गढ़वा खेड़ा चौकी क्षेत्र में असम हाईवे के किनारे खड़े मुर्गी वाहन में पीछे से टकरा गई थी। सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एक मासूम सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद भी हाईवे के किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर रोक नहीं लग पा रही है।

> हादसे की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> –जगत सिंह, प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर

## मार्ग पर भरे गंदे पानी के विरोध में ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग के खिलाफ किया हंगामा

* जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** ग्राम पंचायत चठिया सेवाराम के मजरा धिमरपुरा में पीडब्लूडी द्वारा सीसी मार्ग डलवाया गया जो भयंकर गड्ढ़ों में तब्दील हो गया है। उसमें जलभराव बना रहता है जिससे प्राथमिक पाठशाला को जाने वाले बच्चे कीचड़ में गिरकर उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों ने कई बार पीडब्लूडी विभाग को शिकायती पत्र देकर मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की लेकिन मार्ग को सही नहीं कराया गया। गुस्साएं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जलभराव से निजात दिलाये जाने की मांग की है।
बीसलपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चठिया सेवाराम के ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग के खिलाफ हंगामा कर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत चठिया सेवाराम के मजरा धिमरपुरा में निर्मल कुमार के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक वर्षो पहले सीसी मार्ग डलवाया गया। जो जगह जगह टूट गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार पीडब्लूडी से की लेकिन मार्ग बनवाये जाने की ओर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चे कीचड़ में गिरकर उनके कपड़े खराब हो जाते हैं और गंदगी होने के कारण संक्रामक रोगों के फैलने की भी आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनियां जैसे रोगों से जूझ रहे हैं। उन्होंने मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की। हंगामा करने वालों में शिवदयाल, रामशंकर, कमलबाबू, विकास, निर्मल कुमार, अनिल कुमार, पिंटू, रामरती, रामवती, रामकली, बबली, रानीदेवी, मोहनलाल, रजनीश कुमार, रामचन्द्रलाल, करनबाबू सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

## आयुष आपके द्वार कैंप में मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवा का किया वितरण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




**हजारा(पूरनपुर)।** आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राणाप्रताप नगर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया है। आयुष आपके द्वार मेला के तहत ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणाप्रताप नगर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कबीरगंज, पीलीभीत के द्वारा गुरुवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेश चंद्र अरुण के द्वारा ग्रामीणों को एलाउंसमेंट के द्वारा सूचना करते हुए कैंप में पहुंच कर स्वास्थ्य जांच करने की जानकारी दी गई ।कैंप में सैकड़ो महिला एवं पुरुषों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सक के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर संबंधित रोगों की निशुल्क दवाइयों का वितरण किया।कैंप में आए सभी ग्रामीणों को होम्योपैथ की दवा के लाभकारी गुणों के बारे में बताते हुए मरीज से सरकारी अस्पताल में पहुंचकर निशुल्क दवाई प्राप्त करने की बात भी कही गई ।उधर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कबीरगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि आयुष आपके द्वार मेला/स्वास्थ्य कैंप में राणाप्रताप नगर के 59 पुरुष एवं 41 महिला रोगियों की स्वास्थ्य जांच कर कुल 100 लोगों को निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया है।

## जिलाधिकारी ने शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे छात्र-छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से युवा यूथ क्लब के बच्चो को वाराणसी के सारनाथ भ्रमण करने हेतु हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप विश्व पर्यटन दिवस पर जनपद से 31 बच्चों को सारनाथ भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण का उद्देश्य है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों के बारे में भी बताया जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम है पर्यटन और हरित निवेश। जिला सूचना पर्यटन अधिकारी सुश्री मनोकामना राय द्वारा युवा टूरिज्म क्लब जौनपुर के बच्चों को सारनाथ भ्रमण कराया गया उन्होंने बताया की इस एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में जनपद के चार विद्यालयों के करीब 31 बच्चों को वाराणसी स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक बौद्ध स्थल सारनाथ का भ्रमण कराते हुए इसकी महत्व के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। वाराणसी आगमन पर उप निदेशक पर्यटन वाराणसी मंडल और डा. उषा बालचनादनी सहित पर्यटन विभाग की समस्त टीम द्वारा बच्चों का स्वागत किया। बच्चों में पर्यटन विभाग द्वारा टी-शर्ट, पर्यटन कीट आदि उपलब्ध कराया गया। सारनाथ गाइड एसोसिएशन के अधिकारी और अन्य सदस्यों द्वारा सारनाथ के प्रसिद्ध स्तूपों, कलाकृतियो, बौद्ध मंदिरों, संग्रहालय, धम्मेख स्तूप सहित महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गई। उन्होंने छात्रों को बताया कि ज्ञान प्राप्ति के पश्चात महात्मा बुद्ध ने सर्वप्रथम यही पर उपदेश दिया था। सारनाथ भ्रमण के दौरान छात्र काफी उत्साहित दिखे। छात्रों ने कहा कि यह टूर उनको हमेशा याद रहेगा यहां आकर न सिर्फ उन्होंने भ्रमण किया अपितु ज्ञान भी अर्जित किया। इस अवसर पर डी डी पर्यटन वाराणसी एवम विंध्याचल मण्डल, पर्यटन सूचना अधिकारी मनोकामना राय, पुलिस कर्मी अमिलेश एवं प्रिया सोनकर के सहयोग से बच्चो को सारनाथ का भ्रमण कराया गया।

## 33 मवेशी बरामद, सात पशु तस्कर गिरफ्तार

* दो ट्रकों में बेरहमी से ठूसकर ले जा रहे थे मवेशियों को, जनपद सहित मैनपुरी, वाराणसी के हैं गिरफ्तार आरोपित
* बरामद मवेशियों में दो दर्जन भैस व नौ पड़वा, आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




ट्रको में बेरहमी से ठूसकर ले जा रहे सात पशु तस्करों को पुलिस ने बुधवार की रात गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 33 मवेशियों को बरामद किया गया। जिसमे दो दर्जन भैस व नौ पड़वा थे। बरामद सभी मवेशियों को सम्बंधित पशुपालकों को सुपर्द कर दिया गया। पकड़े गए सभी आरोपितों को पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी करने में पुलिस जुट गई है। थानाध्यक्ष सिकरारा दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम बुधवार रात साढ़े दस बजे क्षेत्र में संदिग्धों वांछितों की तलाश में चक्रमण पर थे तभी मुखबिर की सूचना मिली कि सिकरारा बाजार से दो ट्रकों में भारी संख्या में पशु बेरहमी से ठूसकर तस्कर ले जा रहे है। सूचना पर थानाध्यक्ष भारी फोर्स के साथ सिकरारा चौराहा पर घेरेबंदी कर दोनों ट्रकों को रोक लिया। पुलिस टीम ने ट्रकों में देखा तो उसमें भैस व पड़वा बेरहमी से ठूसकर भरे हुए थे। उनके मुख से झाग निकल रहे थे। पुलिस टीम की मानें तो उनके आंखो में दया का भाव व आंसू निकल रहे थे। ट्रकों से उतरवाकर गिनती कराई गई तो दोनों ट्रकों में कुल 33 पशु थे जिसमें 24 भैंस व 9 जिंदा पड़वा थे। उक्त मवेशियों के बारे में पूछा गया तो वे जरूरी कागजात नही दिखा सके ।पुलिस ने मौके से अरविंद निवासी मोहम्मदपुर थाना सरपतहा, मनोज यादव निवासी गद्दीपुर केराकत, अमरीश यादव निवासी करमही थाना जफराबाद, रोकोंम पाल व सर्वेश निवासी मैनपुरी, हिकमत अली व कमलेश यादव निवासी वाराणसी जनपद के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय को भेज दिया।

# एक्सप्रेस वे पर हुई 15 लाख की लूट का हुआ पर्दाफाश, तीन शातिर गिरफ्तार

- फरार हुए लुटेरों के चौथे साथी की तलाश में जुटी पुलिस
- लूटी गयी रकम में 10 लाख 50 हजार की नगदी हुई बरामद
- एक एक्सयूवी, एक वैगन आर, दो असलहे और 6 मोबाइल भी मिले





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मंगलवार/बुधवार की रात एक्सप्रेस वे तगादा लेकर लौट रहे लकड़ी व्यापारी के मुनीम से हुई 15 लाख की लूट की घटना का खुलास पुलिस ने कर दिया। 24 घण्टे के अंदर इस लूट के मामले को खोलने में स्वाट, सर्विलांस की टीम के साथ ही दही और हसनगंज पुलिस की भूमिका सराहनीय रही। लूट का मुख्य सूत्राधार मुनीम के मामा का लड़का ही निकला। पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूटी गयी रकम से 10 लाख 50 हजार की धनराशि, लूट में प्रयुक्त एक्सयूव कार, एक वैगन आर, दो तमंचे, चार कारतूस, सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बता दें कि बांगरमऊ के आसत मोहिद्दीनपुर निवासी लकड़ी व्यापारी अशोक पाल पुत्र देवी प्रसाद का मुनीम शोभित मिश्र पुत्र राजेश निवासी कस्बा बांगरमऊ मंगलवार शाम तगादा लेने लखनऊ आशियाना गया था। उसके साथ गौरिया खुर्द निवासी उसका साथी सुधीर कुमार पुत्र श्रीपाल भी गया था। वहां से वह तगादे के 1498000 रुपये लेकर बुद्धेश्वर से लिफ्ट लेकर लौट रहा था। गाड़ी में चालक समेत सवार तीन लोगों ने आगरा एक्सप्रेस वे का टोल प्लाजा पार करते मुनीम और उसके साथी से मारपीट कर नगदी लूट ली और उन्हें चलती गाड़ी से फेंक कर फरार हो गए। लकड़ी व्यापारी की तहरीर हसनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी थी। पहले तो इस मामले में लखनऊ के काकोरी और उन्नाव के हसनगंज कोतवाली पुलिस के बीच सीमा विवाद चलता रहा। बुधवार सुबह एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी शशि शेखर सिंह, बांगरमऊ व हसनगंज सीओ मौके पर पहुंचे और पीड़ित से बातचीत कर घटना का विवरण लिया। एसपी ने मामले के खुलासे के लिए स्वाट प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी के साथ सर्विलांस टीम, हसनगंज और दही एसओ को लगाया था। 24 घण्टे के अंदर स्वाट प्रभारी अपनी टीम, कोतवाल हसनगंज राजेश सिंह, एसओ दही अनुराग सिंह के बीरु सिंह चन्देल उर्फ धीरू पुत्र राजा सिंह निवासी ग्राम इटारा थाना सचेन्डी कानपुर नगर, निखिल अवस्थी पुत्र नरेश अवस्थी निवासी ग्राम जहानपुर थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर को लूट के सात लाख रुपये व 12 बोर के दो तमंचों व चार कारतूस, 6 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी के साथ गिरफ्तार कर लिया। मौके पर कुलदीप सिंह चन्देल पुत्र पप्पू सिंह चन्देल निवासी ग्राम जामू थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर शेष लूटे हुए रुपये लेकर पुलिस को देखकर भागा। पुलिस ने उसका पीछा किया लेकिन वह भाग निकलने से सफल रहा। पूछताछ में शातिरों ने बताया कि घटना का षड़यंत्र नवीन बाजपेयी पुत्र रजनीश बाजपेयी निवासी रसूलपुर रुरी थाना बेहटामुजावर ने अपने साथी कुलदीप सिंह चन्देल के साथ रची थी। नवीन बाजपेयी अपने हिस्सेके साढे तीन लाख रुपये लेकर अपनी वैगन आर से घर चला गया है। हसनगंज पुलिस टीम ने नवीन बाजपेयी को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से साढे तीन लाख रुपये बरामद कर लिए। दर्ज मुकदमें में चोरी का माल रखने व अपराधि षड़यंत्र के साथ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढाई गयी है। लुटेरों के फरार साथी कुलदीप की तलाश की जा रही है। शेष तीनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

### मुनीम के मामा का लड़का ही लूट का साजिशकर्ता

इस खुलासे में पकड़े गए नवीन बाजपेयी ने बताया कि लूट का शिकार हुआ मुनीम शोभित मिश्रा उसकी बुआ का लड़का है। तगादे की रकम लेने के बाद शोभित को बुद्धेश्वर तक वही छोड़ने गया था। उसे उसके पास जब रकम की जानकारी मिली तो उसने साथी कुलदीप सिंह चंदेल व उनके साथियों के साथ लूट की घटना का षड़यंत्र रचा।

## दिव्यांग किशोरी प्रधान के रिश्तेदार के खिलाफ की शिकायत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कोतवाली की लाला कुआं चौकी अंतर्गत गिरजा नगर निवासी दिव्यांग किशोरी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पैतृक जमीन पर कराए जा रहे प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में ग्राम प्रधान के रिश्तेदार अवरोध पैदा करने के लिए इरादे से मजदूरों व उसे धमका रहे हैं। पुलिस से की गयी शिकातय में गिरजा नगर निवासी ज्योति देवी पुत्री राज किशोर ने बताया कि वह जन्म से दिव्यांग है। उसका आरोप है कि शासन से मिले प्रधानमंत्री आवास का निर्माण वह अपनी पैतृक भूमि पर करा रही है। जिसमें अवरोध पैदा करने के इरादे से गांव के कुंज बिहारी उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज व निर्माण कार्य करने वालों लोगो के साथ अभद्रता करते हैं।

## संदिध हालात में अधेड़ की बिगड़ी हालत, अस्पताल ले जाने पर हुई मौत

- परिजन बोले दो दिन पहले हुआ था विवाद, जताई हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की हालत बिगड़ गई। गंभीर हालतों में परिजनों ने मियागंज सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा मियागंज के मोहल्ला इन्दिरा नगर निवासी मयाराम पांडेय (50) बुधवार शाम को बाजार गया था। जहां उसकी हालत बिगड़ गई। देर रात लड़खड़ाते हुए घर पहुंचे और गश खाकर बेहोश हो गए। जिसे परिजनों ने मियागंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का अंदेशा जता रहे हैं। दो लड़के विपिन, सचिन व तीन लड़कियों में कीर्ति, पूजा, काजल पत्नी किरन सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने बताया कि मृतक मायाराम का गांव के दो लोगों से दो दिन पहले विवाद हो गया था। जिसमें मृतक मायाराम ने तहरीर भी दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## घर से उठती दुर्गंध की सूचना पर पहुंची पुलिस अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

- पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से आहत युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी में पत्नी के मायके से न आने से नाराज पति ने घर के अंदर गमछे के फंदे से लटककर जान दे दी। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पड़ोसी के घर की छत से जीने के रास्ते अंदर दाखिल हुई पुलिस को वहां शव लटका मिला। जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। सदर कोतवाली के सिंगरोसी वार्ड नंबर दो निवासी रिजवान (32) पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। वह मगरवारा स्थित एक फैक्टरी में काम कर परिवार का पालन पोषण करता था। बीस दिन पहले पत्नी रूबी से उसका विवाद हो गया था। नाराज होकर पत्नी रूबी पांच साल की बेटी रीजा और एक साल के बेटे रेहान के साथ मायके चली गई थी। तब से घर नहीं आ रही थी। पड़ोसियों के मुताबिक रिजवान काफी परेशान रहता था। तीन दिन पहले लोगों ने उसे मोहल्ले में टहलते देखा था। उसके बाद से वह दिखा भी नहीं। गुरुवार को घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। हल्का इंचार्ज रजनीकांत पांडेय फोर्स के साथ पहुंचे और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह अंदर से बंद था। पड़ोसी के मकान से रिजवान की छत पर पहुंचे। फिर जीने के रास्ते नीचे उतर गए। घर के सबसे पीछे वाले कमरे में छत के कुंडे में गमछे से शव लटक रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसमें हैंगिंग की पुष्टि हुई है। कोतवाल अश्वनी मिश्र ने बताया कि पत्नी से विवाद के बाद युवक ने यह कदम उठाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जहरीला कीड़ा काटने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के तोरना गांव निवासी मेड़ेलाल (36) बुधवार को मवेशियों को लेकर खेत गया था। दोपहर दो बजे घास काटते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन सीएचसी लाए वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि मृतक के भतीजे नरेंद्र की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### करंट की चपेट आकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के मिघनी पुरवा गांव में बीती रात दोना पत्तल बनाने वाले युवक के मशीन से चिपक कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से दोनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी चौबेपुर पुलिस को मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पारिवारिक जनों ने सबका पोस्टमार्टम करने से इनकार करने पर पुलिस ने परिवार वालों को सौंप दिया। अवधेश कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र राम शंकर मिघनी पुरवा थाना चौबेपुर का रहने वाला है। यह घर पर ही दोने पत्तल का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बुधवार की रात रोज की तरह अवधेश घर पर दोने पत्तल बना रहा था कि तभी मशीन में करंट उतर आने से अवधेश चिपक गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। परिवार मैं दो छोटे बच्चे प्रतीक 10 वर्ष, राधा 5 वर्ष माता मिठाना देवी है। घटना के बाद से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### शोभा यात्रा और गणेश प्रतिमाएं आने के कारण मरहला से बैराज मार्ग तक रहा जाम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गुरूवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन का दौर पूरे दिन चलता रहा। एक के बाद शोभा यात्रा और गणेश प्रतिमाएं आने के कारण मरहला से बैराज मार्ग तक जाम की स्थित से राहगीर देर शाम तक जूझते रहे। लोडर, ट्रैक्टर, ई रिक्शा, पिकप, बाइक आदि वाहनों से सुबह से लेकर देर रात तक बैराज मार्ग स्थित गगनी खेड़ा झील जाने वाले शोभा यात्राओं के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ गई। आलम यह रहा कि लंबी दूरी तक लगे जाम में कई घंटा फंस कर लोग हलकान रहे। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को भी पसीना बहाना पड़ा लेकिन विसर्जन के चलते मार्ग से निकल रहे प्रतिमाएं कारण बनी रहीं। वहीं सरैयां क्रासिंग के कारण भी जाम और जटिल हो गया। इसी तरह नवीनपुल पर भी जाम लगा जिसका कारण कानपुर की तरफ से गोला घाट पर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए लगातार जुलूस निकलना रहा। कैंट पुल के पास जाम लगने से नवीनपुल से गुजरने वाला यातायात बाधित हुआ। शाम के समय भीषण जाम लगने के कारण राहगीर खाये हलकान रहे। पुल पर जाम लगने से बालूघाट, राजमार्ग तक वाहन खड़े रहे। नवीनपुल और बैराज मार्ग पर दिन से लेकर देर शाम तक वाहन जाम के कारण रेंग-रेंग कर गुजरे।

### गंगातट पर फैली गंदगी को पालिका के कर्मचारियों ने किया साफ

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। पितर पक्ष और पूर्णिमा पर गंगा तट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। जिसमें नगर के अलावा दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए आते है। गुरूवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने गंगातट पर फैली गंदगी को पालिका के कर्मचारियों से साफ सफाई कराई। वहीं गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण घाटों पर बेरीकेडिंग लगाई गई। ईओ ने बताया कि स्नान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्नान के दौरान कोई गहरे पानी में न जाये, इसके लिये गोताखोर और बेरीकेडिंग भी लगवाई गई हैं। जिससे गंगास्नान करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

### जूलूस-ए-मोहम्मदी पर नगर में उमड़ा लोगों का हुजूम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। जूलूस-ए-मोहम्मदी नगर पर लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। जुलूस में सभी मस्जिदों के इमाम मुतावल्ली और उलेमा शामिल थे। युवा अलम लहराते सरकार की आमद मरहबा, नारा ए रिसाला या रसूल अल्लाह के नारे लगाते चल रहे थे। दोपहर तीन बजे से राजधानी मार्ग जामा मस्जिद में अहमद नगर, मदनी नगर, रहमत नगर, अली नगर, गोताखोर, रसीद कालोनी, अली नगर, चम्पापुरवा, मनोहर नगर, समेत तमाम मुस्लिम इलाकों से झण्डें आना शुरू हो गये थे। यहाँ से बड़ी संख्या में लोग झन्डें लेकर धोबिन पुलिया तक लेकर गए। नगर के मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे भी उत्साह के जुलूस में शामिल हुए। सभी मस्जिदों के इमामों का जगह-जगह साफा बांधकर इस्तकबाल किया। सतवास में भी मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### महान कृषि वैज्ञानिक डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन का निधन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। देश को हरित क्रांति की सौगात देने वाले महान कृषि वैज्ञानिक डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन का गुरुवार को सुबह निधन हो गया। जिस पर सीएसएयू के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के इतिहास में उनके अभूतपूर्व कार्यों ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। डॉ.सिंह ने बताया कि 7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु की कुंभकोणम में जन्मे डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन के वैज्ञानिक थे। उन्होंने 1966 में मेक्सिको के बीजों को पंजाब के घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के बीज विकसित किए थे। उन्होंने बताया कि डॉक्टर स्वामीनाथन को 1967 में पद्मश्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

## महान क्रांतिकारी भगत सिंह की पावन जयंती पर किया माल्यार्पण

जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव



महान क्रांतिकारी बहुत कम उम्र में देश के लिए मुस्कुराते हुए फांसी का फंदा चूम कर अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद ए आज़म भगत सिंह की जयंती पर समाजसेवी द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ! महान क्रांतिकारी भगत सिंह की पावन जयंती पर त्रिमूर्ति ट्रेडिंग कंपनी के संस्थापक समाजसेवी अजय पाल सिंह के द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों के द्वारा पुष्प अर्पित कर महान क्रांतिकारी के आदर्श चरित्र और देश प्रेम के लिए उनके बलिदान को याद कर सभी की आंखें नम हो गई। अजय पाल सिंह ने बताया भगत सिंह का जन्म पंजाब प्रांत के रायपुर जिले के बगा में 28 सितंबर 1907 को हुआ था आज उनकी पावन जयंती है शहीदे आजम भगत सिंह को सुखदेव और राजगुरु के साथ लाहौर षड्यंत्र के आरोप में अंग्रेजी सरकार ने फांसी पर लटका दिया था देश के सबसे बड़े क्रांतिकारी और अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को अपने साहस से ग झकझोर देने वाले भगत सिंह ने नौजवानों के दिलों में आजादी का जुनून भरा था उन्होंने लाखों देशवासियों के अंदर आजादी की अलख जगाकर गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का काम किया था आज भगत सिंह का व्यक्तित्व और उनके विचार हर भारतीय खास तौर पर युवाओं के दिलों में निरंतर धड़कते रहते हैं भगत सिंह जी के विचार और उनके बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा भगत सिंह जी युवाओ के दिलों में सदैव जीवंत रहेंगे ! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र दीक्षित वीरेंद्र सिंह विपिन सिंह राजू लोधी प्रकाश पंकज सिंह युवा नेता कुलदीप लोधी राकेश लोधी आदि लोगों ने भी पुष्प अर्पित कर भगत सिंह जी को याद किया !!

## नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से गजानन महाराज को विदाई देने के बाद किया विसर्जन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव



18 सितंबर से नगर में शुरू हुए गणेश महोत्सव की धूम लगातार बढ़ती जा रही है। गुरूवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से गजानन महाराज को विदाई देने के लिये लिये लोग स्थापित गजानन की प्रतिमाएं लेकर विसर्जन स्थल पहुंचे। जिसमें महिलाएं, बच्चे और पुरूष गाजे-बाजे के बीच अबीर-गुलाल उड़ाते हुए निकले। गणपति बप्पा की जय-जयकार के नारों से आकाश गूंज उठा। वहीं युवक, युवतियां, बच्चे, महिला पुरूष थिरकते हुये गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारें लगाते रहे। पोनी रोड के गणेश प्रतिमा का विसर्जन लोग ढोल-ताशे के बीच करते हुए निकले। बैराज मार्ग फत्ते खेड़ा झील के पास विसर्जन स्थल पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। जहां गोताखोरों की मदद से मूर्ति का विसर्जन किया गया। श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से गायत्री नगर में विराट 27वें श्री गणेश महोत्सव के दौरान बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जहां गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगे। नगर भ्रमण के दौरान भारी भीड़ उमड़ी। जिसके बाद गुरूवार को प्रतिमा विसर्जित की गई।



## बिल्हौर स्थित पल्लवी क्लासेस में शहीद ए आजम भगत सिंह की 111 जयंती मनाई गई



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर कस्बे में स्थित पल्लवी क्लासेस मे शहीद-ए-आजम भगत सिंह की आज 111 वीं जयंती मनाई गई जिसमें प्रबंधक विशाल चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया भगत सिंह के बचपन से जुड़ी एक कहानी के बारे में, कि कैसे वे एक बार खेतों में जाकर बंदूक की खेती करने लगे थे। तब उन्होंने कहा था कि इससे पैदा हुई बंदूकों से देश को अंग्रेजों से आजाद कराएंगे। वे देश के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। देशभक्ति की झलक बचपने में ही दिखने लगी थी। भगतसिंह ने देश की आज़ादी के लिए जिस साहस के साथ ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया, वह आज के युवकों के लिए एक बहुत बड़ा आदर्श है। एक बार कि बात है कि भगत सिंह के हाथ बचपन में खेलते-खेलते अपने चाचा जी की बंदूक लग गई। उन्होंने अपने चाचा जी से पूछा कि इससे क्या होता है? चाचा जी ने बताया कि वे इससे अंग्रेजी हुकूमत को दूर भगाएंगे। कुछ दिनों बाद जब भगत सिंह अपने चाचा के साथ खेतों में काम करने गए। उनके चाचा वहां एक आम का पेड़ लगा रहे थे। तब भगत सिंह ने पूछा चाचा यह क्या कर रहे हो तो उन्होंने कहा कि मैं आम का पेड़ लगा रहा हूं जिस पर बहुत से आम लगेंगे और हम सब खाएंगे। इतने में भगत सिंह ने घर से उनकी बंदूक ले आए और खेत में गढ्ढा खेदना शुरू कर दिया। खोदने के बाद बंदूक को जैसे ही गढ्ढे में डाल रहे थे तो चाचा ने कहा कि यह क्या कर रहे हो तब भगत सिंह ने कहा कि मैं बंदूक की फसल उगा रहा हूं जिससे कई बंदूके पैदा होंगी और हम अपने देश को इन अंग्रेजों से आजाद करवा सकेंगे। बिल्हौर कस्बा स्थित पल्लवी क्लासेस में भगत सिंह की 111वी जयंती धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर सभी बच्चो को देश भक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और सभी बच्चो ने भगत सिंह द्वारा बताए गए सच्चे मार्ग पर चलने की सपथ ली भगत सिंह ने कहा था कि जिंदगी तो सिर्फ अपने कंधो पर जी जाति है दूसरे के कंधो पर तो जनाजे उठाए जाते है । इस अवसर पर पल्लवी क्लासेस के संचालक विशाल चतुर्वेदी मनोज चतुर्वेदी व समस्त बच्चो मे रिद्धि, दिव्यांशी, दिव्यांध, कृष्णा, नैतिक, हर्ष, इच्छा ,कृति आदि सभी अध्यापक और अभिभावक मौजूद रहे।



## शहीदे आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर डाला प्रकाश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत की जनवादी नौजवान सभा कानपुर व अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा मूलगंज चौराहे के पास भगत सिंह मार्केट पर लगी शहीदे आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा पर उनके 116 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर संयुक्त विपक्षी मोर्चा के संयोजक सुरेश गुप्ता ने कहा कि भगत सिंह जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है वह हमेशा संप्रदायिकताओं के खिलाफ व देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वालों का सम्मान करते रहे सामाजिक भेदभाव को कुरीतियों और शोषणकारी व्यवस्था पर भी तगड़ा हमला करते थे। नौजवान सभा के कानपुर जिला अध्यक्ष का.विनोद पांडे ने सर्वप्रथम प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात बारी-बारी सभी साथियों ने शहीदे आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा अर्पित की जिला महामंत्री चमन खन्ना ने प्रतिमा स्थल में उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए शहीदे आजम के विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता सर्वेश पांडे नीन्नी पांडे श्याम देव सिंह चमन खन्ना हरभजन वाल्मीकि अमित केसरवानी उमाकांत अरविंद गुप्ता अनूप कटियार राकेन्द्र मोहन तिवारी आदि तमाम साथी मौजूद रहे

## दक्षिण जिलाध्यक्ष ने मलिन बस्ती की जनता से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मोदी ,योगी की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन जानने के उद्देश्य से भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने गुरुवार को पशुपति नगर और गोवर्धन पूरवा मलिन बस्ती पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क शौचालय, हर घर नल से जल योजना ,उज्ज्वला योजना, मात्र वंदन योजना, आयुष्मान भव योजना सहित कई योजनाओ के लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बस्ती में लगी बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी की सरकार में दलित और वंचितों का मान सम्मान बढ़ा है। समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना ही भाजपा का मूल उद्देश्य है। इस अवसर पर ज्ञानू मिश्रा, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, पार्षद अभिनव शुक्ला ,नूतन मिश्रा, शिव पूजन सविता, राजन चौहान आदि मौजूद रहे।



## अधिवक्ता आज रहेंगे हड़ताल पर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हापुड़ कांड पर हापुड़ में हो रहे अधिवक्ता महासम्मेलन को लेकर द लायर्स एसोसिएशन और कानपुर बार एसोसिएशन के संयुक्त निर्णय के अनुसार कानपुर के अधिवक्ता आज हड़ताल पर रहेंगे और हापुड़ के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के आज दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पं0रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने दी है।

# महिला आरक्षण बिल एक जुमला है

## बलौदाबाजार में खड़गे बोले, कांग्रेस नेताओं के जहां दौरे होते हैं, वहां ईडी-आईटी के छापे पड़ते हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल को जुमला बताया है। उन्होंने कहा कि जहां 'कांग्रेस नेताओं के दौरे होते हैं, वहां ईडी-आईटी के छापे पड़ते हैं। हमें डरना नहीं, लड़ना है। डर गए तो समझो मर गए। देखते हैं कितना सताते हैं।' खड़गे ने आगे कहा कि 'कांग्रेस हर काम दिल से करती है, 2024 में बीजेपी को सबक सिखाना ही होगा। बीजेपी के लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं। खड़गे ने ये बात बलौदाबाजार में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में कही।'



### आदिवासियों को 7 हजार की सहायता

19 लाख किसानों का कृषि लोन माफ हुआ, 5 लाख 63 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों 7 हजार रुपए लगातार दूसरे साल सहायता राशि दी गई। 5 लाख 16 हजार आदिवासियों को 101 लाख एकड़ वन भूमि पर अधिकार दिलाया। स्वामी इंग्लिश मीडियम स्कूल बनाएं। 8 नए मेडिकल कॉलेज भी यहां बनाए गए, जिसका फायदा मिलना शुरू हो गया।

### हर संभाग को साधने की तैयारी

खड़गे का दौरा संभागवार सीटों को साधने के लिए हो रहा है। उनकी पहली सभा जांजगीर में हुई। बिलासपुर संभाग में 20 सीटें (सारंगढ़-बिलाईगढ़ को जोड़कर) हैं। उनमें जांजगीर भी है। इसके बाद राजनांदगांव में हुई, जो कि दुर्ग संभाग में आता है और पूर्व सीएम रमन सिंह का क्षेत्र है। इस संभाग में 20 सीटें हैं। रायपुर संभाग के बलौदाबाजार में भी 20 विधानसभा सीटें हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी का सबसे बड़ा दलित चेहरा हैं। बलौदाबाजार जिले की विधानसभा सीटों में एससी और ओबीसी वर्ग के मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है।

" इस साल किसानों को मिलने वाली प्रति क्विंटल धान की राशि और बढ़ेगी। प्रति एकड़ ज्यादा राशि दी जा रही है, ये किसी राज्य में नहीं हो रहा।
-सिंहदेव, डिप्टी सीएम

" भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए काम हो रहा।
-रविंद्र चौबे, पंचायत मंत्री

" छत्तीसगढ़ में हर वर्ग के हित में काम हो रहा है। लोगों के जीवन में बदलाव आया, आय बढ़ी।
-मोहन मरकाम

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेलने ये बातें कही

- 24 लाख 52 हजार किसानों के खाते में 1895 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए।
- जिले में 266 करोड़ रुपए के 264 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।
- राजीव गांधी किसान न्याय योजना का पैसा हम हर माह की एक तारीख को देते रहे हैं, लेकिन आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को खड़गे जी के हाथ से आपके खाते में ट्रांसफर किए गए।
- हमने पिछले 5 साल में 20 लाख अतिरिक्त राशनकार्ड बनवाए, 73 लाख लोगों को चावल, नमक मुफ्त दे रहे।
- बिजली बिल हाफ योजना का लाभ सबको मिल रहा है। 83 लाख परिवारों को 60 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि सब्सिडी के रूप में दे रहे हैं।
- गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को करोड़ों रुपए, बेरोजगारी भत्ते में 147 करोड़ रुपए हमने पांच माह में दिए।

### कांग्रेस जो भी काम करती है दिल से करती है: खड़गे

मोदी जी महिलाओं को आरक्षण आज नहीं दे रहे हैं। 2024 को नहीं दे रहे, 2029 को नहीं दे रहे, 2034 को देंगे। तब तक न वो रहेंगे और न हम। राजीव गांधी के कार्यकाल में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लाया गया था तो भी बीजेपी ने विरोध किया। बीजेपी चाहती तो ये भी लागू कर सकती है। लेकिन उसके पास इच्छा शक्ति नहीं। कांग्रेस जो भी काम करती है दिल से करती है। लोगों के लिए करती है। खड़गे बोले कांग्रेस नेताओं के जहां दौरे होते हैं, वहां ईडी और आईटी के छापे पड़ते हैं। आप सभी लोगों को 2024 में भाजपा को सबक सिखाना ही होगा। भाजपा के लोगों को कांग्रेस नेताओं की सब जानकारी होती है। कौन, कहां पर है। किसना कहां दौरा होने वाला है।

### लोगों को 15 लाख अब तक नहीं मिला

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा मोदी जी ने कहा था कि लोगों को 15 लाख रुपए मिलेंगे, जो अब तक नहीं मिला, किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, ये सब एक जुमला था। बीजेपी के लोग हाथी के हाथ के जैसे, दिखाने के और खाने के और।

### राहुल ने देश को जोड़ने का काम किया

खड़गे बोले राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल यात्रा कर देश को जोड़ने का काम किया। भाजपा के लोग सिर्फ भेदभाव करने का काम करते हैं। देश के 5 प्रतिशत लोगों के पास 65 फीसदी संपत्ति, 50 प्रतिशत लोगों के पास सिर्फ 3 प्रतिशत संपत्ति है।

### बीजेपी दूसरा संविधान लागू करना चाहती है

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी के लोग संविधान को खत्म कर दूसरा संविधान लाना चाह रहे। भाजपा अपने विचारों को दूसरों पर थोपना चाहती है। इतिहास में सम्मान वही पाते हैं, जो गरीबों के लिए लड़ते हैं। लेकिन जो गरीबों को खत्म करने की बात करते हैं, वो खत्म हो जाते हैं।

### कांग्रेस की नकल करती है भाजपा

मिनी माता पहली महिला लोकसभा सांसद बनीं, पहली महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरोजनी नायडू कांग्रेस की थी?, प्रतिभा पाटिल को राष्ट्रपति बनाया। भाजपा के लोग सिर्फ कांग्रेस की नकल करते हैं। देश में जहां भी बड़े काम होते हैं, वहां राष्ट्रपति को शामिल नहीं करते, सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी जाते हैं। नई संसद भवन की नींव रखते समय भी अनदेखी की गई।

# एमएस स्वामीनाथन का निधन

## 60 के दशक में अकाल के दौरान गेहूं के हाई क्वालिटी बीज डेवलप किए थे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में 'हरित क्रांति' के जनक एमएस स्वामीनाथन का 98 साल की उम्र में गुरुवार 28 सितंबर की सुबह चेन्नई में निधन हो गया। स्वामीनाथन लंबे समय से बीमार थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीना और तीन बेटियां सौम्या, मधुरा और नित्या हैं। 7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में जन्मे स्वामीनाथन का पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन था। वे पौधों के जेनेटिक साइंटिस्ट थे। उन्होंने 1966 में मेक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ हाइब्रिड करके हाई क्वालिटी वाले गेहूं के बीज डेवलप किए थे। स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए फूड सेफ्टी सुनिश्चित की। स्वामीनाथन की बेटी सौम्या ने निधन की पुष्टि करते हुए कहा- वे लंबे समय से बीमार थे। गुरुवार 28 सितंबर को उन्होंने चेन्नई में अपने घर पर आखिरी सांस ली। वे जीवन के आखिर तक किसानों के कल्याण और समाज के गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध थे।

### धान और गेहूं की उच्च पैदावार वाले बीज डेवलप किए

स्वामीनाथन जूलॉजी और एग्रीकल्चर दोनों से ग्रेजुएट थे। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को डेवलप करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा फसल पैदा करें। इसके अलावा 1960 के अकाल के दौरान स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे कई वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म के बीज भी डेवलप किए थे।

### पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित

स्वामीनाथन को 1971 में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें 1967 में पद्मश्री, 1972 में पद्मभूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में 1972 से 1979 तक और अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में 1982 से 88 तक महानिदेशक रहे।

# लोकसभा में गाली देने वाले बिधूड़ी टोंक के चुनाव प्रभारी

* ये नफरत फैलाने का इनाम: सिब्बल
* महुआ ने कहा, यही है प्यार का प्रसार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी का संसद में अपशब्द देने का मामला अभी थमा नहीं है और बीजेपी ने बिधूड़ी को नई जिम्मेदारी दे दी। भाजपा ने बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक में चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बिधूड़ी की जिम्मेदारी जिले के भाजपा चुनाव प्रभारी के जैसी होगी। बिधूड़ी को नई जिम्मेदारी दिए जाने के साथ ही एक बार फिर राजनीति गरमा गई है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इसे बिधूड़ी को नफरत फैलाने को लेकर नया इनाम देना बताया है। उधर, महुआ मोइत्रा ने पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा कि क्या यही आपके प्यार का प्रसार है?

### कांग्रेस, सपा और टीएमसी ने विरोध जताया

सपा के समर्थन से राज्यसभा पहुंचे कपिल सिब्बल ने कहा- रमेश बिधूड़ी ने स्पेशल सेशन के दौरान सदन में वो शब्द बोले थे, जो नहीं बोले जाने चाहिए थे। अब बीजेपी ने बिधूड़ी को टोंक का इंचार्ज बना दिया। टोंक की मुस्लिम आबादी 29.25 प्रतिशत है। नफरत को राजनीतिक फायदे का प्रतीक माना जाता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ये सब इनका बकवास है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा- जिस व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस दिया गया हो, उसे नई जिम्मेदारी कैसे दी जा सकती है? नरेंद्र मोदी जी, अल्पसंख्यकों के लिए यही आपकी स्नेह यात्रा है, यही आपके प्यार का प्रसार है?

### देश की 8 राजनीतिक पार्टियों ने बिधूड़ी के बयान की निंदा की

बिधूड़ी के बयान की विपक्ष की 8 पार्टियों ने निंदा की है। इसमें कांग्रेस, डीएमके, एनसीपी, आरजेडी, आप, बीएसपी, बीआरएस और टीएमसी शामिल हैं। इनमें से चार पार्टी के नेताओं ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया कि बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा- संभावना है उन्हें भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बना दिया जाए। आज भारत में मुसलमानों के साथ वैसा ही सलूक हो रहा है, जैसा हिटलर के जर्मनी में यहूदियों के साथ किया जाता था।

# पंजाब में स्टूडेंट्स के खातों में 3 करोड़ ट्रांसफर

## पोर्टल में तकनीकी खराबी से 23 हजार अकाउंट में 2-3 बार पहुंची स्कॉलरशिप, वसूलने के आदेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पंजाब शिक्षा विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 23,700 स्टूडेंट्स के बैंक खाते में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति का पैसा दो से तीन बार गलती से ट्रांसफर कर दिया। जिसके बाद मुश्किल टीचरों के लिए खड़ी हो गई हैं। शिक्षा विभाग ने टीचरों को आदेश दिए हैं कि सभी स्टूडेंट्स की पासबुक की जांच की जाए और अतिरिक्त पैसे को दोबारा सरकारी खाते में जमा करवाया जाए। सहायक निदेशक (स्कॉलरशिप) द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार- भारत सरकार के सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली पोर्टल में तकनीकी खराबी आई, जिसके कारण 23,001 स्टूडेंट्स के खातों में गलती से दो बार



पैसे ट्रांसफर हो गए। वहीं 694 के करीब स्टूडेंट्स के खातों में तीन गुना राशि गलती से डाल दी गई। प्रत्येक लाभार्थी को 3500 रुपए दिए जाने थे, जिसमें राज्य सरकार के हिस्से के रूप में 1400 रुपए और केंद्र के हिस्से के रूप में 2,100 रुपए शामिल थे। राज्य को अपने हिस्से से 3.41 करोड़ रुपए से अधिक की अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ा। स्कूल प्रमुखों को पासबुक में 1,400 रुपए की दोहरी और तिगुनी एंट्री की जांच करने के लिए कहा गया है।

### 20 अक्टूबर तक पैसा वापस जमा करवाने को कहा

आदेश में आगे कहा गया है कि जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी स्कूल प्रिंसिपल छात्रों से अतिरिक्त राशि की वसूली करें और इसे 20 अक्टूबर तक वापस जमा करें। शिक्षकों को प्रत्येक लाभार्थी की बैंक पासबुक की भी जांच करनी होगी और यदि ऐसा है तो वसूली सुनिश्चित करनी होगी। छात्रवृत्ति राशि की दोहरी या तिगुनी एंट्री को दर्शाता है। लाभार्थियों में अधिकतर 10वीं कक्षा के छात्र थे, और उनमें से अधिकांश ने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्कूल बदल लिया और कुछ राज्य से बाहर भी चले गए।

### कई स्टूडेंट्स छोड़ चुके हैं स्कूल

एक टीचर ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उसके स्कूल की सूची में 13 स्टूडेंट्स में से नौ ने स्कूल छोड़ दिया है। अब उनका पता लगाने के लिए कहा गया है, जो आसान नहीं है। एक अन्य बच्चे के माता-पिता, जो मजदूर हैं, कपास चुनने के मौसम के लिए दूसरे राज्य में चले गए हैं और अगले महीने ही वापस आएंगे।

# ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023

## भारत की 40वीं रैंक बरकरार, जीआईआई में तेजी से आगे बढ़ रहा देश



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जिनेवा आधारित विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2023 रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से अपनी 40वीं रैंक बरकरार रखी है। सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि भारत पिछले कई वर्षों से जीआईआई में तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2015 में 81वें स्थान से इस साल 40वें स्थान पर आ गया है। इसमें कहा गया है कि जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार विशाल ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत काम के कारण है। बयान के अनुसार, जीआईआई दुनियाभर की सरकारों के लिए अपने संबंधित देशों में नवाचार के नेतृत्व वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय उपकरण है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीति उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है।

### पीएम ने भी किया था जिक्र

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष बेंगलुरु में भी भारत की रैंक का जिक्र किया था। उन्होंने एक टेक समिट का उद्घाटन करते हुए कहा था कि ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 2022 में भारत 40 वें स्थान पर पहुंच गया है। 2015 में यह 81 वें स्थान पर था। यह कामयाबी भारतीय प्रतिभा के दम पर मिली है। उन्होंने कहा था कि बेंगलुरु भारत के इनोवेशन इंडेक्स में नंबर 1 है और देश में यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की संख्या दोगुनी हो गई है। यह भारतीय प्रतिभा के दम पर संभव हो सका है।

# संसद में नाजी सैनिक के सम्मान पर ट्रूडो की माफी

* ट्रूडो ने बताया कि कनाडा ने जेलेंस्की और यूक्रेन से भी माफी मांगने के लिए कॉन्टैक्ट किया है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कनाडा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गुरुवार को अपनी संसद में नाजी सैनिक के सम्मान पर ऑफिशियली माफी मांगी है। इस दौरान उन्होंने पूरा मामले का इल्जाम स्पीकर पर डाल दिया। ट्रूडो ने कहा- इस शख्स को संसद में आने का न्योता देने और फिर उसके सम्मान के लिए सिर्फ स्पीकर जिम्मेदार थे और उन्होंने अपनी गलती मानी है। वो अपना पद भी छोड़ चुके हैं। ट्रूडो ने बताया कि कनाडा ने जेलेंस्की और यूक्रेन से भी माफी मांगने के लिए कॉन्टैक्ट किया है। उन्होंने कहा- मैं इस संसद में मौजूद सभी लोगों की तरफ से माफी मांगता हूं। उस दिन नाजी सैनिक का



सम्मान करना एक बड़ी गलती थी, जो हम सबसे अनजाने में हुई। ये कनाडा और संसद के लिए शर्मिंदगी की बात है।

### नाजियों के जनसंहार में लाखों यहूदियों ने जान गंवाई

ट्रूडो ने कहा- लाखों लोगों ने नाजी शासन की वजह से दर्द झेला है। ये उन सब लोगों की मेमोरी को चोट पहुंचाने जैसा था। कनाडा को इसका खेद है। नाजियों ने जनसंहार में यहूदियों सहित कई दूसरे लोगों को टारगेट किया था। ये बहुत भयानक था।

### विपक्ष बोला, ट्रूडो हमेशा दूसरों पर इल्जाम डालते हैं

दूसरी तरफ, कनाडा में विपक्षी पार्टी के नेता पियरे पॉलीवर ट्रूडो की जमकर आलोचना कर रहे हैं। ट्रूडो के माफी मांगने से पहले पॉलीवर ने कहा था- ये कनाडा के इतिहास में डिप्लोमैटिक लेवल पर सबसे ज्यादा शर्मिंदगी की बात है। ट्रूडो हमेशा किसी और पर इल्जाम लगाते हैं, लेकिन सच ये है कि ताकत के साथ जिम्मेदारी साथ आती है।

### कनाडाई स्पीकर ने माफी मांगी, इस्तीफा दिया

करीब 3 दिन पहले कनाडा की संसद के स्पीकर ने नाजी सैनिक के सम्मान के लिए माफी मांगी थी। इसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। स्पीकर एंथनी रोटा ने कहा था- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की स्पीच के बाद मैंने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के एक बुजुर्ग सैनिक को देखा। इसके बाद उन्हें वॉर हीरो की तरह इंट्रोड्यूस कर दिया। बाद में जब मुझे उनसे जुड़ी जानकारी मिली तो अब मुझे अपने निर्णय पर पछतावा हो रहा है। मैं कनाडा में रह रहे यहूदी समुदाय के लोगों से माफी मांगता हूं।

### जेलेंस्की के सामने हुआ था नाजी सैनिक का सम्मान

दरअसल, 24 सितंबर को स्पीकर एंथनी रोटा ने संसद में 98 साल के यारोस्लाव हुंका को वॉर हीरो बताया था। इसके बाद मौजूदा सांसदों ने हुंका को 2 बार स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी संसद में मौजूद थे। दरअसल, नाजियों (एडोल्फ हिटलर की सेना) ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान 11 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसमें ज्यादातर यहूदी थे।

### रूस ने कहा था, ये बेहद अपमानजनक है

इससे पहले रूस ने नाजी सैनिक के सम्मान होने पर नाराजगी जताई थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा था- ये बेहद अपमानजनक था कि जिस यूक्रेनी ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हिटलर की सेना के साथ मिलकर काम किया था, उसका सम्मान किया गया। इतनी बड़ी बात भूल जाना अपमान की बात है। पेस्कोव ने कहा था- कनाडा सहित कई पश्चिमी देशों में एक ऐसी जनरेशन आ रही है, जिसे ये पता ही नहीं है कि दूसरे विश्व युद्ध में कौन किसके खिलाफ लड़ रहा था और उसमें क्या हुआ था। ये पूरा मामला इस बात का सबूत है कि यूक्रेन में रूस का मिलिट्री ऑपरेशन देशों को नाजियों से छुटकारा दिलाने के मकसद से चल रहा है। दरअसल, यूक्रेन से जंग की शुरुआत से लेकर रूस दावा करता आ रहा है कि वो नाजियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं।

# 'अफस्पा बढ़ाना संकट का समाधान नहीं'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर के अधिकांश हिस्सों में अफस्पा बढ़ाए जाने के एक दिन बाद, अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने कहा कि ÷दमनकारी कानून÷ संघर्ष का राज्य में समाधान नहीं है। प्रदेश में आयरन लेडी के नाम से मशहूर शर्मिला ने गुरुवार को एक टेलीफोनिक साक्षात्कार में न्यूज एजेंसी से कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को समान नागरिक संहिता जैसे प्रस्तावों के माध्यम से एकरूपता के लिए काम करने के बजाय विविधता का सम्मान करना चाहिए। इंफाल घाटी के 19 पुलिस थाना क्षेत्रों और पड़ोसी असम के साथ अपनी सीमा साझा करने वाले क्षेत्र को छोड़कर, बुधवार को मणिपुर में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम या एएफएसपीए को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि अफस्पा का विस्तार राज्य में समस्याओं या जातीय हिंसा का समाधान नहीं है। केंद्र और मणिपुर सरकार को क्षेत्र की विविधता का सम्मान करना होगा। शर्मिला ने आगे कहा कि विभिन्न जातीय समूहों के मूल्यों, सिद्धांतों और प्रथाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। भारत अपनी विविधता के लिए जाना जाता है, लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा समान नागरिक संहिता जैसे प्रस्तावों के माध्यम से एकरूपता बनाने में अधिक रुचि रखते हैं।

### पीएम पर साधा निशाना

शर्मिला ने सवाल उठाया कि मई में हिंसा भड़कने के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी मणिपुर का दौरा क्यों नहीं कर सके। उन्होंने दवा किया कि अगर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य का दौरा किया होता और लोगों से बात की होती, तो अब तक समस्याएं हल हो गई होतीं।

# शिक्षक भर्ती घोटाला: टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी को ईडी का समन, तीन अक्तूबर को होगी पूछताछ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

टीएमसी सांसद और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ईडी ने उन्हें शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में तीन अक्तूबर को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया है। इससे पहले, 13 सितंबर को साल्टलेक में ईडी कार्यालय में अभिषेक से नौ घंटे तक लंबी पूछताछ की गई थी। ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद, उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि उन्हें ईडी ने विपक्षी दलों की बैठक में



जाने से रोकने के लिए यह दिन चुना है। अभिषेक ने आरोप लगाया था कि ईडी और सीबीआई पिक एंड चूज के आधार पर मामलों को आगे बढ़ा रही हैं।

# पंजाब में कांग्रेस एमएलए सुखपाल खैहरा अरेस्ट

## जलालाबाद लेकर पहुंची पुलिस, कांग्रेसियों का प्रदर्शन, 8 साल पुराने ड्रग तस्करी केस में चंडीगढ़ से पकड़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमृतसर

पंजाब में कपूरथला के भुलत्थ से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा को गुरुवार सुबह साढ़े 5 बजे चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जलालाबाद पुलिस उनके चंडीगढ़ सेक्टर 5 स्थित निवास स्थान पर पहुंची। गिरफ्तारी के बाद उन्हें लेकर पुलिस जलालाबाद पहुंच गई है। उनका मेडिकल कराया गया है। थोड़ी देर में उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस वर्करों ने वहां नारेबाजी भी की। वहीं गिरफ्तारी के बाद अब कांग्रेस प्रदेश प्रधान सहित अन्य नेता भी समर्थन में आ गए हैं। पंजाब कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग ने इसे जंगलराज करार दिया। वहीं पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि सरकार हमेशा नहीं रहती। पुलिस का कहना है कि उनके खिलाफ ड्रग तस्करी का एक पुराना मामला था, जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्हें अरेस्ट किया गया। जानकारी के मुताबिक, सुखपाल खैहरा को 2015 के एक पुराने ड्रग केस मामले में जांच चल रही थी।

### भगवंत मान खून के प्यासे हो गए हैं: खैहरा

जलालाबाद कोर्ट में रिमांड के लिए लाए गए कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा, भगवंत मान खून के प्यासे हो गए हैं। अगर वह मुझे शारीरिक रूप से भी खत्म कर (मार) दें तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। मुझे कुछ बहुत खतरनाक लग रहा है। केंद्र में आप पार्टी कांग्रेस के साथ गठजोड़ का दबाव बना रही है। लेकिन भगवंत मान पंजाब में कांग्रेस को अपोजीशन के तौर पर बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)